



पीएम नरेंद्र मोदी ने देशनोक से देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया और बीकानेर-बांद्रा ट्रेन को हरी झंडी दिखाई, जिन स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन किया, उनमें मप्र के 6 और छग के 5 स्टेशन

बीकानेर में पीएम मोदी ने साफ कह दिया-भारत और पाकिस्तान के बीच कोई बातचीत नहीं होगी

# मेरी नसों में अब गरम लहू नहीं, 'सिंदूर' बह रहा, हर आतंकी हमले की पाक को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी



एजेंसी ▶▶ बीकानेर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर जिले के दौरे पर रहे। पाकिस्तान पर भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह उनका पहला राजस्थान दौरा रहा। इस दौरान उन्होंने 26 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी। साथ ही देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। इन सभी रेलवे स्टेशनों को 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत पुनर्विकसित किया गया था।

अपने दौरे के दौरान पीएम मोदी ने सभा को भी संबोधित किया। उन्होंने आतंकवादी देश पाकिस्तान पर भी तगड़ा प्रहार किया। पीएम मोदी ने कहा कि मेरी नसों में अब गरम लहू नहीं, सिंदूर बह रहा है। हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान को भारत के पानी का हक नहीं मिलेगा, यह हमारा संकल्प है। कोई भी ताकत इस संकल्प को रोक नहीं सकती। भारत ने पूरी दुनिया में पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए सात अलग-अलग प्रतिनिधिमंडल भेजे हैं।

पीएम ने कहा कि जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें हमने मिट्टी में मिला दिया है। जो हिंदुस्तान का लहू बहाते थे, आज उनसे एक-एक कतरे का हिसाब चुकाया गया है। जो सोचते थे कि भारत चुप रहेगा, आज वे अपने घरों में दुबके बैठे हैं। जो अपने हथियारों पर घमंड करते थे, आज वे मलबे के ढेर में दबे पड़े हैं।

◆ अब अगर, भारत पाकिस्तान से बात करेगा तो वह सिर्फ पीओके पर ही करेगा। पानी नहीं दिया जाएगा, व्यापार नहीं होगा



1 ओरछा

### सिंदूर बारूद बनाता है तो क्या होता है

पीएम मोदी ने पाकिस्तान पर प्रहार करते हुए कहा- हमने 22 मिनट में आतंकियों के नौ सबसे बड़े ठिकाने नष्ट कर दिए। जब सिंदूर बारूद बन जाता है, तो उसका नतीजा क्या होता है, यह पाकिस्तान को बता दिया गया है। यह संयोग ही है कि पांच साल पहले जब बालाकोट में एयर स्ट्राइक हुई थी, तब मेरी पहली जनसभा राजस्थान में हुई थी। यह वीर भूमि का प्रभाव ही है कि ऐसा संयोग फिर बना है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब मेरी पहली जनसभा बीकानेर में हो रही है।

## पीएम मोदी ने नर्मदापुरम, कटनी, ओरछा, सिवनी, शाजापुर और श्रीधाम अमृत स्टेशनों का वर्चुअल लोकार्पण किया

## देश के विकास का 'प्रवेश द्वार' सिद्ध होंगे अमृत स्टेशनः मुख्यमंत्री यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जिल अमृत रेल्वे स्टेशनों का लोकार्पण किया है वे देश के 'विकास का प्रवेश द्वार' सिद्ध होंगे। यह पहल प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता और विकसित भारत की परिकल्पना का एक और जीवंत प्रमाण है। उन्होंने राजस्थान के बीकानेर से प्रदेश के नर्मदापुरम, कटनी, ओरछा, सिवनी, शाजापुर और श्रीधाम अमृत स्टेशनों का वर्चुअल लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नर्मदापुरम रेल्वे स्टेशन के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए।

अब मध्यप्रदेश में भी बनाए जाएंगे आधुनिक रेल कोच




### औद्योगिक गतिविधियों के साथ बढ़ेगा पर्यटन

डॉ. यादव ने कहा है कि रेल्वे के विकास से नर्मदापुरम में औद्योगिक गतिविधियों के साथ-साथ पर्यटन भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में नर्मदापुरम, बुधनी, इटारसी, सोहागपुर एक महानगर का आकार लेंगे। राज्य सरकार ने नर्मदापुरम जिले में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव कराई, यहां सोलर उपकरण निर्माण की यूनिट स्थापित होगी। राज्य सरकार उद्योग स्थापित करने के साथ विरासत के संरक्षण और पर्यटन को भी बढ़ावा दे रही है।

2 नर्मदापुरम



3 शाजापुर



4 श्रीधाम




5 कटनी



6 सिवनी











## खबर संक्षेप

### पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**चंडीगढ़।** हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। चीफ जस्टिस को मेल के जरिए धमकी मिली है। इसके बाद हाईकोर्ट खाली करवा दिया गया। वहीं, चंडीगढ़ के एलांते मॉल में बम की सूचना से हड़कंप मच गया। मौके पर आपरेशन सेल, बम डिटेक्शन टीम पहुंची। यह मॉक ड्रिल थी।



### मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस होंगे संजीव सचदेवा

**भोपाल।** मप्र हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा को हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। वे चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत की जगह की पदभार ग्रहण करेंगे। केंद्र सरकार के विधि एवं न्याय विभाग द्वारा अधिसूचना जारी की गई।



बजरंग दल का आरोप- ये लव जिहाद के नेटवर्क में शामिल, 150 से ज्यादा हिंदू युवतियों को फुसलाया

# इंदौर की शूटिंग अकादमी में छेड़छाड़ केस में कोच मोहसिन खान गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

यहां ड्रीम ओलंपिक शूटिंग अकादमी में एक नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ और यौन शोषण का गंभीर मामला सामने आया है। अकादमी के कोच मोहसिन खान पर आरोप है कि उसने शूटिंग ट्रेनिंग के बहाने इस छात्रा के साथ छेड़छाड़ की और उसे धमकाया। पुलिस ने तमाम धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी मोहसिन खान को गिरफ्तार कर लिया है। बजरंग दल ने इसे लव जिहाद का नेटवर्क बताते हुए दावा किया है कि मोहसिन ने 150 से अधिक हिंदू युवतियों को अपने जाल में फंसाया और उनके साथ आपत्तिजनक हरकतें कीं। पीड़िता मल्हारगंज इंदौर की निवासी है। उसने अपने भाई के साथ अन्नपूर्णा थाने में शिकायत दर्ज कराई।

• पुलिस जांच में मोहसिन खान के मोबाइल से 10 से अधिक हिंदू युवतियों के आपत्तिजनक वीडियो और 150 से अधिक युवतियों के साथ अश्लील चैट मिले।

अन्य युवतियों ने भी बजरंग दल से संपर्क किया है और जल्द ही अतिरिक्त एफआईआर दर्ज कराई जाएंगी



पुलिस ने मोहसिन खान के खिलाफ तमाम धाराओं में मामला दर्ज किया

### राइफल पकड़ना सिखाने के बहाने बैड टच किया

बताया कि छात्रा 2021 से नवंबर 2023 तक ड्रीम ओलंपिक शूटिंग अकादमी में राइफल शूटिंग की प्रैक्टिस करती थी। 8 नवंबर 2023 को प्रैक्टिस के दौरान कोच मोहसिन खान ने राइफल पकड़ने का बहाना बनाकर उसके साथ अश्लील हरकत (बैड टच) की। जब पीड़िता ने विरोध किया और उसे धक्का दिया।

### लव जिहाद नेटवर्क में मोहसिन के दो भाई भी शामिल बजरंग दल का दावा

पुलिस जांच में मोहसिन खान के मोबाइल से 10 से अधिक हिंदू युवतियों के आपत्तिजनक वीडियो और 150 से अधिक युवतियों के साथ अश्लील चैट मिले। बजरंग दल के रामेश्वरम मंडल के जिला मंत्री अनिल पाटिल ने बताया कि मोहसिन ने अकादमी के निचले फ्लोर पर हिंदू छात्राओं को बुलाकर उनके साथ छेड़छाड़ की और वीडियो बनाए। उन्होंने दावा किया कि मोहसिन ने पिछले 10 सालों से लव जिहाद' का नेटवर्क फैलाया, जिसमें उसके दो भाई भी शामिल हैं। पाटिल ने कहा कि मोहसिन इंदौर से बाहर रहने वाली युवतियों को भी फोन कर परेशान करता था। अनिल पाटिल ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर मोहसिन को पकड़ा गया। अन्य युवतियों ने भी बजरंग दल से संपर्क किया है और जल्द ही अतिरिक्त एफआईआर दर्ज कराई जाएंगी।

## उधर, लव जिहाद पर उज्जैन में हिंदू समाज का फूटा आक्रोश

## उज्जैन-आगर हाईवे किया जाम, कहा- 11 आरोपियों के घर तोड़ो

**उज्जैन।** उज्जैन लव जिहाद केस में गिरफ्तार 11 आरोपियों के घर तोड़ने की मांग की जा रही है। इसे लेकर ग्रामीण सकल हिंदू समाज के साथ मिलकर कई दिनों से अलग-अलग तरीके से प्रदर्शन किया। उज्जैन-झालावाड़ नेशनल हाईवे पर हुए चक्काजाम के दौरान वाहनों की लंबी कतार लगी रही। उज्जैन के बिछड़ौद में घटित हुई लव जिहाद और नाबालिगों के शोषण कांड को लेकर हिंदू समाज का आक्रोश अब सड़कों पर आ चुका है। हिंदू समाज की स्पष्ट मांग है कि सभी आरोपियों के मकानों के अवैध निर्माण तत्काल ध्वस्त किए जाएं। जब तक यह कार्रवाई नहीं होती, नगर बंद और हाईवे जाम जैसी सख्त चेतावनियां दी गई हैं।



दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर अश्लील हरकत

# मंदसौर जिला पंचायत सदस्य के पति महिला संग आपत्तिजनक हालत में दिखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

मंदसौर में भाजपा नेता मनोहर धाकड़ का एक कथित अश्लील वीडियो सामने आया है। वीडियो में वह दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर एक महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में दिख रहे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने वीडियो की जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कही है। जानकारी के मुताबिक मंदसौर के बनी गांव के रहने वाले मनोहर धाकड़ की पत्नी वार्ड क्रमांक-8 से जिला पंचायत सदस्य हैं। 13 मई की रात के इस वीडियो में मनोहर धाकड़ दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर खड़ी सफेद बलेनो कार (एमपी-14सीसी 4782) में एक महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में दिख रहे हैं। 8 लेन एक्सप्रेस वे पर लगे हाई सिक्योरिटी कैमरे में पूरी घटना कैद हुई है।

■ पूरी हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद



### डीआईजी बोले-ऐसा कृत्य निंदनीय

*रतलाम रेंज के डीआईजी मनोज सिंह ने कहा कि एक वीडियो वायरल हो रहा है जो संभवतः 8 लेन का है। यह सड़क अभी नई बनी है, किसी भी सार्वजनिक स्थान पर इस तरह का कृत्य निंदनीय है। हो सकता है आगे जाकर मामला सीरियस हो जाए।*

पहले घर में मारा, फिर थाने के लॉकअप में डंडों व लात-घूंसों से पीटा

मेडिकल कॉलेज में भर्ती है घायल चिकित्सक

# डॉक्टर की हड्डी तोड़ने वाले छह पुलिसकर्मियों पर 'एफआईआर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहडोल

शहडोल जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत होमगार्ड ग्राउंड के पास रहने वाले सरकारी चिकित्सक के साथ मारपीट के आरोप में छह पुलिस कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

मामले में घायल चिकित्सक कृष्णेंद्र द्विवेदी की पत्नी रत्नमाला मिश्रा ने घटना की शिकायत सोहागपुर थाना में दर्ज कराई गई थी। इसके बाद एएसआई शुभवंत चतुर्वेदी, सिद्धार्थ रायकवार, हरेंद्र सिंह तथा पवन सिंह परिहार व दो अन्य समेत कुल छह पुलिसकर्मियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2) , 127 (1) तथा 3(5) के तहत सोहागपुर थाना में मामला दर्ज किया गया है। उक्त आरोपी सभी पुलिसकर्मी इसी थाना में पदस्थ हैं। ज्ञात हो कि बीते 16-17 मई की दरमियानी रात्रि शासकीय जिला चिकित्सालय में पदस्थ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कृष्णेंद्र द्विवेदी के साथ सोहागपुर थाना में पदस्थ एएसआई सुखवंत चतुर्वेदी, प्रधान आरक्षक हरेंद्र सिंह द्वारा पहले उनके घर होमगार्ड ग्राउंड के पास जमकर मारपीट की गई थी।



इसके बाद डॉक्टर को पुलिस वाहन में जबरन बैठाकर सोहागपुर थाना ले जाया गया था, जहां एएसआई सुखवंत चतुर्वेदी, प्रधान आरक्षक हरेंद्र सिंह समेत उक्त आधा दर्जन पुलिस कर्मियों ने डॉक्टर द्विवेदी को लॉकअप में बंद करके डंडे एवं लात घूंसों से जमकर पिटाई की थी। पुलिस की पिटाई के कारण उनकी रीढ़ की हड्डी दो जगह से टूट गई है।

## मेट्रोपॉलिटन

**उपलब्धि** पांच शहरों में मिलेगी मेट्रोपॉलिटन अथॉरिटी की सौगात

# भोपाल, इंदौर मेट्रोपॉलिटिन एरिया से विकास होगा, बुनियादी सुविधाएं बढ़ेंगी और रोजगार की खुलेंगी अनंत संभावनाएं



भोपाल

मप्र की कैबिनेट ने 20 मई को मप्र मेट्रोपॉलिटन नियोजन एवं विकास अधिनियम 2025 (एक्ट) को मंजूरी दे दी है। इसके तहत इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन में मेट्रोपॉलिटन अथॉरिटी बनाई जाएगी। पहले चरण में प्रदेश के दो सबसे बड़े शहरी क्षेत्र भोपाल और इंदौर को मेट्रोपॉलिटन रीजन के रूप में विकसित करने की शुरुआत होगी। भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन में 9600 वर्ग किमी और इंदौर रीजन में करीब 10 हजार वर्ग किमी क्षेत्र शामिल होगा। दोनों क्षेत्रों के लिए मेट्रोपॉलिटन प्लानिंग कमेटी (एमपीसी) व मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमआरडीए) का गठन गया। इंदौर और भोपाल दोनों शहरों का विकास तेजी से हो रहा है। सबसे अहम बात ये है कि दोनों शहरों के आसपास शहरीकरण की रफ्तार बाकी शहरों से कहीं ज्यादा है। जैसे-जैसे शहर का दायरा बढ़ रहा है उसके हिसाब से प्लान जरूरी है। शहरी और ग्रामीण विकास के लिए एकीकृत और समन्वित प्रयासों की जरूरत है।

साथ ही विकास की क्षमताओं के आधार पर भूमि उपयोग का निर्धारण करने और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों और शहरों के एकीकृत विकास की जरूरत है। इंदौर मेट्रोपॉलिटन एरिया में पांच जिले इंदौर, देवास, उज्जैन, धार और शाजापुर को शामिल किया गया है।

**इंदौर-भोपाल** का 19600 वर्ग किमी का एरिया होगा डेवलप | **इंदौर रीजन** में करीब 10 हजार वर्ग किमी क्षेत्र शामिल होगा | **भोपाल** मेट्रोपॉलिटन रीजन में 9600 वर्ग किमी

- इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन में 5 जिले होंगे
- इंदौर, देवास, उज्जैन, धार और शाजापुर
- भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन में 5 जिले होंगे
- भोपाल,सीहोर,रायसे, विदिशा और राजगढ़ (ब्यावरा)



## 14 माह में सर्वे : फिर डेवलपमेंट एंड इंवेस्टमेंट प्लान बनेगा



कुल क्षेत्रफल करीब 9 हजार वर्ग किमी का है। इस एरिया की आबादी 55 लाख के करीब होगी, मगर 75 लाख की आबादी को ध्यान में रखकर रीजन विकसित किया जाएगा। इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) को नोडल एजेंसी बनाया है। भोपाल मेट्रोपॉलिटन एरिया में भोपाल- सीहोर- रायसेन- विदिशा और राजगढ़ जिले के ब्यावरा को शामिल किया गया है। भोपाल विकास प्राधिकरण को मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलप करने के लिए नोडल एजेंसी बनाया गया है। इन पांचों जिलों को मिलाकर भोपाल रीजन का कुल क्षेत्रफल 9600 वर्ग किमी होगा। 14 माह में इन जिलों का सर्वे कर रीजनल डेवलपमेंट एंड इंवेस्टमेंट प्लान बनेगा। भोपाल रीजन दक्षिण में औबेदुल्लागंज और उत्तर में श्यामपुर व आष्टा तक हो जाएगा। अनुमान है कि भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन की कुल आबादी 35 लाख होगी। यह पूरा प्लान 60 लाख की संभावित आबादी के हिसाब से तैयार किया जा रहा है।

## औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा

इंदौर मेट्रोपॉलिटन के तेजी से हो रहे काम की वजह है सिंहस्थ 2028। दरअसल, इंदौर का जो एरिया तय हुआ है, उसमें दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (डीएमआईसी) को जोड़ा गया है। सरकार की कोशिश है कि इससे उद्योगों और व्यापार को नई गति मिल सके। इससे देवास, पीथमपुर, उज्जैन और बदनावर जैसे क्षेत्रों में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा।साथ ही इंदौर, देवास और अन्य शहरों को मजबूत सड़क, रेल और हवाई मार्गों से जोड़ा जाएगा ताकि सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सकेगी।

**चार चरणों में विकसित होगा मेट्रोपॉलिटन रीजन**

*मेट्रोपॉलिटन एरिया को 4 चरणों में डेवलप किया जाना है, जिसमें इंसेप्शन, सिचुएशन एनालिसिस, रीजनल एवं इन्वेस्टमेंट प्लान और डीपीआर शामिल है। इंदौर के संदर्भ में पहले चरण यानी इंसेप्शन का काम पूरा हो चुका है। मेट्रोपॉलिटन रीजन का कुल क्षेत्रफल, इसमें शामिल होने वाले जिले, तहसील और गांवों की संख्या तय हो चुकी है। अब सिचुएशन एनालिसिस का ड्राफ्ट तैयार होगा यानी इसमें शामिल जिलों की अलग-अलग तहसील, निकायों का डेटा, वहां की जनसंख्या, स्थापित उद्योग, क्षेत्र की विशेषता की स्टडी होगी। इसके बाद वहां की भौगोलिक, आर्थिक, धार्मिक-सामाजिक स्थिति का आकलन होगा। कहां कौन सी इंडस्ट्री है, किस तरह की जरूरतें हैं, इसका भी खाका तैयार होगा। इसके बाद रीजनल एवं इन्वेस्टमेंट प्लान बनेगा, जिसमें ये देखा जाएगा कि मेट्रोपॉलिटन एरिया का समान रूप से विकास हो सके। इसके बाद डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट जारी की जाएगी। कैबिनेट से मंजूरी के बाद एक्ट का बिल जुलाई में संभावित मानसून सत्र में पेश होगा। इंजीनियरिंग, लागत अनुमान और वर्क प्लान की डीपीआर के लिए 2 जून को टेंडर निकलेगा।*

## प्रदेश के जिन क्षेत्रों की आबादी 10 लाख या उससे ज्यादा होगी, उसे मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र बनाकर विकसित किया जाएगा

## भोपाल-इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन के लिए सरकार ने तय की गाइडलाइन



> मध्यप्रदेश के जिन क्षेत्रों की आबादी 10 लाख या उससे ज्यादा होगी, उन्हें ही मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र बनाकर विकसित किया जाएगा। हालांकि आबादी ही काफी नहीं है। ऐसे क्षेत्रों का दायरा एक से ज्यादा जिलों तक होना चाहिए।

भोपाल।

मध्यप्रदेश के जिन क्षेत्रों की आबादी 10 लाख या उससे ज्यादा होगी, उन्हें ही मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र बनाकर विकसित किया जाएगा। हालांकि आबादी ही काफी नही है। ऐसे क्षेत्रों का दायरा एक से ज्यादा जिलों तक होना चाहिए। क्षेत्र में कम से कम दो या दो से ज्यादा नगर पालिका, पंचायतें या अन्य क्षेत्र शामिल होने चाहिए। इन क्षेत्रों के विकास के लिए कम से कम 15 वर्षीय कार्ययोजना बनेगी। योजना तैयार करने का काम मेट्रोपॉलिटन योजना समिति (एमपीसी) करेगी।

**ये करेंगे काम**

- *नगर विकास प्राधिकरण सीमाओं के बाहर शेष क्षेत्र में नियोजन व विकास के काम मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमआरडीए ) के जरिए किए जाएंगे।*
- *ऐसे प्रोजेक्ट जो एक से अधिक विकास प्राधिकरण की सीमा क्षेत्र में विकसित किया जाना प्रस्तावित हो, विकास कार्य एमआरडीएद्वारा किए जाएंगे।*
- *मेट्रोपॉलिटन योजना समिति में नगर पालिकाओं, पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधि होंगे। इसके अलावा एमआरडीए के प्रतिनिधि।*

**भोपाल मेट्रोपॉलिटनः** इसमें भोपाल, सीहोर, रायसेन, विदिशा, ब्यावरा (राजगढ़) के विकास का खाका।

## भोपाल-इंदौर बनेगा मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र जुड़ेंगे 5-5 शहर, मिलेगा खूब फायदा

भोपाल

प्रदेश के दो प्रमुख शहर भोपाल और इंदौर के समग्र विकास की पटकथा तैयार हो गई। दिल्ली और हैदराबद की तरह दोनों शहरों को मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने नगरीय विकास विभाग ने एक्ट का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। प्रदेश के दो प्रमुख शहर भोपाल और इंदौर के समग्र विकास की पटकथा तैयार हो गई। दिल्ली और हैदराबद की तरह दोनों शहरों को मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने नगरीय विकास विभाग ने एक्ट का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। शनिवार को सीएम डॉ. मोहन यादव के सामने इसका प्रजेंटेशन भी दिया, जो पास हो गया।

अब इसे इंदौर में राजबाड़ा में 20 मई को हुई मोहन कैबिनेट की बैठक में इसे स्वीकृती दी गई है इसके साथ ही दोनों मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र की गठन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इससे भोपाल-इंदौर से जुड़ने वाले 5-5 छोटे शहरों में औद्योगिकीरण व शहरीकरण बढ़ेगा। रोजगार के विकल्प खुलेंगे। बता दें, मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विकसित करने के लिए कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं। सीएम ने 28 अप्रैल को बैठक में अफसरों को डेडलाइन तय कर आगे बढ़ने को कहा था। इसके बाद प्रक्रिया तेज हुई और एक्ट का ड्राफ्ट तकरीबन तय हो गया।



**ऐसी होगी सुविधाएं**

- छोटे शहरों के भोपाल और इंदौर जैसे बड़े शहरों में शामिल होने से विकास बढ़ेगा। सुविधाएं बढ़ेंगी।
- समग्र विकास योजनाएं बनेंगी। सड़क, एकीकृत परिवहन सुविधा, सुरक्षा तंत्र विकसित किए जाएंगे।
- उद्योगों के लिए जोन में बांट कर समग्र नीति के तहत काम होगा। जिलों की पंचायतें, जनपद, नगर परिषद में भी शहरीकरण।
- अस्पताल, स्कूल-कॉलेजों का विकास होगा। मेट्रो रेल जैसी सुविधाओं का विस्तार। भविष्य में इंदौर-भोपाल मेट्रोपॉलिटन में मुंबई मेट्रो जैसी सुविधाएं।

**12 राज्यों का अध्ययन करने के बाद मेट्रोपॉलिटन रीजन हो रहे विकसित**

# मप्र अब 13वां राज्य, जिसमें दो मेट्रोपॉलिटन रीजन-भोपाल और इंदौर बनेंगे

मेट्रो रीजन सीमा के बाहर की योजनाएं 'एरिया डेवलपमेंट प्लान' के तहत लागू होंगी। इन सभी राज्यों में बने मेट्रोपॉलिटन रीजन की स्टडी करने के बाद अफसरों ने इंदौर-भोपाल के लिए प्लान तैयार किया। अब मप्र 13वां राज्य होगा, जिसमें दो मेट्रोपॉलिटन रीजन भोपाल और इंदौर बनेंगे।



**ग्राउंड वाटर रिचार्ज, बाढ़ नियंत्रण बेहतर तरीके से होगा**

विकास योजनाओं में पर्यावरण संरक्षण की अनदेखी नहीं होगी। कैचमेंट एरिया, जल स्रोतों का संरक्षण, ग्राउंड वाटर रिचार्ज, बाढ़ नियंत्रण, खनिज संसाधनों का संरक्षण किया जाएगा। आर्कियोलोजिकल साइट्स और पर्यटन स्थलों के विकास के लिए विशेष योजनाएं तैयार की जाएंगी।

भोपाल

मप्र के अफसरों ने 12 राज्यों में बने मेट्रोपॉलिटन रीजन की स्टडी की। इनमें मुंबई, पुणे, नागपुर, सोनीपत, फरीदाबाद, पंचकुला, गुरुग्राम, हिसार, पटना, हैदराबाद, आंध्रप्रदेश का राजधानी क्षेत्र और विशाखापट्टनम, जम्मू व श्रीनगर, उप्र का राजधानी क्षेत्र, दिल्ली एनसीआर, चेन्नई, कोलकाता, बैंगलुरु और गुवाहाटी शामिल हैं।दोनों शहरों को मेट्रोपॉलिटन रीजन में डेवलप करने के लिए नए एक्ट को कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है। विधानसभा से एक्ट को मंजूरी मिलने के बाद महानगर विकास प्राधिकरण (मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी) का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री अथॉरिटी के अध्यक्ष होंगे। ये अथॉरिटी मेट्रोपोलिटन एरिया का प्लान तैयार करने के साथ इसके क्रियान्वयन में अहम भूमिका अदा करेगी। साथ ही महानगर योजना समिति (मेट्रोपॉलिटन प्लानिंग कमेटी) का भी गठन किया जाएगा। ये समिति मेट्रोपॉलिटन रीजन में आने वाले विभिन्न प्राधिकरण, नगरीय निकायों व जिला पंचायतों के मध्य अधोसंरचना विकास एवं नई विकास योजनाओं में समन्वय का काम करेगी। कमेटी अथॉरिटी लैंड बैंक बनाकर उसका प्रबंधन करेगी ताकि टाउनशिप और इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को जमीन उपलब्ध कराई जा सके। मेट्रो रीजन सीमा के बाहर की योजनाएं 'एरिया डेवलपमेंट प्लान' के तहत लागू होंगी। इन सभी राज्यों में बने मेट्रोपॉलिटन रीजन की स्टडी करने के बाद अफसरों ने इंदौर-भोपाल के लिए प्लान तैयार किया। अब मप्र 13वां राज्य होगा, जिसमें दो मेट्रोपॉलिटन रीजन भोपाल और इंदौर बनेंगे।

## उद्योग बढ़े और रोजगार की आएगी बाढ़

*भोपाल के मंडीदीप व अचारपुरा को जोड़कर नया औद्योगिक क्षेत्र तैयार होगा। इसी तरह इंदौर में पीथमपुर इंडस्ट्रियल एरिया को आसपास के क्षेत्रों से जोड़ा जाएगा। नई टाउनशिप, सड़कें, पुल, लॉजिस्टिक पार्क और अन्य बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएगी। स्वच्छता, सीवरेज, स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज जैसी सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा। टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, फार्मा और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। उद्योग और परिवहन का इंटीग्रेशन होगा, ताकि इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट की संभावनाएं बढ़ें और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर तैयार हों। क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज सिंह मीक कहते हैं, मेट्रोपॉलिटन रीजन अथॉरिटी में जुड़ने के बाद छोटे शहरों को फ्लोर एरिया रेशो की दर, टीओडी और टीडीआर पॉलिसी का फायदा मिलेगा। इसके अलावा स्मार्ट सिटी, पेन सिटी सॉल्यूशन के काम और मेट्रो रेल सेवा का फायदा मिलेगा। इसका सीधा असर औद्योगिकीकरण और रोजगार में इजाफे के तौर पर दिखाई देगा। किसी सामान्य क्षेत्र को यदि स्टेट कैपिटल रीजन के रूप में विकसित किया जाता है तो इसका पहला असर इस क्षेत्र के रियल स्टेट पर पड़ता है। इसके बाद नए इंडस्ट्रियल एरिया डेवलप किए जाते हैं।*

D-16006/25

जबलपुर
शुक्रवार, 23 मई 2025
- ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-11
- वर्ष : 20, अंक : 23
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 37
न्यून. 25

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

सलमान की सुरक्षा में चूक : दो दिन में दो अंजान शख्सों की दस्तक, गार्ड ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

# 36 साल की मॉडल ईशा ने सुबह 3 बजे घंटी बजाई, बोली- सलमान ने बुलाया है, छग के युवक ने सुबह और शाम घर में घुसने की कोशिश की

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। दो दिन के भीतर ही दो अंजान लोगों ने सलमान खान के घर में घुसने की कोशिश की है। पहले 20 मई को एक पुरुष ने सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में घुसने की कोशिश की थी, जिसे सिक्योरिटी गार्ड्स ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया था। वहीं अगले दिन यानी 21 मई की रात एक महिला ने भी सलमान के घर में घुसने का प्रयास किया। गुरुवार सुबह मुंबई पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

इतनी कड़ी सुरक्षा के बाद भी इन दो लोगों का घुसना बताता है कि मुंबई पुलिस के सुरक्षा घेरे में कहीं सुराख है





## छग का युवक एक रहवासी की कार में बैठकर अपार्टमेंट में घुस गया

पहली घटना 20 मई को शाम 7:15 बजे हुई। इस मामले में पुलिस ने जितेंद्र कुमार सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जितेंद्र कुमार छत्तीसगढ़ का रहने वाला है। इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता की धारा 329(1) के तहत मामला दर्ज किया गया। 20 मई की सुबह करीब 09:45 बजे एक अनजान व्यक्ति को गैलेक्सी अपार्टमेंट के आसपास घूमता हुआ देखा गया। तब अधिकारी ने उसे समझाया और वहां से जाने को कहा। इस पर वो व्यक्ति गुस्से में आ गया और अपना मोबाइल जमीन पर फेंककर तोड़ दिया। इसके बाद शाम करीब 7:15 बजे वही व्यक्ति दोबारा गैलेक्सी अपार्टमेंट के मेन गेट पर आया और एक निवासी की कार के जरिए अंदर प्रवेश कर गया। उस समय मौके पर मौजूद पुलिस कांस्टेबलों ने उसे तुरंत हिरासत में लेकर बांद्रा पुलिस को सौंप दिया। उसने कहा कि मैं सलमान खान से मिलना चाहता हूं, लेकिन पुलिस मुझे उनसे मिलने नहीं दे रही थी, इसलिए मैं छिपने की कोशिश कर रहा था।

सरकारी विश्रामगृह के कमरे से करोड़ों रुपए बरामद

# कमरा नंबर 102 में मिला कुबेर का खजाना, पूरी रात चली गिनती

शिवसेना नेता अनिल गोटे ने बताया था कि कमरे में कैश है

अनुमान के मुताबिक यह रकम लगभग 5 करोड़ रुपए है

एजेंसी ▶▶ मुंबई



महाराष्ट्र के धुले शहर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक सरकारी विश्रामगृह के कमरे से करोड़ों रुपए बरामद हुआ। गुलमोहर गेस्ट हाउस के कमरा नंबर 102 में छिपाई गई इस भारी-भरकम रकम के खुलासे से शहर के अलावा प्रशासन में भी खलबली मची हुई है। दरअसल, धुले और नंदुरबार जिलों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के लिए 22 विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल धुले में मौजूद था। इस दौरान, जालना विधानसभा क्षेत्र के विधायक अर्जुन खोतकर के निजी सहायक किशोर पाटिल ने 15 मई से गुलमोहर गेस्ट हाउस का कमरा नंबर 102 बुक किया हुआ था।

### अधिकारियों के उड़ गए होश

कमरे का ताला तोड़ते ही पुलिस प्रशासन के होश उड़ गए। कमरे से भारी मात्रा में नकदी बरामद हुई। रात 11:00 बजे से लेकर तड़के 2:00 बजे तक पुलिस को मशीनों की सहायता से नोटों की गिनतीकरनी पड़ी।

## खबर संक्षेप

### पीएम आज करेंगे इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को सुबह करीब 10:30 बजे नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 'राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट' का उद्घाटन करेंगे। यह दो दिवसीय



समिट 23 और 24 मई को आयोजित की जाएगी इसका उद्देश्य पूर्वोत्तर भारत को निवेश और विकास की दृष्टि से एक उभरते हुए क्षेत्र के रूप में प्रस्तुत करना है। समिट का आयोजन केंद्र सरकार द्वारा पूर्वोत्तर राज्यों की सरकारों के सहयोग से किया जा रहा है। इस समिट से पहले कई महत्वपूर्ण गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें विभिन्न शहरों में रोडशो, राज्यों की राउंडटेबल बैठकें, एंबेसडर मीट और द्विपक्षीय वाणिज्यिक चैंबरों की बैठक शामिल रही हैं।

### ब्लैकमेलिंग से तंग हेड कॉन्स्टेबल ने की आत्महत्या

**इंदौर।** एमआईजी इलाके के सरकारी क्वार्टर में रहने वाले हेड कॉन्स्टेबल विनोद यादव ने फांसी



लगाकर सुसाइड कर लिया। कनाड़िया में रहने वाली एक महिला, यादव को ब्लैकमेल कर रही थी। वह रुपए नहीं देने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रही थी। देर रात पुलिस ने महिला को हिरासत में लिया है। उसे थाने लाकर पूछताछ की।

### आंधी से बिजली के तार गिरे, महिला की मौत

**छतरपुर।** कटारेपुरवा की रहने वाली अनीता पटेल (38) की करंट लगने से मौत हुई है। ससुर



लाखापति पटेल ने बताया कि बुधवार रात आंधी के चलते घर के ऊपर से गुजरा बिजली का तार टूटकर गेट पर गिर गया था। अनीता ने जैसे ही गेट बंद किया, उन्हें करंट का झटका लगा और वह नीचे गिर गईं। पुलिस के अनुसार अस्पताल पहुंचते ही मौत हो गई।

पाक बेनकाब : पहलगाम हमले की सच्चाई जानकर यूएई का फूटा गुस्सा

# जो देश आतंकियों को पनाह देगा, हम उसके 'साथ' नहीं

- शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे की लीडरशिप में सांसदों के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अहम बैठक की।

यूएई संघीय राष्ट्रीय परिषद के रक्षा मामलों, आंतरिक और विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष डॉ. अली राशिद अल नुमानी ने कहा-सभी देशों के लिए एक साथ आकर आतंकवाद से लड़ना महत्वपूर्ण

एजेंसी ▶▶ अबू धाबी

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को दुनिया के आगे बेनकाब करने का फैसला कर लिया है। भारत सरकार की ओर 7 डेलिगेशन बनाए गए हैं। इसमें सभी पार्टियों के 51 नेता और 85 राजदूत 32 अलग-अलग देशों का दौरा करेंगे। डेलिगेशन अलग-अलग देशों में जाकर ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को लेकर जानकारी दे रही है। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे की लीडरशिप में सांसदों के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अहम बैठक की। सांसदों ने यूएई संघीय राष्ट्रीय परिषद के रक्षा मामलों, आंतरिक और विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष डॉ. अली राशिद अल नुमानी से मुलाकात की। डॉ. अली राशिद ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म या राष्ट्रीयता नहीं होती। यह मानवता और पूरी दुनिया के लिए खतरा है। डॉ. अली राशिद ने कहा कि हमें एक अंतरराष्ट्रीय समुदाय के रूप में एक साथ आना चाहिए और मानवता के लिए बेहतर भविष्य बनाना चाहिए।

*भारत सरकार की ओर 7 डेलिगेशन बनाए गए*

*इसमें सभी पार्टियों के 51 नेता और 85 राजदूत 32 अलग-अलग देशों का दौरा करेंगे*



यूएई

## यूएई किसी भी तरह से आतंकवाद का समर्थन नहीं करेगा

डेलिगेशन ने अबू धाबी में राष्ट्रीय मीडिया कार्यालय के महानिदेशक जमाल मोहम्मद ओबैद अल काबी के साथ अपनी बैठक के दौरान बताया कि भारत किस तरह से पाकिस्तान द्वारा की गई आतंकी गतिविधियों का शिकार रहा है। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे श्रीकांत शिंदे ने गुरुवार को कहा कि काबी ने पुष्टि की है कि यूएई किसी भी तरह से आतंकवाद का समर्थन नहीं करेगा।

### आतंकवाद पर भारत के एकजुट रुख से अवगत कराया

इस मुलाकात के बाद संजय झा ने एक्स पर लिखा कि जापान के विदेश मंत्री महामहिम ताकेशी इवाया को आतंकवाद पर भारत के एकजुट रुख से अवगत कराया। हमने आतंकवाद और इसका समर्थन करने वालों के खिलाफ दृढ़ता से कार्रवाई करने के हमारे राष्ट्रीय संकल्प को दोहराया। झा ने आगे लिखा कि जापान के समर्थन और ऐसे कृत्यों के अपराधियों के खिलाफ



फाइल फोटो

न्याय की मांग के लिए आभारी हूं। इवाया को पारंपरिक मिथिला शैली में सम्मानित करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। झा के

प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद शामिल हैं, जिनमें भाजपा सांसद प्रदन बरूआ, बृज लाल, डॉ. हेमांग जोशी और अपराजिता सारंगी, तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बेनर्जी, सीपीआई (एम) सांसद जॉन ब्रिटास और पूर्व राजदूत मोहन कुमार हैं। यह डेलिगेशन जापान, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, मलेशिया और सिंगापुर में पाकिस्तान की पोल खोलेगा।



जापान

### 'ऑपरेशन सिंदूर' पर भारत को मिला जापान का साथ

पहलगाम आतंकी हमले और भारत पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष के बाद भारत ने कूटनीतिक स्तर पर पाकिस्तान को घेरने की कोशिश तेज कर दी है। जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय झा के नेतृत्व में एक डेलिगेशन 22 मई जापान पहुंचा और जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया से मुलाकात की। संजय झा ने एक्स पर इस मुलाकात की जानकारी दी और कुछ तस्वीरों को शेयर किया। इस दौरान भारतीय डेलिगेशन ने आतंकवाद पर पाकिस्तान को बेनकाब कर दिया। साथ ही भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपने संकल्प से भी जापानी विदेश मंत्री को अवगत कराया। भारतीय डेलिगेशन ने स्पष्ट कहा कि आतंकवाद किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है और इसे जड़ से समाप्त किया जाना चाहिए।

जेएंडके के पूर्व गवर्नर पर कसा सीबीआई का शिकंजा

# सत्यपाल के खिलाफ चाजशीट दर्ज हाइड्रो प्रोजेक्ट से जुड़ा है ये मामला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सीबीआई ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक सहित छह लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में चार्जशीट दाखिल की है। यह मामला किरु हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट में 2,200 करोड़ रु. के सिविल कार्यों के ठेके में कथित अनियमितताओं से जुड़ा है। सीबीआई ने अप्रैल 2022 में जम्मू-कश्मीर सरकार के अनुरोध पर मामला दर्ज किया था। मलिक अगस्त 2018 से अक्टूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे। उन्होंने दावा किया था कि उन्हें प्रोजेक्ट से संबंधित फाइलें मंजूर करने के लिए 300 करोड़ की रिश्वत की पेशकश की गई थी। चार्जशीट में चेनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के पूर्व अधिकारियों और पैटल इंजीनियरिंग लिमिटेड के नाम भी शामिल हैं।

- मलिक ने 300 करोड़ की रिश्वत की पेशकश का दावा किया था

### मलिक अस्पताल में भर्ती

सोशल मीडिया पर मलिक एक पोस्ट जरूर सामने आई है जिसमें वे अस्पताल में दिखाई दे रहे हैं। उस पोस्ट में लिखा है कि मेरे बहुत से शुभचिंतकों के फ़ोन आ रहे हैं जिन्हें उठाने में मैं असमर्थ हूं। अभी मेरी हालत बहुत खराब है मैं फिलहाल राममनोहर लोहिया अस्पताल दिल्ली में भर्ती हूं और किसी से भी बात करने की हालत में नहीं हूं।

अमेरिका में इजराइली दूतावास के 2 कर्मचारियों की हत्या

# यहूदी म्यूजियम के बाहर फिलिस्तीन का नारा लगाकर मारी गई गोली



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

वॉशिंगटन डीसी में इजराइली दूतावास के दो कर्मचारियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना बुधवार रात करीब 9 बजकर 5 मिनट (भारतीय समय के मुताबिक गुरुवार सुबह 6 बजकर 35 मिनट) पर यहूदी म्यूजियम के बाहर हुई। स्थानीय खबरों के मुताबिक अपराधी ने 'फ्री फिलिस्तीन' का नारा लगाकर दोनों को नजदीक से गोली मारी है। मृतकों में एक पुरुष और एक महिला शामिल हैं। हमले में यारोन लिस्चिन्स्की और उनकी प्रेमिका साराह मिलग्रिम की मौत हो गई है। घटना के वक्त दोनों कर्मचारी कैपिटल यहूदी म्यूजियम से बाहर निकल रहे थे। इजराइली दूतावास ने प्रवक्ता ने कहा कि दोनों ने हाल ही में सगाई की थी और जल्द ही शादी करने वाले थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान एलियास रॉड्रिगेज के रूप में हुई है। उसकी उम्र 30 साल है। वह शिकागो का रहने वाला है। गिरफ्तारी के दौरान वह फिलिस्तीन को आजाद करने के नारे लगा रहा था।

विधायक अमरीश कांग्रेस पर बरसे

# जब तक मैं हूं तुम्हारा आका कभी विधायक नहीं बनेगा



- बोले-अफवाह फैला रहे हैं उप चुनाव होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लहार

भिंड के लहार से विधायक अंबरीश शर्मा ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह पर जमकर निशाना साधा है। दरअसल, सीएम डॉ. मोहन यादव के संभावित कार्यक्रम को लेकर बुधवार को कार्यकर्ताओं को साथ बैठक कर रहे थे। इसी बैठक में उन्होंने पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह पर हमला करते हुए कहा, उनकी इतनी उम्र है पर बोलने की तमीज नहीं आई। उन्होंने आगे कहा कि कुछ चमचे तो इतने उतावले हो गए हैं कि बोल रहे हैं उप चुनाव होने वाला है, वो सुन लें जब तक मैं हूं, तुम्हारा आका अब जिंदगी में विधायक नहीं बनेगा। मीडियो रिपोर्ट्स के अनुसार, अंबरीश शर्मा ने डॉ गोविंद सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें इतनी उम्र पर बोलने की तमीज नहीं आई। मैंने डेढ़ साल तक धैर्य रखा है, लेकिन आगे सहन नहीं करूंगा। मैं जो बोलता हूं वो करता हूं।

हाईवे पर सड़क हादसा, 3 की मौत

# बाइकों की भिड़ंत से गिरे लोगों को ट्रक ने कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

सड़क हादसों के लिहाज से इंदौर-बैतूल हाईवे के डेंजर जोन कलवार घाट में गुरुवार दोपहर दर्दनाक हादसा हो गया। दो बाइक की भिड़ंत के बाद इनमें सवार 6 लोग नीचे गिर गए। ट्रक की चपेट में आने से तीनों लोगों की मौत हो गई। तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका प्राथमिक इलाज कन्नौद में किया गया। मृतकों में दो पुरुष व एक महिला शामिल है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कलवार घाट पर कन्नौद की ओर के उतार वाले क्षेत्र में तेज गति से जा रही।




इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम का ऐलान

24 जून से 23 जुलाई तक होगा दौरा

# आयुष म्हात्रे को कमान, वैभव सूर्यवंशी को भी मिली जगह

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम का ऐलान हो चुका है। इस दौरे पर भारतीय अंडर-19 टीम कुल आठ मैच खेलेगी। इसमें एक वार्म अप मैच, इंग्लैंड अंडर-19 टीम के खिलाफ पांच वनडे और दो बहु दिवसीय मैच शामिल हैं।

इस सीरीज की शुरुआत 24 जून से होगी। भारतीय अंडर-19 टीम की कमान चेन्नई सुपर किंग्स के सुपरस्टार युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को सौंपी गई है। वहीं, इस टीम



में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को भी जगह मिली है। इन दोनों ने इस सीजन आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया है। मुंबई के विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू को म्हात्रे की जगह उप कप्तान बनाया गया है।

### यह है टीम

आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (उप-कप्तान और विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलान पटेल, हेनिल पटेल, युधाजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद एनान, आदित्य राणा, अनमोलजीत सिंह। स्टैंडबाय खिलाड़ी: नमन पुष्पक, डी दीपेश, वेदांत त्रिवेदी, विकल्प तिवारी, अलंकृत रापोल (विकेटकीपर)

## दिव्यांगजनों के लिए केंद्र सरकार का बड़ा ऐलान

# सरकारी घरों के आवंटन में 4 फीसदी घर होंगे आरक्षित

### आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने उठाया बड़ा कदम



**सरकार की प्रतिबद्धता आई सामने**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देशभर के दिव्यांगजनों के लिए बड़ा ऐलान किया है। सरकार ने फैसला किया कि सरकार की ओर से आवंटित घरों में 4 फीसदी घर दिव्यांगजनों के लिए रिजर्व होंगे। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय की ओर से इसकी जानकारी दी गई। यह कदम समाज के कमजोर और दिव्यांग लोगों के समावेशी विकास की दिशा में उठाया गया एक ऐतिहासिक कदम है। इस कदम से कई को लाभ मिलेगा।

*यह कमजोर लोगों के समावेशी विकास की दिशा में अहम कदम बताया जा रहा*



#### सरकार ने सर्कुलर जारी किया

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुरूप संपदा निदेशालय ने दिव्यांगजनों के लिए केंद्र सरकार के आवासीय सुविधाओं तक उचित पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सर्कुलर जारी किया है। इसके अनुसार, केंद्र सरकार के आवास के आबंटन में विकलांग व्यक्तियों को 4 फीसदी का आरक्षण प्रदान किया जाएगा, जो सार्वजनिक सेवाओं में समानता, सम्मान और सुगम्यता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह पहल न केवल प्रत्येक नागरिक के सशक्तीकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, बल्कि समावेशी और सुलभ भारत की नींव को भी मजबूत करती है।

#### आवंटन ई-संपदा वेबसाइट पर हर महीने बोली

यह आरक्षण के तहत होने वाले आवास आवंटन ई-संपदा वेबसाइट पर हर महीने बोली लगाकर किया जाएगा, जो स्वचालित प्रणाली से संचालित होगा। जो आवेदक पहले से पंजीकृत हैं, उन्हें अपने प्रोफाइल में यूडीआईडी कार्ड अपलोड करना होगा, जिसे उनका मंत्रालय/विभाग सत्यापित करेगा और आवेदन को निदेशालय को भेजेगा। आवेदकों को वेबसाइट पर अपनी श्रेणी में बोली लगानी होगी।

#### सामान्य प्रतीक्षा सूची में प्राथमिकता मिलेगी

केंद्र सरकार के ऐसे कर्मचारी जिनके पास न्यूनतम विकलांगता है (जैसा कि आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 की धारा 34 में बताया गया है), उन्हें जीपीआरए आवास आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। हर महीने प्रत्येक प्रकार के आवास (टाइप-5तक, हॉस्टल सहित) में उपलब्ध खाली स्थानों में से 4 फीसदी तक की सीमा में यह प्राथमिकता दी जाएगी। ऐसे पात्र विकलांग व्यक्ति आवेदकों को जीपीआरए के लिए पहली बार आवंटन/ परिवर्तन दोनों के लिए सामान्य प्रतीक्षा सूची में प्राथमिकता दी जाएगी। सरकार द्वारा जारी किया गया यह कार्ड विकलांगता के प्रमाण के रूप में मान्य होगा।

**ओडिशा सरकार की नई पहल**

### बुजुर्गों और दिव्यांगों को अब हर महीने 3500 रुपए पेंशन दी जाएगी

झारसुगुड़ा। ओडिशा सरकार ने राज्य के वृद्धजनों और गंभीर रूप से दिव्यांग नागरिकों के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है। सरकार ने उनकी मासिक पेंशन राशि बढ़ाकर 3500 रुपए कर दी है। यह नई पेंशन दर जनवरी 2025 से लागू मानी जाएगी और जून 2025 तक सभी पात्र लाभार्थियों को इसका लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।सामाजिक सुरक्षा एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की निदेशक और आईएएस नियति पटनायक ने सभी जिला सामाजिक सुरक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देश दिया है।



## खबर संक्षेप

### प्रोफेसर ने छात्रों को कहा 'आतंकी', हंगामा

**कोलकाता।** कोलकाता मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में एक विवाद ने तब तूल पकड़ लिया जब



ईएनटी विभाग के प्रोफेसर डॉ. बिजन अधिकारी पर दो इंटर्न छात्रों को आतंकी कहने का आरोप लगा। आरोप है कि यह टिप्पणी उनके पहनावे और दाढ़ी देखकर की गई। छात्रों ने लिखित शिकायत कॉलेज प्रशासन को सौंपी। अधीक्षक की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की है।

### सुकमा में 2 नक्सलियों को फिर कर दिया ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सीआरपीएफ के एक



कोबरा कमांडो की मृत्यु हो गई तथा मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। सुकमा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती तुमरेल में डीआरजी, एसटीएफ और कोबरा कमांडो के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। उसे ने कार्रवाई की है।

### मुंबई में 'गेमिंग' घोटाले में 2.74 करोड़ की ठगी

**ठाणे।** नवी मुंबई में साइबर जालसाजों ने 42 वर्षीय व्यवसायी को 'ऑनलाइन गेम' के मंच से



जुड़ने के लिए उकसा कर उससे 2.74 करोड़ रकी ठगी कर ली। जालसाजों ने उपहार देने का वादा करते हुए लालच दिया और दिसंबर 2022 से अप्रैल 2025 तक तथाकथित 'गेम' वेबसाइट के मंच में 3,24,84,526 रुपए जमा करवाए।

### 15 साल 'अवैध' नौकरी अब शिक्षिका बर्खास्त

**कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा में एक महिला ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर करीब 15



वर्ष तक शिक्षक के पद पर नौकरी कर ली। इस फर्जीवाड़े की जब राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो और शिक्षा विभाग के पास शिकायत पहुंची तो महिला ने वर्ष 2021 में नौकरी से त्यागपत्र दे दिया। अब विभाग ने बर्खास्त कर दिया है।

### जयपुर में इलेक्ट्रिक होवरबोर्ड पर गश्त शुरू

**जयपुर।** पुलिस ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था और आम नागरिकों की सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए



एक नई पहल शुरू की है। अब पुलिसकर्मी पारंपरिक पैदल या बाइक की बजाय इलेक्ट्रिक होवरबोर्ड पर गश्त करते नजर आ रहे हैं। यह कदम खासतौर पर भीड़भाड़ वाले बाजार, संकरी गलियों और पर्यटन स्थलों में त्वरित सुरक्षा देने के लिए उठाया गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान को दी विकास की कई सौगातें

# राजस्थान की वीर धरती ने हमें सिखाया देश व देशवासियों से बड़ा कुछ नहीं होता

एजेंसी ▸▸ बीकानेर

राजस्थान के बीकानेर में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम एक तरफ सिंचाई की योजनाएं पूरी कर रहे हैं और नदियों को जोड़ने का काम भी कर रहे हैं, जिससे किसानों और राजस्थान की धरती को फायदा मिलेगा। राजस्थान की वीर धरती हमें सिखाती है कि देश और देशवासियों से बड़ा कुछ नहीं होता। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि रिफाइनरी का काम अब आखिरी चरण में है। इकॉनॉमिक कॉरिडोर जालौर, बीकानेर जैसे कई शहरों से होकर गुजर रहा है। दिल्ली और मुंबई से भी राजस्थान के कई शहर अब सीधे जुड़ रहे हैं। राजस्थान में 'पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना' तेजी से आगे बढ़ रही है। इस योजना से अब तक 40 हजार से ज्यादा लोग जुड़ चुके हैं और इससे कमाई भी कर रहे हैं। बिजली से जुड़ी कई योजनाओं का शिलान्यास हुआ है और बिजली का बढ़ता उत्पादन राज्य को नई रफ्तार दे रहा है। राजस्थान महाराजा गंगा सिंह की धरती है। यहां के लोग पानी की अहमियत को अच्छे से जानते हैं।

> पीएम मोदी ने कहा कि हम एक तरफ सिंचाई की योजनाएं पूरी कर रहे हैं और नदियों को जोड़ रहे हैं। किसानों और राजस्थान की धरती को फायदा मिलेगा।

#### बीकानेर में कहा- रिफाइनरी का काम अब आखिरी चरण में

#### यहां रेलवे के विकास के लिए 10,000 करोड़ से ज्यादा मिलेंगे

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार रेलवे के विकास के लिए 10,000 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करेगी। यह राशि 2014 के मुकाबले 15 गुना ज्यादा है। इससे राजस्थान का विकास और भी तेजी से होगा।

**इकॉनॉमिक कॉरिडोर जालौर बीकानेर से होकर गुजर रहा**



#### बीकानेर को मिलेगा विकास का फायदा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राजस्थान के गांव तेजी से तरक्की कर सकें और युवाओं को शहरों में अच्छे मौके मिलें, इसके लिए डबल इंजन की सरकार लगातार काम कर रही है। नई औद्योगिक नीतियां लागू की गई हैं, जिनका फायदा बीकानेर को जरूर मिलेगा।

#### रेलवे की तरक्की की त्रिवेणी वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत

भारतीय रेलवे तरक्की के नित नए नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है और अपने रेलवे नेटवर्क को आधुनिक बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में गुरुवार को रेलवे के इतिहास में एक और उपलब्धि दर्ज की गई।

#### हजारों करोड़ रु. सीधे तौर पर देशवासियों को लाभान्वित कर रहे

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि ये अमृत भारत स्टेशन न केवल भारत की हजारों साल पुरानी विरासत को संरक्षित करते हैं, बल्कि राज्यों में पर्यटन विकास के लिए उत्प्रेरक का काम भी करते हैं, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होते हैं। उन्होंने लोगों से स्टेशनों की सफाई और सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया क्योंकि वे इन बुनियादी ढांचे के असली मालिक हैं। इस बात पर जोर देते हुए कि बुनियादी ढांचे में सरकारी निवेश न केवल विकास को बढ़ावा देता है बल्कि रोजगार के अवसर भी पैदा करता है और व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देता है। पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि खर्च किए जा रहे हजारों करोड़ सीधे तौर पर श्रमिकों, दुकानदारों, कारखाने के कर्मचारियों और ट्रक और टेंपो ऑपरेटरों जैसे परिवहन क्षेत्रों से जुड़े लोगों को लाभान्वित कर रहे हैं। बुनियादी ढांचा पूरा हो जाने के बाद, लाभ कई गुना बढ़ जाते हैं।

#### ट्रेन देश की नई गति और प्रगति की प्रतीक

महज इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के बीकानेर में एक सभा को संबोधित करते हुए देश की नई गति और प्रगति के प्रतीक के रूप में वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनों की शुरुआत को रेखांकित किया। आज इन्हें रेलवे की तरक्की की त्रिवेणी भी कहा जा रहा है।

#### मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को समाप्त किया

उन्होंने कहा कि ब्रॉड गेज लाइनों पर मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को समाप्त कर दिया गया है, जिससे सुरक्षा में वृद्धि हुई है। श्री मोदी ने माल परिवहन को सुव्यवस्थित करने के लिए समर्पित माल गलियारों के तेजी से विकास और भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना के चल रहे निर्माण पर भी प्रकाश डाला।

#### मंडलगढ़ स्टेशन की भव्यता को बताया

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि आधुनिक रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन नाम दिया गया है और ऐसे 100 से अधिक स्टेशन पूरे हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने इन स्टेशनों के आश्चर्यजनक परिवर्तन को देखा है, जो स्थानीय कला और इतिहास के प्रदर्शन के रूप में काम करते हैं। उन्होंने राजस्थान के मंडलगढ़ स्टेशन सहित महत्वपूर्ण उदाहरणों की ओर ध्यान दिलाया, जो राजपूत परंपराओं की भव्यता को दर्शाता है।

**किसान को भी मिली सुविधाएं**

किसान अपनी उपज को कम लागत पर बाजारों तक पहुंचा सकते हैं, जिससे बर्बादी कम होती है। अच्छी तरह से विकसित सड़कें और विस्तारित रेलवे नेटवर्क नए उद्योगों को आकर्षित करते हैं और पर्यटन को काफी बढ़ावा देते हैं। बुनियादी ढांचे पर खर्च से अंततः हर घर को फायदा होता है। आर्थिक अवसरों से सभी लाभ उठाते हैं।

**वक्फ संशोधन कानून पर सुनवाई**

## दलीलें पूरी, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वक्फ संशोधन कानून पर अंतरिम रोक के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में बहस पूरी हो गई है। इस दौरान केंद्र सरकार ने कानून पर अंतरिम रोक लगाने का जोरदार विरोध किया है। सुनवाई पूरी होने के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने इस पूरे मामले पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अंतरिम आदेश सुरक्षित रखने से पहले सीजेआई बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने संशोधित वक्फ कानून का विरोध करने वालों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, राजीव धवन और अभिषेक सिंघवी और केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें 3दिनों तक सुनीं। केंद्र सरकार ने वक्फ कानून का पुरजोर समर्थन किया। इस दौरान केंद्र सरकार ने कहा कि वक्फ अपने स्वभाव से ही एक धर्मनिरपेक्ष अवधारणा है और इसके पक्ष में संवैधानिकता की धारणा को देखते हुए इसे रोका नहीं जा सकता।

#### संपत्तियों पर कब्जा किया जा रहा

केंद्र ने इस अधिनियम का दृढ़ता से समर्थन करते हुए कहा कि वक्फ अपनी प्रकृति से ही एक धर्मनिरपेक्ष अवधारणा है और संवैधानिकता की



धारणा के इसके पक्ष में होने के मद्देनजर इस पर रोक नहीं लगाई जा सकती। वहीं, याचिकाकर्ताओं की पैरवी कर रहे सिब्बल ने इस कानून को ऐतिहासिक कानूनी और संवैधानिक सिद्धांतों से पूर्ण विचलन तथा गैर-न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से वक्फ पर कब्जा करने का जरिया बताया। सिब्बल ने कहा कि यह वक्फ संपत्तियों पर सुनियोजित तरीके से कब्जा करने का मामला है। सरकार यह तय नहीं कर सकती कि कौन से मुद्दे उठाए जा सकते हैं?

#### सीजेआई बोले-पंजीयन क्यों नहीं ?



वक्फ संशोधन कानून, 2025 को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि 200 साल पहले कोई जमीन दी गई तो अब सरकार उसे वापस कैसे मांग सकती है। क्या लखनऊ का इमामबाड़ा भी वापस लेंगे। सीजेआई गवई ने उनकी दलील पर बेहद अहम बात कही है। सीजेआई गवई ने सिब्बल से कहा कि लेकिन अगर 1923 एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन हुआ होता तो ऐसा नहीं होता। ऐसा नहीं है कि 1923 से 1925 या 100 साल से रजिस्ट्रेशन कभी अस्तित्व में था ही नहीं।

### कर्नाटक के गृह मंत्री से जुड़े परिसरों पर ईडी की छापेमारी जारी

**परमेश्वर राव के खिलाफ कार्रवाई**

## पीएमएलए से जुड़े 3 कॉलेजों समेत 16 स्थानों पर मारा छापा, स्वर्ण तस्करी का मामला

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव और अन्य के खिलाफ कथित सोना तस्करी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर राव से जुड़े स्थानों पर गुरुवार को भी छापेमारी जारी रखी। राज्य में सिद्धार्थ इंजीनियरिंग कॉलेज, सिद्धार्थ मेडिकल कॉलेज और सिद्धार्थ कॉलेज में तलाशी जारी रही। ईडी के अधिकारियों ने बुधवार को पीएमएलए के तहत राज्य में 16 स्थानों पर छापेमारी की।

#### कन्नड़ अभिनेत्री रान्या और अन्य से जुड़े मामले में ली तलाशी

#### शैक्षिक संस्थान ने धन का दुरुपयोग किया



ईडी ने राव के मामले सहित भारत में बड़े सोना तस्करी रैकेट के संबंध में सीबीआई और राजस्व खुफिया निदेशालय की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कुछ महीने पहले पीएमएलए का मामला दर्ज किया था। एक शैक्षिक ट्रस्ट पर संदेह है कि उसने धन का दुरुपयोग किया।

#### डीके बोले- दिया था वेडिंग गिफ्ट

उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने यह कहकर मामले में नया ट्विस्ट ला दिया है कि गृह मंत्री ने उनसे कहा है कि उन्होंने अभिनेत्री को शादी में उपहार दिया था।

#### ईडी को लगाई फटकार 'सारी हदें पार कर दीं'

**चेन्नई।** सुप्रीम कोर्ट ने वित्तीय अनियमितताओं में तमिलनाडु राज्य विपणन निगम पर छापेमारी को लेकर ईडी को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही कहा कि ईडी सभी सीमाएं लांघ रहा है। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने ईडी की कार्रवाई पर गहरी चिंता व्यक्त की। मामला शराब विक्रेता पर छापा से जुड़ा है।

### नागपुर में निकली तिरंगा यात्रा




**नागपुर।** भाजपा समर्थक गुरुवार को महाराष्ट्र के नागपुर में भारतीय सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए आयोजित 'तिरंगा यात्रा' में हिस्सा लेते हुए।

**मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वानुमान जारी किया**

# इस बार 6 दिन पहले दस्तक दे सकता है मानसून

#### केरल में 26 मई के आसपास पहुंचेगा, आखिरी बार 2009 में हुआ था ऐसा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी के बीच अचानक मौसम ने अपना रुख बदल लिया है। वहीं, मौसम विज्ञान विभाग ने भी कहा है कि इस बार मानसून केरल में तय समय से पहले दस्तक दे देगा। मौसम विभाग के अनुसार केरल में आमतौर पर मानसून 1 जून को आता है, लेकिन इस साल 26 मई के आसपास आने की संभावना है, जो सामान्य तारीख से करीब छह दिन पहले है। यह 2009 के बाद पहला मौका हो सकता है जब मानसून इतनी जल्दी केरल में दस्तक देगा।



#### दक्षिण अरब सागर में जल्द पहुंचेगा

इस बीच 22 मई से दक्षिण-पश्चिम मानसून के दक्षिण अरब सागर के कुछ और हिस्सों, मालदीव और कोमोरिन क्षेत्र के बाकी इलाकों, लक्षद्वीप, केरल, तमिलनाडु के कुछ हिस्सों, दक्षिण और मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों, उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने की संभावना है।

#### 8 जुलाई तक पूरे देश में पहुंचेगा

आम तौर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून 1 जून तक केरल में दस्तक देता है। इसके बाद 8 जुलाई तक यह पूरे देश को कवर कर लेता है। यह 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से पीछे हटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से वापस चला जाता है।

#### कई राज्यों में आंधी तूफान के साथ भारी बारिश शुरू

मानसून के पहुंचने से पहले पश्चिमी घाट के कुछ हिस्सों, कर्नाटक से लेकर महाराष्ट्र के कई इलाकों में आंधी तूफान के साथ भारी बारिश का दौर जारी है। पालघर जिले के नाला सोपारा में भारी बारिश के कारण एक घर का छज्जा गिर गया, जिसमें 2लोगों को बचा लिया गया। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और ओलावृष्टि के चलते अंधेरा छा गया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर, पश्चिम और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। कई राज्यों में बिजली के खंभे और पेड़ गिरने से जानमाल का नुकसान हुआ है।

**दुष्कर्म के बाद छात्रा का कत्ल**

## दरिंदे को फांसी की सजा, अन्य को सात साल कैद और जुर्माना



एजेंसी ▸▸ कानपुर

दुष्कर्म के बाद छात्रा की ब्लेड से गला काटकर हत्या करने वाले दरिंदे को कोर्ट ने बुधवार को मृत्युदंड की सजा सुनाई। एडीजे/फास्ट ट्रैक कोर्ट के जज अशोक कुमार ने महज 3 साल में फैसला दिया है। कानपुर देहात साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 19 वर्षीय युवती टीईटी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। वह जहानाबाद में एक कोचिंग में पढ़ाई कर रही थी। 30 मई 2022 को कोचिंग के बाद उसका शव जहानाबाद में खैराबाद के जंगल से मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर ब्लेड के 24 घाव मिले थे। गला कटने से मौत की बात सामने आई थी। कोर्ट ने बुधवार को अजय को फांसी की सजा सुनाई। दोस्त अवनीश उर्फ छोटू सोनकर व दूसरे दोस्त की मां माया देवी पत्नी चंद्रशेखर कुरील निवासी द्वारिकापुर जट्ठ थाना जहानाबाद को सात साल की कैद व 11-11 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है।

**शासकीय बारदाना में मिला था मिट्टी युक्त गेहूं**

# माँ रेवा वेयर हाउस के संचालक नीतेश पटेल सहित दो पर एफआईआर

## हरिभूमि ने ग्राउंड जीरो पर जाकर किया था खुलासा

हरिभूमि, जबलपुर।

**हरिभूमि खबर का असर**

आखिरकार एक माह की जांच उपरांत मझौली के मॉं रेवा वेयर हाउस संचालक नीतेश पटेल सहित अन्य एक के खिलाफ जिला प्रशासन ने एफआईआर दर्ज करा दी है। मझौली थाना में खाद्य विभाग के अधिकारी द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई है। दरअसल मझौली के खांड स्थित मॉं रेवा वेयर हाउस के प्रांगण में लगभग तीन-चार सौ क्विंटल मिट्टी मिली थी, जिसमें नाममात्र का गेहूं मिलाकर उसे वेयर हाउस में रखे जाने की संभावना जताई जा रही थी। मौके पर पहुंची हरिभूमि आईएनएच की टीम ने इसका खुलासा करता हुए मामले को उजागर किया था। वेयर हाउस के प्रांगण में रखी मिट्टी में गेहूं मिलाने के मामले की जांच सिहोरा एसडीएम रूपेश सिंघई के नेतृत्व में की गई थी।

उल्लेखनीय है कि धान का बड़ा फर्जीवाड़ा करने वाले मॉं रेवा वेयर हाउस फिर गेहूं को लेकर चर्चा में आ गया था। 23 अप्रैल 2025 को लगभग 300 क्विंटल मिट्टी युक्त गेहूं मिलने से जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया था। मौके पर पहुंचे प्रशासन ने पंचनामा की कार्यवाही कर, गेहूं को अपने कब्जे में ले लिया था। बताया जाता है कि यह पूरा गेहूं मॉं रेवा वेयर हाउस के संचालक नीतेश पटेल द्वारा मिलावट कराया जा रहा था। इसके लिए बकायदा लगभग 15 मजदूरों को भी लगाया गया था। जांच उपरांत एसडीएम सिहोरा ने जांच रिपोर्ट खाद्य विभाग को सौंप दी थी। एक माह बाद जिला प्रशासन द्वारा मझौली थाना जाकर एफआईआर को दर्ज कराया है। एफआईआर में वेयर हाउस संचालक नीतेश पटेल व वेयर हाउस की सह संचालिका को आरोपी बनाया है।

मझौली के माँ रेवा वेयर हाउस प्रांगण में भी फिर हुआ घोटाला

**मिट्टी युक्त गेहूं या गेहूं युक्त मिट्टी**




### नीतेश के खिलाफ पहले भी दर्ज हो चुके मामले-

मझौली थाना क्षेत्र स्थित मॉं रेवा वेयर हाउस में बड़ा धान घोटाला हुआ था, जिसमें फर्जी किसानों के नाम धान खरीदी गई थी। आज भी वहां के लगभग सैकड़ा भर किसान जिनका धान बिक गया है वह पैसे के लिए कलेक्ट्रेट और सहकारिता विभाग सहित नागरिक आपूर्ति निगम के चक्कर काट रहे हैं। प्रशासन ने नीतेश पटेल के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज कर अपने कर्तव्य से इतिश्री कर ली है। गेहूं का मामला सामने आने के बाद एक बार फिर वेयर हाउस संचालक के खिलाफ मामला दर्ज हो गया है।

### अनसुलझे सवाल-

कहा जा रहा है कि नीतेश पटेल के वेयर हाउस से लगभग 1 हजार नग शासकीय नया बारदाना मिला था, जिसमें नागरिक आपूर्ति निगम का छापा लगा हुआ था, आखिर इतना बारदाना आया तो आया कहां से, क्योंकि मॉं रेवा वेयर हाउस पहले से ही ब्लैक लिस्टेड था, वहां पर खरीदी नहीं हो रही थी। ऐसे में जो मौके पर मौजूद किसान थे, उनका कहना था कि मझौली के ही ओम साईं राम वेयर हाउस से बारदाना आया था, इस बात का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। वहीं कहा जा रहा था कि मिट्टी में गेहूं मिलाने का कार्य दो-तीन दिन पूर्व से चल रहा था, तो क्या और भी इस प्रकार की मिट्टी युक्त गेहूं को पहले ही खपाया गया था, आखिर कितने क्विंटल की जब्ती प्रशासन ने की है, इस बात का भी खुलासा होना अभी बाकी है।

### खाद्य विभाग दबा रहा था मामला-

कहा जाता है कि सिहोरा एसडीएम द्वारा तीन दिन में जांच पूरी कर रिपोर्ट खाद्य विभाग के पास भेज दी थी, खाद्य विभाग को इसमें एफआईआर दर्ज कराना था, परंतु लगभग एक माह होने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं होने से कलेक्टर ने विभाग के खिलाफ नाराजगी दिखाई थी, तब कहीं जाकर यह मामला दर्ज हुआ है। विभाग इस मामले को दबाने की कोशिश कर रहा था।

### इनका कहना है-

खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा मझौली थाना में मॉं रेवा वेयर हाउस के संचालक नीतेश पटेल एवं अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है, जिसमें लगभग 3 सौ क्विंटल गेहूं में मिट्टी पाई गई थी। ये जांच का विषय है कि आरोपियों के पास शासकीय नया बारदाना कहां से आया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**सूर्यकांत शर्मा**
**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक**



# यातायात में बाधक अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई

**जबलपुर।** शहर में जहां-जहां भी अतिक्रमण हुए हैं और यातायात बाधित हो रहा है इस बात को दृष्टिगत रखते हुए लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अतिक्रमण शाखा के अधिकारियों एवं सभी दल प्रभारियों के द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी की गयी। इस संबंध में सहायक अतिक्रमण अधिकारी अखिलेश सिंह भदौरिया ने बताया कि आज मालवीय चौक से तीन पट्टी चौराहा होते हुए ब्लूम चौक तक अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई तथा सामग्री, 6 काउंटर एवं 1 लोहे का टपरा आदि जप्त की गई तथा मुनादी भी कराई गई कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया जाता है तो दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार रहेगें। कार्यवाही के समय दल प्रभारी जय प्रवीण, अंकित पारस, अभिषेक समुद्रे, वीरेंद्र मिश्रा, बृजकिशोर तिवारी, विनय चौबे, राम मूर्ति, पी रामा राव, रेड जॉन प्रभारी लक्ष्मण कोरी, नदीम अहमद, दुर्गा राव और सहायक दल प्रभारी आरिफ अहमद, शुभम खरे के साथ ट्रैफिक डी.एस.पी. संतोष शुक्ला, ट्रैफिक सूबेदार राहुल सिंह ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# आज से 25 मई तक जलापूर्ति प्रभावित रहेगी

**जबलपुर।** नगर निगम जल विभाग के प्रमुख एवं कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि भोंगाद्वार जलशोधन संयंत्र के क्लीयर वॉटर टैंक की सफाई का कार्य कराया जा रहा है, जिसके चलते आज दिनांक 23 मई 2025 से 25 मई 2025 तक जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। उन्होंने बताया कि इन दिवसों में डायरेक्ट सप्लाई की जायेगी। उक्त अतिमहत्वपूर्ण कार्य के संपादन के चलते क्षेत्रीय लोगों को होने वाली असुविधा के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह जलप्रभारी दामोदर सोनी, निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने खेद व्यक्त किया है।

**बरेला शराब ठेकेदार पर हमले से जुड़ा वीडियो वायरल**

# शराब के दाम और अवैध शराब बेलगाम

जबलपुर।

बरेला थाना अंतर्गत शराब ठेकेदार के कार्यालय में तोड़फोड़ करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल नए ठेकों के बाद शहर में बाहरी ठेकेदारों की एंट्री हो गई है और अब पूरी कमान ठेकेदारों के हाथ में आ गई है। आबकारी विभाग की मिलीभगत से ठेकेदार एक तरफ जहां मनमाने दाम पर शराब बेच रहे वहीं तेजी से अवैध शराब भी बिकने लगी है। इस मामले में आबकारी विभाग ने पहले तो अनभिज्ञता जाहिर की, लेकिन वायरल वीडियो क्लिप का हवाला देने पर सहायक आबकारी आयुक्त ने कार्रवाई की बात कही है।



गौरतलब है कि वायरल वीडियो बरेला क्षेत्र का बताया जा रहा है। इसमें नजर आ रहे कुछ लोगों ने शराब ठेकेदार के कार्यालय में जाकर वाहन को नुकसान पहुंचाया था। साथ ही कर्मचारियों से मारपीट भी की थी। जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पूर्व शराब ठेके के स्टाफ ने नर्मदा ढाबे में अवैध शराब पकड़ी थी। वहां शराब ठेका कर्मियों और ढाबे के लोगों के बीच विवाद हुआ था। पुलिस के मुताबिक ठेकेदार पर भी मारपीट का केस दर्ज हुआ था। संभवतः शराब ठेका कार्यालय पर हमले की घटना उसी का परिणाम है।

ठेका कर्मी रोहित सिंह तोमर ने बताया है कि, नर्मदा ढाबे पर सूचना मिलने पर ठेका कर्मियों ने अवैध शराब पकड़ी थी। इस दौरान पचास से साठ क्वार्टर शराब पकड़ी थी और बाकी माल अवैध शराब बेचने वालों ने छुपा दिया था। उसी से नाराज होकर ढाबा से जुड़े लोगों ने शराब ठेका कार्यालय में तोड़फोड़ की।

रोहित का आरोप है कि 15 से अधिक हमलावर हथियारों से लैस थे जो जान से मारने की धमकी दे रहे थे। हमले में बावर्ची गंभीर रूप से घायल हो गया। मैनेजर के भी गंभीर रूप से घायल होने की जानकारी दी गई है। आरोप है कि पुलिस ने भी एफआईआर दर्ज करने के बाद कोई एक्शन नहीं लिया। डायल हंड्रेड पर भी फोन करने पर हमले की घटना के आधे घंटे बाद पुलिस पहुंची। आरोप है कि हमलावर तिजौरी से 5 लाख रुपये निकालकर ले गए।

### इनका कहना है-

अवैध शराब पर कार्रवाई के लिए कंट्रोलर और इंस्पेक्टर को जांच के लिए भेजा है। पता लगाया जाएगा कि अवैध शराब कहां से आई है। जो भी संबंधित ठेकेदार होगा उस पर कार्रवाई होगी। जिले में सबसे अधिक काम हुआ है। पिछले अप्रैल से अभी 15 मई तक डिवीजन में सबसे अधिक केस जबलपुर में ही बने हैं।

**- संजीव कुमार दुबे, सहायक आबकारी आयुक्त, जबलपुर**

**कांग्रेस संगठन तैयारियों में जुटा, गोलबाजार में हो सकती है सभा**

# जय हिन्द सभा में राहुल-प्रियंका सहित आएंगे प्रदेश के दिग्गज

जबलपुर।

कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व 31 मई को जबलपुर आ रहा है. संभावना और तैयारियां बता रही हैं की जबलपुर में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा सहित प्रदेश के दिग्गजों में पूर्व मंत्री कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, सहित कई वीवीआईपी नेताओं का जमावड़ा 31 मई को जबलपुर में लगेगा. कांग्रेस ने जय हिंद सभा की सीरीज शुरु की है. इस क्रम की पहली सभा जबलपुर में होना है. अभी स्थल का आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है, सूत्रों का कहना है कि सिविक सेंटर, अंबेडकर चौक और शहीद स्मारक गोल बाजार इन तीन स्थानों में से किसी एक स्थान में सभा के लिए चयन किया जा सकता है। तैयारियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस का फर्श से लेकर अर्श तक का अमला जुट गया है. क्रम में लगातार बैठकों का दौर शुरु हो चुका है। माना यह जा रहा है कि उक्त तीन स्थानों का सभा के लिए स्थल निरीक्षण किया गया है। हालांकि अभी तक कार्यक्रम स्थल पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। वैसे गोलबाजार में सभा होने की उम्मीद है।





### तैयारियों में जुटा संगठन

हालांकि अभी तक इस कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन इस आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में तैयारियों की कमान संभाली जा चुकी है और पार्टी का जमीनी से लेकर शीर्ष स्तर का अमला सक्रिय रूप से आयोजन को सफल बनाने में जुटा है। लगातार रणनीतिक बैठकों का दौर जारी है।

### सैनिकों को बुलाने पर विचार

बताया जा रहा है की सभा का फोकस राष्ट्रभक्ति, सुरक्षा नीति और सेना के सम्मान से जुड़े मुद्दों पर केंद्रित रहेगा। इसलिये इसमें पूर्व सैनिकों और सैन्य परिवारों को भी आमंत्रित किए जाने पर विचार हो रहा है। सूत्रों की मानें तो भाजपा के कुछ नेताओं द्वारा सेना को लेकर की गई "अनर्गल बयानबाजी" और हालिया पहलगाम हमले के संदर्भ में सरकार की विदेश नीति की खामियों को इस मंच पर प्रमुखता से उठाया जाएगा। कांग्रेस का मानना है कि इस ऑपरेशन के पीछे केंद्र सरकार की विदेश नीति में कई ऐसी कमजोरियां सामने आईं, जिन्हें जनता के सामने लाना जरूरी है।

### राजनैतिक संदेश और 2029 की तैयारी

विशेषज्ञों का मानना है कि यह सभा न केवल कांग्रेस की राष्ट्रवादी छवि को पुनर्स्थापित करने का प्रयास है, बल्कि यह 2029 के आम चुनावों की तैयारी का भी एक महत्वपूर्ण कदम है। राहुल और प्रियंका गांधी की मौजूदगी इस आयोजन को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण बना सकती है।

# देर रात चली तूफानी हवाओं से पारा लुढ़का

## जिले में तेज हवाओं के बीच बूंदाबांदी की संभावना



**जबलपुर।** पश्चिमी विक्षोभ का असर बना हुआ है। जिससे बुधवार की देर रात तेज आंधी तूफान चली और बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो गई। कई जगहों पर घंटों बिजली गुल रही। स्ट्रीट लाईटें भी बंद हो गई, जो गुरुवार तक भी नहीं सुधर पाई। गुरुवार को मौसम सुबह से शुष्क रहा लेकिन बादलों की आवाजाही बनी रही। इस सबके बावजूद पारा औसत से 4 डिग्री नीचे रहा फिर भी जनजीवन उमस भरी गर्मी से बेचैन रहा। मौसम विभाग का कहना है कि अभी तीन दिनों तक मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा। धूप-बादल के बीच जबलपुर जिले में कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा की संभावना है। कहीं-कहीं 30 से 40 किमी प्रति घंटे की गति से आंधी व झंझावत का भी येलो अलर्ट जारी किया गया है। धूप-बादल के बीच दिन भर रस्साकशी होती रही। इस बीच गर्मी भी लोगों का पसीना छुड़ाती रही। चटख धूप से बादल तो राहत देते रहे पर वातावरण में घुली गर्माहट से लोग परेशान रहे। मौसम विभाग का कहना है कि विदर्भ के ऊपर एक द्रोणिका बन गई है। जिससे अगले 24 घंटों के दौरान तेज झोंकेदार हवाए चल सकती हैं, जिसकी रफ्तार 40-50 किलोमीटर तक हो सकती है।वहीं बादलों की बसाहट के बीच संभाग के जिलों में कहीं कहीं वर्षा या गरज चमक के साथ पानी की बौछारें भी पड़ सकती हैं। स्थानीय मौसम विज्ञान के प्रवक्ता ने बताया कि पिछले 24 घण्टों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 36.08 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 24.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 62 प्रतिशत और सांय काल 42 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.26 पर और सूर्यास्त शाम 6.48 पर होगा। मौसम कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि दक्षिणी पश्चिमी हवाएं दिशा से 5 से 6 किलोमीटर प्रति रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। प्रदेश में सर्वाधिक 46.0 डिग्री तापमान खजुराहों में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज का अधिकतम तापमान 42.0 और न्यूनतम तापमान 29.3 डिग्री पर रहा। अगले 24 घण्टों के दौरान संभाग में धूल भरी आंधी के साथ कहीं-कही गरज चमक के साथ वर्षा हो सकती है।

# लिपिक का काम देख रहे भृत्य ने गुमा दी क्रमोन्नति फाईल, शिक्षक परेशान

**जबलपुर।** जिले के पाटन ब्लॉक के सकरा संकुल मे पदस्थ एक भृत्य से संकुल के अतिथि शिक्षक बेहद परेशान है। बताया गया है कि भृत्य होने के बावजूद वह लिपिक का काम करता है और भृत्य हर काम के लिए अतिथि शिक्षकों से लगातार पैसों की मांग करता है। जिला शिक्षा अधिकारी को दी गई शिकायत में यह आरोप लगाया है कि संकुल में लिपिक नहीं होने के कारण भृत्य लिपिक का कार्य देख रहा है और उसकी क्रियाकलापों से सकरा एवं सरोंद संकुल के अतिथि शिक्षक लगातार परेशान है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि पिछले साल पैसे नहीं मिलने पर इसी भृत्य ने पाटन के प्राथमिक शिक्षकों की. क्रमोन्नति की फाईल ही गायब कर दी थी जिससे कुछ लोग छूट गये थे। इसका बात करने का तरीका भी अत्यंत अशोभनीय है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में की गई शिकायत में यह भी आरोप लगाया है कि वर्तमान और पूर्व बीईओ के द्वारा इन्हें प्रश्रय दिया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भी शिकायत पर कार्रवाई नहीं हो रही हैं। शिकायत की एक प्रति कलेक्टर को भी दी गई है। अतिथि शिक्षक संघ ने यथाशीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर जिला स्तर आंदोलन की बात कही हैं।

# कार का सौदा कर हड़पे 3 लाख

जबलपुर।

मदनमहल थानांतर्गत तीन पत्ती चौक के समीप सेकेंड हेंड कार बेचने वाली आटो डील दुकान के संचालक ने एक कार बेचने का सौदा कर एक ग्राहक के दो लाख 80 हजार रुपये हड़प लिए। पुलिस ने आरोपी आटो डील दुकान के संचालक को अभिरक्षा में लिया है। मदनमहल पुलिस ने बताया कि पिंडरई नैनपुर मंडला निवासी अब्दुल अज्जू खान ने अख्तर खान को तीन पत्ती चौक स्थित आटो डील दुकान एनआर कार बाजार से वर्ष 2017 की बुलेरो कार को खरीदने के लिए 6 लाख 20 हजार रुपये में सौदा तय किया था। जिसमें अख्तर खान ने 2 लाख 70 हजार रुपये पहले ही यह कहते हुए ले लिए थे कि यह अपना कमीशन काट कर बांकी रकम कार के मालिक को दे देगा। अब्दुल अज्जू खान ने अख्तर को 70 हजार रुपये ऑनलाईन तथा एक लाख 60 हजार रुपये दुकान में नगद दिए। इसके बाद अख्तर के भांजे ने अब्दुल अज्जू खान को बुलेरो कार क्रमांक एमपी 16 बीडी 1069 को 12 जनवरी को सिवनी जिले के कहानी ग्राम में हेंडओवर किया। जहां अब्दुल अज्जू खान ने ड्राइवर को 50 हजार रुपये नगदी दिए। इस तरह अब्दुल अज्जू खान कार बाजार के मालिक अब्दुल अख्तर खान को 2 लाख 80 हजार रुपये दे चुका था।

### आटो डील का संचालक गिरफ्तार

अब्दुल खान ने गाड़ी पर 4 लाख रुपये महिन्द्रा बैंक शाखा मंडला से फाइनेंस कराये थे। जिसमें 3 लाख 40 हजार रुपये की राशि अख्तर खान के खाते में आ चुकी है। महिन्द्रा फाइनेंस वाले बोले कि 50 हजार रुपये तभी देंगे जब गाड़ी की आर सी तुम्हारे नाम पर आएगी। इसके बावजूद अख्तर खान ने गाड़ी अब्दुल के भाई के नाम पर ट्रांसफर नहीं कराई। फरवरी में अब्दुल अज्जू खान के पास कार मालिक नवल किशोर तिवारी का फोन आा। वह बोला कि गाड़ी का एक लाख 85 हजार रुपये मुझे नहीं मिला है। अब्दुल अज्जू खान ने कहा कि इस गाड़ी के मैं अभी तक 2 लाख 80 हजार रुपये कार बाजार के संचालक अख्तर खान को दे चुका हूं। नबल किशोर ने कहा कि अख्तर ने मुझे कोई पैसा नहीं दिया है। अब्दुल अज्जू खान ने अख्तर से पैसा वापस मांगा तो वह टाल मटोली करने लगा। पुलिस ने कार का सौदा कर 2 लाख 80 हजार रुपये हड़पने वाले कार बाजार के संचालक अख्तर खान को अभिरक्षा में लिया है।

सिविक सेंटर में भूकंप स्मृति स्तंभ पर दी गई श्रद्धांजलि

# जनजागृति दिवस के रूप में मनी भूकंप की 28वीं बरसी

**जबलपुर। जबलपुर में 22 मई 1997 को आये भूकंप की 28वीं बरसी आज भूकंप जनजागृति दिवस के रूप में मनाई गई। कोरोना काल के बाद भूकंप आपदा दिवस पर होने वालें जनजागरुकता कार्यक्रम बंद हो गए है। इसके पहले सिविक सेंटर प्रेस कम्पलेक्स पर आयोजित एक कार्यक्रम में जनसामान्य को प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी दी जाती रही और राहत व बचाव कार्यों का जीवंत प्रदर्शन भी किया जाता था। सिविक सेंटर में बने भूकंप स्मृति स्तंभ में कुछ लोगों ने आकर जरुर श्रद्धांजलि अर्पित की।**

उल्लेखनीय है कि आज से 28 साल पूर्व 22 मई 1997 की वह काली रात कोई नहीं भूल पाता, जब लोग गहरी नींद में सो रहे थे तब धरती हिली और पल भर में सब कुछ धराशायी हो गया था। इस विनाशकारी भूकंप में 22 लोगों की जाने गई थी और कई हजार मकान धराशायी हो गये थे। 6.5 रियेक्टर की तीव्रता वाले भूकंप ने जबलपुर की जमीन हिलाकर रख दी थी। मई के महीने में भीषण गर्मी होने की वजह से अधिकांश लोग घरों के बाहर सो रहे थे। इस कारण भगदड़ का माहौल बन गया था। भूकंप का अभिकेन्द्र बरेला रोड पर कोसमघाट के पास था। जहां सैकड़ों गरीबों की बस्तियां उजड़ गयी थी। 22 मई 1997 को सुबह 4 बजकर 22 मिनिट पर आये इस भूकंप की याद ताजा होते ही लोगों की रूह कांप जाती है।

### भूकंप वेधशाला भी नहीं बन सकी

भूकंप संवेदी जोन टीम में शामिल जबलपुर में एक अत्याधुनिक भूकंपमापी वेधशाला की आवश्यकता महसूस की गई थी लेकिन उस वक्त बरगी के पास आनन-फानन में एक वेधशाला स्थापित की गई, जो बाद में बंद हो गयी। आज स्थिति यह है कि भूगर्भीय हलचल के लिए दिल्ली वेधशाला पर निर्भर होना पड़ता है।

### आपदा प्रबंधन का आज भी नहीं कोई इंतजाम

भूकंप के समय आपदा प्रबंधन को लेकर जो कड़वे अनुभव सामने आये थे, उस पर खूब चिल्लपों मची थी। लेकिन समय के साथ-साथ सब कुछ ठंडा हो गया। आज शहर में आपदा प्रबंधन के नाम पर कुछ भी नहीं है। न अस्पतालों में व्यापक व्यवस्थाएं है और न ही प्रशिक्षित नागरिक वार्डन कलेक्ट्रेट में आपदा प्रबंधन शाखा खोली गई थी लेकिन अब सिर्फ इस शाखा में भी कोई जागरुकता के कार्यक्रम नहीं होते।

### अब क्यों नहीं मचता भूकंप सरचार्ज का हल्ला

तत्कालीन दिग्विजय सिंह सरकार द्वारा भूकंप पीड़ितों के राहत कार्यो के लिए 5 प्रतिशत सरचार्ज लगाकर 6 सौ करोड़ रूपये की राशि वसूल की गई थी। उस वक्त राज्य सरकार में विपक्ष की भूमिका में भारतीय जनता पार्टी थी तब खूब हो हल्ला मचाया गया था कि यह सरचार्ज की राशि अकेले जबलपुर शहर में विकास के लिए खर्च की जाए लेकिन राज्य में सत्तारूढ दल होने के बाद पिछले 25 सालों से भाजपा नेताओं का मुंह बंद हो गया और कांग्रेसी तो अपनी उपस्थिति का एहसास भी दर्ज नहीं करा पा रहे है।

पुण्यश्लोक लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती पर भाजपा कार्यालय में हुई रंगोली प्रतियोगिता

## लोकमाता अहिल्या देवी की जीवन गाथा के साथ ऑपरेशन सिंदूर की कृतियों ने मन मोहा





**जबलपुर।** पुण्यश्लोक लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा निर्धारित 10 दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला के दूसरे दिवस भाजपा कार्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अल्प प्रवास पर जबलपुर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद वीडी शर्मा ने कार्यालय पहुंचकर देवी अहिल्या बाई के जीवन वृत पर आधारित चित्र प्रदर्शनी एवं रंगोली की कृतियों का अवलोकन किया। इस अवसर पर वीडी शर्मा ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने केदारनाथ से रामेश्वरम और द्वारका से गयाजी तक सांस्कृतिक विरासतों का पुनरुद्धार और लोकसेवा के समानांतर कार्य किये। धर्म की रक्षा, प्रजा के उत्थान एवं सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण की दिशा में उनके द्वारा किए गये कार्य हम सभी के लिए प्रेरणापुंज हैं।

भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने रंगोली प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण के अवसर पर कहा लोकमाता देवी अहिल्या बाई के त्रिशताब्दी वर्ष के अवसर पर भाजपा संगठन के आह्वान पर 21 मई से 31 मई तक दस दिनों तक देवी अहिल्या के जीवन के साहस और संघर्ष को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिनमें वैचारिक, साहित्यिक, रचनात्मक और सामूहिक आयोजन हो रहे हैं, उसी कड़ी में आज रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया रंगोली प्रतियोगिता में 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें मान्या पाठक को प्रथम, नीलम वर्मा को द्वितीय, सची सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, जिन्हें जिला संगठन द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसी के साथ प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, अश्वनी परांजपे, जय सचदेवा, रूपा राव, विभा उपाध्याय, कल्पना तिवारी, श्वेता सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, दीपमाला केसरवानी, आभा साहू, नुपुर लखेरा, दीपिका चौहान के साथ अनेक महिला कार्यकर्ता उपस्थित थीं।

## एमपीएससी में डॉ. अर्पित शुक्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया



**जबलपुर।** एमपीएससी परीक्षा में संस्कारधानी के आशीष शुक्ला के छोटे भाई एवं अखिलेश शुक्ला के पुत्र डॉक्टर अर्पित शुक्ला ने मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अर्पित की इस सफलता पर तपन जायसवाल, विशाल सक्सेना, डॉक्टर शोभित वर्मा, डॉक्टर आई के खन्ना, शरद गुप्ता, रतन खरड, आर एन पहारिया, अखिलेश बरसईयां, डॉक्टर बी के साहू, आशीष शुक्ला, अवधेश कटारे, आदित्य पंडित, अभिषेक शुक्ला, अजय शुक्ला, राजा शुक्ला, श्रद्धा पंडित, साक्षी शुक्ला, अस्तित्व शुक्ला, डॉक्टर रश्मि शुक्ला, शालनी कटारे, मनीषा शुक्ला, आशीष तिवारी, अमरीश तिवारी, सुरेश वर्मा, रवि चौबे आदि ने शुभकामनाएं दीं है।

## एमजी खटवानी मोटर्स ने रचा इतिहास



जबलपुर। खटवानी मोटर्स - एमजी जबलपुर ने 18 मई को एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जब **Hilton Garden Inn Hotel** से एक ही दिन में 21 **Windsor Pro EV** की शानदार डिलीवरी की गई। जहाँ आमतौर पर जबलपुर शहर में एक महीने में 15-17 **EV** वाहनों की बिक्री होती है, वहीं एमजी जबलपुर ने यह संख्या एक ही दिन में पार कर नया कीर्तिमान स्थापित किया।यह आयोजन न केवल **JSW MG** ब्रांड की लोकप्रियता का प्रमाण है, बल्कि खत्वानी मोटर्स की उत्कृष्ट ग्राहक सेवा, दूरदर्शी नेतृत्व और समर्पित टीम की मेहनत का प्रतिफल भी है।**Windsor Pro EV** एक क्रांतिकारी इलेक्ट्रिक कार है जो अपनी परफॉर्मेंस, प्रीमियम डिजाइन और तकनीकी नवाचार के लिए जानी जाती है।

ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चें ले रहे प्रशिक्षण

## पहियों पर गति और संतुलन का कमाल है स्केटिंग



**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में तरंग प्रेक्षागृह परिसर में आयोजित 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन स्केटिंग प्रशिक्षण शिविर में प्रातःकालीन सत्र नन्हें प्रशिक्षणार्थियों को गति व संतुलन के सामजंस्य को सैद्धांतिक व व्यावहारिक रूप से समझाने में सफल हो रहा है। इस शिविर में विभिन्न आयु वर्ग के 73 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं जिनमें 41 लड़के व 32 लड़कियां हैं। स्केटिंग प्रशिक्षण में लांग जम्प, रेस, टर्न बैक, स्पीड जम्प, रोड रेस का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षणार्थी बच्चे काफ़ी तेज गति से स्केटिंग करने लगे हैं। प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को स्केटिंग करते हुए बॉस्केटबाल खेलने का प्रशिक्षण विशेष रूप से दिया जा रहा है। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता व अन्य पदाधिकारियों ने स्केटिंग सीख रहे बच्चों से भेंट कर उनका उत्साह बढ़ाया। जो बच्चे कल तक स्केट पर खड़े नहीं हो पाते थे, उन्हें स्केटिंग में करतब करते देख परिषद के महासचिव ने हर्ष व्यक्त किया। ऋषभ यादव व अनंत मिश्रा नन्हें बच्चों को स्केटिंग का प्रशिक्षण दे रहे हैं।

## उर्स में अकीदत का सैलाब, सूफी कलाम से रोशन हुई रात



**जबलपुर।** हाई कोर्ट के सामने स्थित कचहरी वाले बाबा साहब के आस्ताने पर चल रहे पांच दिवसीय उर्स में अकीदत का सैलाब उमड़ पड़ा है। उर्स के पहले दिन से ही शुरू हुआ जायरीनों का हुजूम अब अपने शबाब पर पहुंच गया है। शहर के कोने-कोने से अकीदतमंदों ने सजी हुई चादरें शरीफ बाबा साहब के दरबार में पेश कीं। देर रात तक भी बाबा साहब का आस्ताना 'या बाबा साहब' के नारों से गूंजता रहा और हर उम्र के जायरीन अपनी मुरादें लेकर यहाँ पहुँच रहे थे।उर्स कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा व्यवस्थाएँ संभाली जा रही हैं। सज्जादानशीन बाबर खां बंदानवाजी और खादिम ए आला चंगेज खान अशरफी लगातार अकीदतमंदों को खास दुआओं से नवाज रहे थे। दरगाह पर आने वाले हर जायरीन को सुकून और इत्मीनान मिल रहा है। उर्स शरीफ के तीसरे दिन बुधवार को अकीदत और कलाम का अद्भुत संगम देखने को मिला। हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल नदीम जाफर इकबाल वारसी ने अपनी दिलकश आवाज में एक से बढ़कर एक सूफी कलाम पेश किए, जिसमें समाईन झूम उठे। कव्वालों ने अपनी आवाज के जादू से ऐसी समां बांध दी कि देर रात तक भी महफिल में रौनक बनी रही। गरीब नवाज की शान में जब कव्वाल ने कलाम पढ़ा "तेरे रुख की ज्यारत हो गई है, निगाहों की इबादत हो गई है..." इसमें अकीदतमंदों ने कव्वाल हज़रत के कलाम पर दिल खोलकर नजराना पेश किया। अल सुबह तक चली कव्वाली का समापन सलातो-सलाम के साथ हुआ, जिसने पूरे माहौल को रूहानी कैफियत से भर दिया।

कव्वाली- उर्स शरीफ के चौथे दिन सूफियाना कव्वाल जनाब आमिल वारसी (दिल्ली) की कव्वाली का एहतेमाम किया गया है। खादिम ए दरगाह ने शिरकत की गुज़ारिश की है।



## स्वच्छ सर्वेक्षण में शहर को नंबर वन लाने प्रयास जारी

**जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर पालिक निगम जबलपुर की सहयोगी संस्था ओम साईं विजन की टीम द्वारा लगातार जबलपुर शहर को नंबर वन पर लाने का प्रयास किया जा रहा है और व्यापारिक एवं रहवासी क्षेत्र में कचरा पृथक्कीकरण गतिविधि के तहत रहवासी क्षेत्र के लोगों को अपनी दुकानों एवं घर के आसपास कचरा न फैलाने और जबलपुर को स्वच्छ बनाने के लिए कचरा पृथक्कीकरण होमकम्पोस्टिंग, कचरा नाली और रोड में न फेंकने एवं कचरे को डोर टू डोर गाड़ी में ही डालने, सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथीन का उपयोग न करने और अपने आसपास साफ-सफाई रखने का संदेश दिया गया एवं नगर निगम के कार्यों में सहयोग करने की अपील की गई।



## सीएसपी बरगी व थाना प्रभारी ने नौका विहार स्थल का किया निरीक्षण

**जबलपुर।** सी.एस.पी. बरगी एवं थाना प्रभारी भेड़ाघाट द्वारा 22/05/2025 को सायं 6:00 बजे संयुक्त रूप से नौका विहार स्थल पंचवटी भेड़ाघाट में नौका विहार कराये जाने के संबंध में निरीक्षण किया गया, जिसमें उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया कि नौका विहार के दौरान पर्यटकों को लाइफ जैकेट अवश्य पहनायें। कार्यक्रम में निकाय अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी, उपाध्यक्ष जगदीश दाहिया, पार्षद संध्या पटेल, अजय पटेल, पूर्व उपाध्यक्ष हीरेन्द्र प्रताप सिंह, सीएमओ विक्रम सिंह झारिया, राजस्व उप निरीक्षक अनुज सिंह, नावघाट प्रभारी लक्ष्मीनारायण दुबे आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



## खटवानी किआ में ऑल न्यू किआ क्लाविस की लॉन्चिंग

**जबलपुर।** किया मोटर्स के अधिकृत विक्रेता खटवानी किया में लोकप्रिय **MPV** न्यू किआ क्लाविस की लॉन्चिंग श्री लेखराज सिंह (मुन्ना भैया) एवं श्री रामचंद्र खटवानी जी द्वारा की गई।किआ क्लाविस की विशेषता बताते हुए, खटवानी किया के संचालक श्री रोहित खटवानी ने जानकारी दी कि विगत 5 वर्षों के अंतराल में ही, जबलपुर में किया **SUV/ MUV** के 7000 से ज्यादा संतुष्ट ग्राहक बना कर एक नया कीर्तिमान बनाया हैं, अपने संतुष्ट ग्राहकों की बढ़ती मांग को देखते हुए, किया मोटर ने अपने न्यू मॉडल किआ क्लाविस में और भी आधुनिक फीचर, तकनीकी का उपयोग करते हुए लांचिंग की है, जिसमें सुरक्षा हेतु 18 स्टैण्डर्ड सेफ्टी फीचर्स, देश कैम, अदास लेवल 2, पनोरामिक सुनरूफ, 26 इंच टच स्क्रीन नवीगेशन डिस्प्ले और न्यू ट्रीटन नेवी कलर का इंटीरियर डबल डी कट ड्यूल टोन स्टीरिंग और न्यू 17 इंच एलॉय व्हील के साथ, जो व्हीकल के एक्सटीरियर को काफी अच्छा खूबसूरत बनाते हैं। खटवानी किया के वाईस प्रेसिडेंट सिद्धार्थ नायर और जनरल मैनेजर शरद शर्मा, एवं कस्टमर एक्सपीरियंस मैनेजर रश्मि वर्मा द्वारा उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों व ग्राहकों का अभिनंदन किया, सभी ग्राहक काफी प्रसन्न दिखाई दिए एवं उन्होंने **Clavis** की सराहना की।

## करियर काउंसलर्स को अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन की सदस्यता प्राप्त



**जबलपुर।** संभागीय मार्गदर्शन एवं परामर्श केन्द्र, स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा विभाग, जबलपुर संभाग, जबलपुर के वरिष्ठ कॉउंसलर डॉ. सुमित पासी, डॉ. नीलिमा एवं श्रीमती उर्मिला शर्मा को मनोविज्ञान के क्षेत्र में किए गए स्वेच्छिक सेवा कार्यों के लिए मनोवैज्ञानिकों के प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय संगठन अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन, वाशिंगटन (डी.सी) (एपीए) ने अंतर्राष्ट्रीय संबद्धीकरण और सदस्यता प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग, जबलपुर ने बताया कि यह काउंसलर संभागीय कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ में विगत 10 वर्षों से निःशुल्क कॅरियर काउंसलिंग एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श विद्यार्थियों को प्रदान कर रहे हैं और इन्हें अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के द्वारा सदस्यता प्रदान करना बहुत ही गर्व की बात है। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन (एपीए) की अंतरराष्ट्रीय सदस्यता मनोविज्ञान के क्षेत्र में व्यावसायिक रूप से कार्य करने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। इस अवसर पर डॉ. पवन तिवारी, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा उपस्थित रहे।




**श्री विजय कुमार भसीन-** सैनिक सोसायटी शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री विजय कुमार भसीन (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मूलचंद बर्मन-** नई बस्ती बर्मन मोहल्ला गौरीघाट निवासी श्री मूलचंद बर्मन (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुशीला साहू-** रामेश्वर कॉलोनी उखरी रोड निवासी श्री गनेश साहू की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला उर्फ संध्या साहू (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राकेश कुमार रैकवार-** यादव कॉलोनी पटेल मोहल्ला निवासी श्री राकेश कुमार रैकवार (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री डीएम सहारे-** संचार नगर दीनदयाल चौक के पास निवासी श्री डीएम सहारे (88)

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सिंगल साइज:- 8x5 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज:- 8x5 से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज 10x8 से मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362180

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्र. 11/19-20/ दिनांक 22-05-2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विशाल पटैरिया पिता श्री महेन्द्र पटैरिया ने वार्ड क्रमांक 54 वाई का नाम पं जवाहर लाल नेहरू वार्ड के भवन क्रमांक 673 ब्यौहार बाग डॉ. पाण्डे अस्पताल के पीछे भूतल 700 वर्गफुट, प्रथम तल 700 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री मनीष कुमार - सतीश कुमार श्रीमति सुमन मावई पिता स्व. कृष्ण कुमार का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/14
दिनांक:- 22/05/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री (1) मुसददिका अली (2) श्री मुशहिद अली दोनों के पिता श्री अफसर अली ने मकान नं. 1637/10 टी 1 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती द्वितीय तल 780 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/15
दिनांक:- 22/05/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री (1) अमित पाण्डेय पिता स्व. श्री एम. के. पाण्डेय (2) श्रीमति एकता पाण्डेय पति श्री अमित पाण्डेय ने मकान नं. 913/203 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी द्वितीय तल 828 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/16
दिनांक:- 22/05/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सतीश कुमार बिल्लौरे पिता स्व. श्री काशीनाथ बिल्लौरे ने मकान नं. 969/1 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 400+1125 व.फु., प्रथम तल 750 व.फु. शपथपत्र/सहमति पत्र/ मृत्यू प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, **PRAMILA HARINATH TIWARI** is legally Mother of No **15692607N** Rank **L/HAV** Name **INDRAJEET HARINATH TIWARI** presently, residing at **VILL-A 17, GANGANAGAR NEAR HEAVY WATER COLONY, DANTESHWAR, PO- PRATAPNAGAR, TEH- DANTESHWAR DISTT- VADODARA (GUJRAT)-390004** I, have changed of my name and date of birth from name **PARMILA H TIWARI** and date of birth **01/07/1967** (Name and date of birth as per my SON, Army service records)) to name **PRAMILA HARINATH TIWARI** and date of birth **12/07/1967** (name and date of birth as per my **AADHAR CARD**) vide affidavit dated **22/05/2025** formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR
**CORRECT NAME-PRAMILA HARINATH TIWARI**
**INCORRECT NAME-PARMILA H TIWARI**
**CORRECT DATE OF BIRTH-12/07/1967**
**INCORRECT DATE OF BIRTH-01/07/1967**

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, **HARINATH RAMSAKAL TIWARI** is legally Father of No **15692607N** Rank **L/HAV** Name **INDRAJEET HARINATH TIWARI** presently, residing at **VILL-A 17, GANGANAGAR NEAR HEAVY WATER COLONY, DANTESHWAR, PO- PRATAPNAGAR, TEH- DANTESHWAR DISTT- VADODARA (GUJRAT)-390004** I, have changed of my name and date of birth from name **HARINATH R TIWARI** and date of birth **01/07/1964** (Name and date of birth as per my **SON,** Army service records)) to name **HARINATH RAMSAKAL TIWARI** and date of birth **15/05/1967** (name and date of birth as per my **AADHAR CARD**) vide affidavit dated **22/05/2025** formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR
**CORRECT NAME-HARINATH RAMSAKAL TIWARI**
**INCORRECT NAME-HARINATH R TIWARI**
**CORRECT DATE OF BIRTH-15/05/1967**
**INCORRECT DATE OF BIRTH-01/07/1964**

## खबर संक्षेप

### डॉलर के मुकाबले रुपया 37 पैसे टूटकर 85.96 पर बंद



**मुंबई।** आयातकों एवं विदेशी बैंकों की डॉलर की लगातार बढ़ती मांग के बीच अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार को 37 पैसे टूटकर 85.96 पर बंद हुआ। अमेरिकी बॉन्ड पर बढ़ता प्रतिफल वैश्विक निवेशकों को परेशान कर रहा है। भारत और अमेरिका के बीच घटते प्रतिफल के अंतर के कारण भारतीय परिसंपत्तियां कम आकर्षक हो रही हैं।

### सेबी कर रही इंडसइंड बैंक के गंभीर उल्लंघन की जांच



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बृहस्पतिवार को कहा कि इंडसइंड बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन के किसी भी '' गंभीर उल्लंघन '' की बाजार नियामक जांच कर रहा है। इंडसइंड बैंक के मुद्दों से आरबीआई निपटेगा, लेकिन सेबी संकटग्रस्त बैंक के अधिकारियों द्वारा प्रतिभूति बाजार के उल्लंघन की जांच कर रहा है।

### आईटीसी का लाभ चार गुना होकर 19,807 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही कंपनी आईटीसी लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में करीब चार गुना होकर 19,807.8 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का एक साल पहले समान तिमाही में मुनाफा 5,013.18 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी की परिचालन आय 20,376.3 करोड़ रुपये पर लगभग स्थिर रही।

### ओएनजीसी के शुद्ध लाभ में 35 फीसदी की गिरावट




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) के जनवरी-मार्च तिमाही के शुद्ध लाभ में 35 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 6,448 करोड़ रुपये रहा, जबकि 2023-24 की इसी तिमाही में यह 9,869 करोड़ रुपये था।

### ऑयल इंडिया का लाभ 21% घटकर 1591करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल इंडिया लि. का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2024-25 की मार्च तिमाही में 21 प्रतिशत घटकर 1,591.48 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले 2023-24 की इसी तिमाही में उसे 2,028.83 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

### कोलगेट पामोलिव के लाभ में छह फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली।** कोलगेट-पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में छह प्रतिशत घटकर 355 करोड़ रुपये रह गया। बिक्री में गिरावट की वजह से कंपनी का मुनाफा नीचे आया है। 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 379.82 करोड़ रुपये रहा था। कोलगेट लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल आमदनी चौथी तिमाही में 1,481.57 करोड़ रुपये रही, जो 2023-24 की समान तिमाही में 1,512.66 करोड़ रुपये थी।

# टोयोटा लाई ऐसी हाइब्रिड एसयूवी, जो पेट्रोल खत्म होने पर भी 80 किमी तक दौड़ेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टोयोटा ने ग्लोबल बाजार में अपनी न्यू जेन आरएवी4 एसयूवी को पेश किया है। इस एसयूवी को स्टाइलिश बोल्ड लुक, दमदार फीचर्स और हाइब्रिड पावर सेटअप के साथ पेश किया गया है। इसे आने वाले महीनों में कंपनी ऑफिशियली लांच कर देगी। हालांकि, इसके भारतीय बाजार में एंट्री को लेकर अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है।

- संभावित शुरूवाती कीमत 25 .5 लाख रुपए से

इस 6वें जेन टोयोटा आरएवी4 एसयूवी का डिजाइन काफी स्पोर्टी और अट्रैक्टिव है। इसे ग्लोबल मार्केट में मिनी फॉर्च्यूनर भी कहा जाता है। आरएवी4 एसयूवी में शार्प फ्रंट ग्रिल और मजबूत बॉडी लाइन्स दी गई हैं, जो इसके रोड प्रजेंस को कई गुना बढ़ा देती हैं।

## न्यू जेन आरएवी4 एसयूवी देगी 35 किमी का माइलेज

### नए एरिना साफ्टवेयर पर चलती है

बात करें इसके इंटीरियर की तो इसमें 12.9-इंच का बड़ा टचस्क्रीन डिस्प्ले मिलता है, जो टोयोटा के नए एरिना सॉफ्टवेयर पर चलता है। यह सॉफ्टवेयर गाड़ी को और स्मार्ट बनाता है, जिससे नेविगेशन, म्यूजिक और कनेक्टिविटी का मजा कई गुना बढ़ जाता है। इतना ही नहीं, इस कार में 10.5-इंच का मल्टीमीडिया डिस्प्ले, वायरलेस चार्जिंग जैसे फीचर्स भी मिलते हैं।



### 8-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन

इसका पीएचईवी मॉडल में लगभग 80किमी की दूरी बगैर पेट्रोल यानी इलेक्ट्रिक मोड में तय कर सकती है। इसके साथ 8-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन और ऑल-व्हील ड्राइव ऑप्शन मिलते हैं। यह गाड़ी करीब 35किमी तक का माइलेज देने में सक्षम होगी। वहीं, 0-100 किमीप्रतिघंटे की स्पीड 5.8 सेकेंड में पकड़ सकती है।

*टॉप मॉडल की कीमत 32.5 लाख रुपए : इसके साथ, इसमें 6 एयरबैग्स, पार्किंग कैमरा, सीट बेल्ट जैसे फीचर्स को स्टैंडर्ड तौर पर दिया जाएगा। अमेरिकी बाजार में इसकी संभावित कीमत लगभग 30,645 डॉलर (लगभग 25.5 लाख रुपए) से शुरू होगी, जो टॉप मॉडल में 38,950 डॉलर (लगभग 32.5 लाख रुपए) तक जाएगी।*

### इंजन पावर

नई 6वें जनरेशन टोयोटा आरएवी4 एसयूवी में हर ट्रिम अब स्ट्रांग हाइब्रिड या प्लग-इन हाइब्रिड ऑप्शन के साथ उपलब्ध है। दोनों इलेक्ट्रिक सेटअप के साथ 2.5-लीटर 4-सिलेंडर इंजन का इस्तेमाल किया गया है, जो स्ट्रांग हाइब्रिड में 236 एचपी और पीएचईवी मोड में 320 एचपी जेनरेट करता है।

*सेफ्टी से कोई समझौता नहीं : कंपनी ने सेफ्टी के साथ कोई समझौता नहीं किया गया है। ये एसयूवी टोयोटा सेफ्टी सेंस के साथ आती है, जिसके तहत ऑटोमेटेड इमरजेंसी ब्रेकिंग, लेन डिपार्चर अलर्ट, अडैप्टिव क्रूज कंट्रोल और ब्लाइंड स्पॉट मॉनिटरिंग जैसे फीचर्स मिलते हैं। आरएवी4 एसयूवी को जीआर स्पोर्ट वर्जन में भी पेश किया गया है, जो इसका स्पोर्टी अवतार है।*

## आरबीआई ने जारी अपने मई बुलेटिन में कहा

# प्रमुख खाद्य फसलों की मंडी में औसत कीमत न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम

- गेहूं को छोड़ अन्य खाद्य फसलों की एमएसपी कम
- अनाज और दालों की कीमतों में व्यापक आधार पर नरमी
- केंद्र सरकार 23 फसलों के लिए एमएसपी तय करती है

एजेंसी ▶▶| मुंबई

*खरीफ और रबी फसलों की भारी पैदावार से गेहूं को छोड़कर प्रमुख खाद्य फसलों की मंडी में औसत कीमत, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा बुलेटिन के अनुसार, मई माह के अब तक (19 मई तक) खाद्य मूल्य आंकड़ों से अनाज और दालों दोनों की कीमतों में व्यापक आधार पर नरमी दिखी है।*

केंद्र सरकार 23 फसलों (14 खरीफ, सात रबी और दो वाणिज्यिक फसलों) के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करती है। हालांकि, यह खाद्य सुरक्षा के उद्देश्य से राशन दुकानों से वितरण के लिए कुछ वस्तुओं, खासकर गेहूं और चावल की खरीद करती है।

### औसत मंडी कीमतें कम हुई

लेख में कहा गया, '' खरीफ व रबी की प्रमुख फसलों की भरपूर पैदावार तथा खाद्य मुद्रास्फीति से निपटने के लिए नीतिगत उपायों के परिणामस्वरूप प्रमुख खाद्य फसलों (गेहूं को छोड़कर) की औसत मंडी कीमतें कम हुई हैं तथा वे अपने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से भी कम हैं जो देश की खाद्य सुरक्षा के लिए अच्छा संकेत है।''

### दालों की बुवाई पूरी हो चुकी

लेख में कहा गया कि ग्रीष्मकालीन फसलों के मामले में, विशेष रूप से दालों की बुवाई लगभग पूरी हो चुकी है। धान की बुवाई (कुल ग्रीष्मकालीन क्षेत्रफल का लगभग 43 प्रतिशत) 16 मई 2025 तक पूरे सत्र के सामान्य क्षेत्रफल का 107.6 प्रतिशत थी, जबकि मूंग (कुल सत्र के क्षेत्रफल का लगभग 27 प्रतिशत) की बुवाई 108.2 प्रतिशत थी।



### प्याज की कीमतों में सुधार हुआ

आरबीआई के मई बुलेटिन में अर्थव्यवस्था की स्थिति पर प्रकाशित लेख में कहा गया कि दूसरी ओर, सोयाबीन, सूरजमुखी और सरसों तेल के दाम में बढ़ोतरी के कारण खाद्य तेल की कीमतों में बढ़ोतरी जारी रही। हालांकि, पाम और मूंगफली तेल की कीमतों में नरमी आई। प्रमुख सब्जियों में प्याज की कीमतों में और सुधार हुआ जबकि आलू तथा टमाटर की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई।



### गेहूं पर 175 रुपए क्विंटल के बोनस की घोषणा

लेखकों ने कहा कि औसत मंडी कीमतों का आंकड़ा एक अप्रैल से 19 मई 2025 की अवधि से जुड़ा है। केंद्रीय बैंक के अनुसार, लेख में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और ये भारतीय रिजर्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। राजस्थान और मध्य प्रदेश ने गेहूं के लिए एमएसपी पर 150 रुपये प्रति क्विंटल और 175 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस देने की घोषणा की है।

### सामान्य से अधिक वर्षा का अनुमान

ग्रीष्मकालीन बुवाई का कुल क्षेत्रफल 80.7 लाख हेक्टेयर रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 11.9 प्रतिशत अधिक है। लेख में कहा गया, इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून से सामान्य से अधिक वर्षा का अनुमान है और इसकी संभावित समय से पहले शुरुआत आगामी खरीफ सत्र के लिए शुभ संकेत है। इसमें कहा गया, प्रमुख उर्वरकों (फॉस्फेटिक उर्वरकों को छोड़कर) की अनुमानित आवश्यकता भी पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है।

# चांदी 2,040 रुपए चढ़कर एक लाख रुपए के पार



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- सोना 200 रुपए बढ़कर 98,650 रुपए प्रति दस ग्राम

आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की मांग बढ़ने के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 98,650 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये बढ़कर 98,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। वहीं, स्थानीय बाजारों में चांदी की कीमतें बृहस्पतिवार को 2,040 रुपये बढ़कर एक लाख रुपये प्रति किलोग्राम के महत्वपूर्ण स्तर को पार कर 1,01,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गईं। एसोसिएशन ने कहा कि मजबूत वैश्विक रुझानों और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने भी स्थानीय कीमतों का समर्थन किया। अबान्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, ''आर्थिक स्थिरता को लेकर नई चिंताओं के बाद डॉलर के दबाव में रहने से सोने की कीमतों में तेजी जारी रही।'

### हाजिर सोने में 0.50 फीसदी की गिरावट

इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 0.50 प्रतिशत गिरकर 3,298.69 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर रहा। अमेरिकी डॉलर सूचकांक में तीव्र गिरावट और अमेरिकी ऋण को लेकर नई चिंताओं के कारण सोने की कीमतों में सकारात्मक कारोबार हुआ।

# सेंसेक्स 645 अंक फिसला, निफ्टी में भी गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के संकेतों से पैदा हुए बिकवाली के दबाव में बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार खासी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 645 अंकों के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी में 204 अंकों की गिरावट रही।

बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी और अमेरिका में ऋण चिंताओं का असर भारतीय बाजारों पर देखा गया। खासकर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), तेल और दैनिक उपभोग के सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों में बिकवाली हावी रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 644.64 अंक यानी 0.79 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,951.99 अंक पर बंद हुआ।



- वैश्विक बाजारों में कमजोरी से बिकवाली का रहा दबाव
- निफ्टी में भी 204 अंक की रही गिरावट

*इन शेयरों में रही घट-बढ़ : सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 कंपनियों में से 27 नुकसान में रहीं। महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज और मारुति के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ, इंडसइंड बैंक, भारती एयरटेल और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।*

## नालको का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में दोगुना




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की नालको का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2024-25 की मार्च तिमाही में दोगुना होकर 2,067.23 करोड़ रुपये रहा है। मुख्य रूप से परिचालन आय बढ़ने के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लि. (नालको) ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले इसी तिमाही में उसे 996.74 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी की परिचालन आय मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही में बढ़कर 5,267.83 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 3,579.05 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का लाभ बढ़कर 5,267.94 करोड़ रुपये हो गया जो 2023-24 में 1,988.46 करोड़ रुपये था।

# एक्सेंचर भारत में 15,000 कर्मियों को करेगी पदोन्नत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- कंपनी दुनियाभर में 50 हजार कर्मचारियों को पदोन्नत करेगी

वैश्विक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी एक्सेंचर इस साल जून में लगभग 15,000 भारतीय कर्मचारियों को पदोन्नत करेगी। कंपनी का यह कदम दुनियाभर में उसके 50,000 कर्मचारियों के पदोन्नत करने के अभियान का हिस्सा है। एक्सेंचर इंडिया के वरिष्ठ प्रबंध निदेशक अजय विज ने कर्मचारियों को भेजे एक आंतरिक ज्ञापन में लिखा, "...एक्सेंचर जून में दुनिया भर में लगभग 50,000 लोगों को पदोन्नत करेगी, जिसमें भारत के लगभग 15,000 लोग शामिल हैं। कुल मिलाकर, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में हमारे 43,000 से अधिक लोगों को पदोन्नति मिलेगी।

एक्सेंचर सितंबर से अगस्त के वित्त वर्ष का अनुसरण करती है। दिसंबर में, एक्सेंचर ने कुछ कर्मचारियों के लिए मूल वेतन बढ़ोतरी की थी। जून और दिसंबर के बीच, अधिकांश भारतीय कर्मचारियों के 'मूल वेतन' में बढ़ोतरी होगी। विज ने कहा, "...पात्र लोगों के लिए बोनस और प्रदर्शन इक्विटी निर्णय दिसंबर चक्र के तहत किए जाते रहेंगे, और हम उस समय मूल वेतन में वृद्धि के अवसर का मूल्यांकन करना जारी रखेंगे।"पदोन्नति और मूल वेतन वृद्धि की सूचना 26-29 मई के बीच कर्मचारियों को आंतरिक तौर पर दी जाएगी।

### दुनियाभर में कंपनी के 7,74,000 कर्मचारी

एक्सेंचर भारतीय आईटी सेवा क्षेत्र में सबसे बड़े नियोक्ताओं में से एक है, जिसके 3,00,000 से अधिक कर्मचारी हैं। दुनियाभर में कंपनी के कुल 7,74,000 कर्मचारी है। एक्सेंचर को वित्त वर्ष 2023-24 में 64.90 अरब डॉलर की आमदनी हुई थी।

# अदाणी समूह की कर-पूर्व आय रिकॉर्ड 90,000 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- समूह के पास 21 महीने के कर्ज भुगतान के लिए नकदी शेष थी
- अदाणी बंदरगाह से लेकर ऊर्जा क्षेत्र तक में कारोबार करती है

अदाणी समूह की कंपनियों ने वित्त वर्ष 2024-25 में अभी तक की सर्वाधिक कर-पूर्व आय करीब 90,000 करोड़ रुपये दर्ज की और उनके पास 21 महीने के कर्ज भुगतान के लिए नकदी शेष थी।

'दरगाह से लेकर ऊर्जा क्षेत्र तक में कारोबार करने वाले अदाणी समूह ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। समूह की इन कंपनियों की ब्याज, कर, मूल्यह्रास एवं परिशोधन (ईबीआईटीडीए) से पहले की आय छह वर्षों में तीन गुना हो गई। यह वित्त वर्ष 2018-19 के 24,870 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 89,806 करोड़ रुपये रही।

इन कंपनियों की कर-पूर्व आय वित्त वर्ष 2023-24 के 82,976 करोड़ रुपये के मुकाबले पिछले वित्त वर्ष में 8.2 प्रतिशत बढ़ी। इनकी छह वित्त वर्षों (2018-19 से लेकर 2024-25 तक) में वार्षिक वृद्धि दर 24 प्रतिशत रही। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए समूह का शुद्ध लाभ 40,565 करोड़ रुपये रहा और छह साल की वार्षिक वृद्धि दर 48.5 प्रतिशत रही।

समूह ने एक बयान में कहा कि उसकी सकल संपत्तियां छह वित्त वर्षों में 25 प्रतिशत से अधिक की सालाना वृद्धि के साथ 609,133 लाख करोड़ रुपये हो गईं। अदाणी समूह का कुल कर्ज पिछले वित्त वर्ष में बढ़कर 2.9 लाख करोड़ रुपये हो गया जबकि 2023-24 में यह 2.41 करोड़ रुपये था।

### समूह के पास 53,843 करोड़ की नकदी

वित्त वर्ष 2024-25 के अंत में समूह के पास मौजूद 53,843 करोड़ रुपये की नकदी को ध्यान में रखें तो उस पर शुद्ध ऋण 2.36 लाख करोड़ रुपये था। समूह ने कहा कि उसके पास मौजूद नकदी 21 महीनों के ऋण सेवा दायित्वों को पूरा करने करता है।

# सैमसंग भारत में सबसे पतले स्मार्टफोन का करेगा विनिर्माण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण कोरिया की स्मार्टफोन कंपनी सैमसंग ने भारत में अपने सबसे पतले स्मार्टफोन 'गैलेक्सी एस25 एज' का विनिर्माण शुरू कर दिया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने 13 मई को भारत सहित वैश्विक बाजारों में 'गैलेक्सी एस25 एज' पेश किया था।

'' 'गैलेक्सी एस25 एज' उन उपयोगकर्ताओं के लिए है जो एक ऐसा फोन चाहते हैं जो पतला हो व उसे आसानी से अपने साथ रखा जा सके..साथ बेहतरीन काम करता हो। यह मॉडल एआई सहित सभी गैलेक्सी एआई सुविधाओं से लैस है...'गैलेक्सी एस25 एज' का विनिर्माण भारत में नोएडा कारखाने में किया जा रहा है। क्वालकॉम एआई चिपसेट स्नैपड्रैगन 8 एलीट मोबाइल प्लेटफॉर्म पर विनिर्मित इस फोन कीमत 1.09 लाख रुपये से 1.22 लाख रुपये तक रखी गई है।



- 'गैलेक्सी एस25 एज' का विनिर्माण किया शुरू

*स्मार्टफोन खंड में 17 फीसदी हिस्सेदारी इसके अनुसार, खंड विस्तार के दम पर सैमसंग ने जनवरी-मार्च तिमाही में भारतीय स्मार्टफोन खंड में 17 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की। कंपनी के एस सीरीज स्मार्टफोन ने सैमसंग के प्रीमियम खंड में अब तक की सबसे अधिक हिस्सेदारी हासिल करने में मदद की, जो एस25 अल्ट्रा सीरीज द्वारा संचालित है।*

## रेटिंग एजेंसी मूडीज ने रिपोर्ट में यह आकलन किया पेश

# अगले दशक भारत तेल की मांग में चीन को पीछे छोड़ देगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले दशक में वैश्विक तेल मांग में वृद्धि को गति देने का काम भले ही चीन ने किया था लेकिन अगले दशक में भारत यह भूमिका निभाएगा। रेटिंग एजेंसी मूडीज ने एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया है। चीन दुनिया में दूसरे नंबर का तेल उपभोक्ता है जबकि भारत तीसरे स्थान पर है। लेकिन दोनों देशों की मांग वृद्धि में उल्लेखनीय अंतर है।

मूडीज रेटिंग्स ने कहा, "भारत में मांग की वृद्धि और आयात पर निर्भरता अधिक होगी। अगले दशक में भारत में मांग चीन की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ेगी, क्योंकि चीन की आर्थिक वृद्धि सुस्त हो रही है और नए ऊर्जा वाहनों का प्रवेश तेज हो रहा है।"

## चीन दुनिया में दूसरे नंबर का तेल उपभोक्ता है

### गैस उत्पादन को बढ़ावा देने की योजना

इसने कहा कि भारतीय एनओसी घरेलू तेल और गैस उत्पादन को बढ़ावा देने की योजना बना रही हैं, लेकिन इस पर अमल होना अभी बाकी है। इसके अलावा हरित प्रौद्योगिकियों में निवेश का दबाव भी भारतीय कंपनियों पर अधिक होता है।



### निवेश का दबाव भारतीय कंपनियों पर अधिक

भारतीय तेल कंपनियों को पुराने तेल कुओं और धीमे निवेश से चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त मूडीज ने दोनों देशों की तेल कंपनियों के निवेश उद्देश्यों में अंतर का भी उल्लेख किया है।

### भारत को घरेलू उत्पादन में गिरावट को रोकना होगा

मूडीज ने कहा, /"यदि भारत कच्चे तेल के घरेलू उत्पादन में गिरावट को नहीं रोक पाता है तो आयात पर उसकी निर्भरता बढ़ जाएगी।/ इसके मुताबिक, चीन की व्यापक तेल एवं गैस खपत इसकी राष्ट्रीय तेल कंपनियों (एनओसी) के पैमाने को रेखांकित करती है, जो संभवतः अगले तीन-पांच वर्षों में उत्पादन वृद्धि में अपने भारतीय समकक्षों से आगे निकल जाएंगी।

### चीन में पांच वर्षों में खपत चरम पर होगा

चीन में कच्चे तेल की खपत अगले तीन से पांच वर्षों में चरम पर होगी, जबकि भारत में मूडीज को इसी अवधि में तीन-पांच प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि की उम्मीद है।

## चिंतन

# अमेरिका की पाकपरस्त नीति से सतर्क रहना होगा

अमेरिका और पाकिस्तान की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है। दोनों भले ही रिश्तों में तल्खी का दिखावा करें, लेकिन जब भी पाकिस्तान को मदद की जरूरत होती है, अमेरिका वहां मौजूद होता है और इसके लिए वो पाकिस्तान से पूरी कीमत भी वसूलता है। इसे पाकिस्तान की मजबूरी कहें या कुछ और, वह भी अमेरिका को कीमत अदा करने के लिए तैयार रहता है, चाहे बात अफगानिस्तान में अमेरिकी हमले का समर्थन करने की हो या फिर भारत के खिलाफ भूराजनीतिक दबाव की राजनीति खेलने की, अमेरिका हमेशा से पाकिस्तान का मददगार रहा है। यहां तक कि आतंकवाद पर भी वो अनेक मौकों पर पाक के समर्थन में खड़ा दिखाई दिया है। उसके खुद के सीने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर आतंकी जख्म लगने के बाद एक बारगी अमेरिका ने आतंक पर कड़ा रुख जरूर अपनाया। यहां तक कि वर्ल्ड ट्रेंड सेंटर पर हमले का साजिशकर्ता लादेन पाकिस्तान में ही पाया गया। इसके बावजूद अमेरिका का पाक प्रेम कम नहीं हुआ। दिखावे के लिए तो अमेरिकी ने आतंकवादियों को पोषण दिए जाने को लेकर पाकिस्तान की सार्वजनिक रूप से कई बार आलोचना की। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने बार-बार पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसियों, विशेष रूप से आईएसआई, तालिबान और लश्कर-ए-तैयबा के बीच संबंधों को उजागर किया, लेकिन इसके बावजूद अमेरिका पाकिस्तान को एक रणनीतिक साझेदार बताता रहा। अमेरिका की पाक को लेकर नीति हमेशा से भारत विरोधी रही है। कौन नहीं जानता कि अमेरिका ने 1971 के युद्ध में पाकिस्तान का साथ दिया था। हथियार और पैसा दोनों से मदद की। युद्ध के दूसरे ही दिन भारत के हमले से हिले पाकिस्तान के राष्ट्रपति याह्या खान ने अमेरिकी राष्ट्रपति भवन को एक आपात संदेश भेजकर मदद मांगी थी। इसके बाद अमेरिका ने अपने सातवें बेड़े को बंगाल की खाड़ी भेजने का फैसला किया था। अमेरिका के सातवें बेड़े का मुकाबला करने के लिए तत्कालीन सोवियत संघ ने अपना एक बेड़ा भारत के समर्थन में उतार दिया था। यह बेड़ा अमेरिकी बेड़े की किसी भी कार्रवाई का जवाब देने के लिए तत्पर था, लेकिन इसकी नौबत नहीं आई। पाकिस्तानी सेना के आत्मसमर्पण के बाद अमेरिका का बेड़ा वापस लौट गया। इसके अलावा भी ऐसे अनेक मौके आए, जब अमेरिका पाक के समर्थन में खड़ा दिखाई दिया। ऐसा ही एक मौका तक भी आया, जब भारत ने सात मई को पाकिस्तान में स्थित आतंकियों पर हमला किया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रवैया पूरी तरह से पाक परस्त दिखाई दे रहा है। वो बार-बार भारत पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता की बात करते हुए दोनों देशों के बीच हुए सीजफायर का श्रेय लेने की कोशिशों में लगे हैं। यहां तक कि ट्रंप ने कश्मीर में मध्यस्थता करने का भी ऐलान कर दिया। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत पूरी सरकार कह चुकी है कि पाकिस्तान से अगर अब बात होगी तो आतंकवाद या पाक अधिकृत कश्मीर पर होगी। इसके बावजूद अमेरिका पाक का सरपरस्त बना हुआ है। असल में अमेरिका अब पाकिस्तान की विशाल खनिज संपदा का दोहन करने में रुचि दिखा रहा है। जो स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए महत्वपूर्ण है। आतंकवाद के वित्तपोषण की चिंताओं के बावजूद, अमेरिका स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए आवश्यक खनिजों के लिए पाकिस्तान को रणनीतिक साझेदार के रूप में देख रहा है। भारत को अमेरिका की इस स्वार्थ नीति से सतर्क रहना होगा।

# जहरीली शराब के लिए व्यवस्था जिम्मेदार



दो टूक
राज कुमार सिंह

आईपीएस अधिकारी से आप विधायक बने कुंवर विजय प्रताप सिंह ने यह याद दिला कर अपनी ही पार्टी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं कि 2020 के हादसे पर मौजूदा मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। हर हादसे के बाद जांच की घोषणा होती है। उसकी रिपोर्ट भी आती ही होगी, पर बार-बार हादसे बताते हैं कि उन रिपोर्टों पर सख्त कार्रवाई करते हुए जरूरी सबक नहीं सीखे जाते। अब भारतीय समाज में शराब का कारोबार और उपयोग शर्म का नहीं, बल्कि शान का प्रतीक बन गया है। हादसे रोकने में नाकाम हमारी व्यवस्था अक्सर हादसे के बाद जेम्स बांड की तरह खुलासे करने लगती है।

पंजाब में अमृतसर जिले के मजीठा ब्लॉक में जहरीली शराब ने दो दर्जन से ज्यादा लोगों की जान ले ली। अब पुलिस-प्रशासन से लेकर सरकार तक पीड़ित परिवारों को सांत्वना बंधाते हुए दावा कर रहे हैं कि वे अवैध शराब के कारोबार के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध हैं। सवाल अनुत्तरित है कि उनकी प्रतिबद्धता के बावजूद जहरीली शराब का कारोबार पंजाब में चल कैसे रहा है, जिसने अब 27 गरीबों की जान ले ली? अगर संवेदना और प्रतिबद्धता, हादसे के बाद ही जागी है, तो इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता कि वक्त गुजरने के साथ सब कुछ पहले जैसे ही चलने लगेगा।

यह टिप्पणी शासन-प्रशासन पर कठोर लग सकती है, पर अतीत का अनुभव यही बताता है। अगस्त, 2020 में जब पूरा देश कोरोना के कहर से भयाक्रांत था, पंजाब के तरनतारन, अमृतसर और बठिंडा जिलों में जहरीली शराब पीने से 135 लोगों की मौत का सरकारी आंकड़ा है। राज्य की मौजूदा आम आदमी पार्टी सरकार कह सकती है कि तब वह सत्ता में नहीं थी, पर 2022 में उसके सत्ता में आने के बाद भी जहरीली शराब से मौतें रुकीं तो नहीं। पिछले साल ही संगरूर में अवैध शराब पीने से 20 लोगों की मौत हो गयी थी। वैसे आईपीएस अधिकारी से आप विधायक बने कुंवर विजय प्रताप सिंह ने यह याद दिला कर अपनी ही पार्टी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं कि 2020 के हादसे पर मौजूदा मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। हर हादसे के बाद जांच की घोषणा होती है। उसकी रिपोर्ट भी आती ही होगी, पर बार-बार हादसे बताते हैं कि उन रिपोर्टों पर सख्त कार्रवाई करते हुए जरूरी सबक नहीं सीखे जाते।

ऐसी ही एक एसआईटी जांच रिपोर्ट में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के लिए स्थानीय एसएचओ और डीएसपी को जिम्मेदार बनाने का सुझाव दिया गया था, पर उस पर अमल नहीं हुआ। सामान्य समझ भी बताती है कि अवैध शराब के निर्माण और बिक्री का नेटवर्क न सिर्फ पुलिस-प्रशासनिक, बल्कि राजनीतिक संरक्षण बिना भी नहीं चल सकता। पंजाब को सबसे ज्यादा बर्बाद करने वाले नशीले पदार्थों के कारोबार के लिए भी पुलिस-प्रशासन और राजनेताओं पर उंगलियां उठती रही हैं। इस मामले में राजनीति तो खूब हुई और चुनावी लाभ भी मिलता रहा, पर पंजाब को नशे के दंश से मुक्ति अभी तक नहीं मिल पायी। पंजाब सरकार द्वारा चलाये जा रहे 'एक युद्ध, नशे के विरुद्ध' अभियान की कलई भी मजीठा जहरीली शराब कांड ने खोल दी है।

बेशक अंतरराष्ट्रीय समस्या बने ड्रग्स की मार हमारे यहां अभी बहुत व्यापक नहीं हुई है, लेकिन जहरीली शराब के कारोबार ने तो पूरे देश को अपने शिकंजे में ले लिया है। 2022 में संसद में एक सवाल के जवाब में खुद सरकार ने बताया था कि 2016 से 2022 के बीच देश भर में छह हजार 172 लोगों को जहरीली शराब पीने से जान गंवानी पड़ी। यह सरकारी आंकड़ा है, वास्तविक संख्या इससे ज्यादा हो सकती है।

जाहिर है, अवैध शराब, जिसमें से कुछ जहरीली साबित होती है, से मौतों का सिलसिला 2016 से पहले भी चल रहा था और 2022 के बाद भी चल रहा है,



क्योंकि उसके कारोबार को रोकने की कोई ईमानदार कोशिश तो नजर नहीं आती। हर हादसे के बाद मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने तथा मामले की जांच की घोषणा की जाती है। मीडिया और राजनीतिक गलियारों में भी कुछ दिन तक चर्चा रहती है, पर फिर सब कुछ पहले की तरह चलने लगता है, अगले हादसे तक। तब भी क्या यह समझना मुश्किल होना चाहिए कि इसके पीछे निहित स्वार्थों का एक बड़ा नेटवर्क काम करता है, जो कई बार अंतरराज्यीय भी होता है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 47 के तहत राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों में कहा गया है कि राज्य औषधीय प्रयोजनों को छोड़ कर मादक पेय पदार्थों और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक दवाओं के सेवन पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास करेगा, लेकिन ज्यादा से ज्यादा राजस्व जुटाने के चक्कर में हमारे यहां शराबखोरी को हर तरह से प्रोत्साहित किया जा रहा है।

दूध और दवा की दुकान शायद आपको तलाश करनी पड़े, स्कूल के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़े, पर शराब की चमचमाती दुकानें अपने घर-दफ्तर के पास से लेकर राजमार्गों तक पर आपका ध्यान अनचाहे भी खींच लेंगी। कोरोना काल में भी राज्य सरकारें सबसे पहले शराब के ठेके खोलने को उतावली नजर आयीं। तमाम राज्य सरकारों के राजस्व में आबकारी शुल्क की बड़ी हिस्सेदारी रहती है, जिसे साल-दर-साल बढ़ाने की कवायद ही वे करती नजर आती हैं। शायद इस मुनाफाखोर मानसिकता की भी सामाजिक सोच में आये इस बदलाव में बड़ी भूमिका है कि अब भारतीय समाज में शराब का कारोबार और उपयोग शर्म का नहीं, बल्कि शान का प्रतीक बन गया है। हादसे रोकने में नाकाम हमारी व्यवस्था अक्सर हादसे के बाद जेम्स बांड की तरह खुलासे करने लगती है। सो, अब पंजाब पुलिस ने खुलासा किया है कि हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले का गांव चन्नीबेली गुड़ से बनी पारंपरिक शराब और इथाइल अल्कोहल से बनी ज्यादा खतरनाक शराब का प्रमुख उत्पादन केंद्र बन गया है। और भी चौंकाने वाला खुलासा यह है कि वहां शराब निर्माण और वितरण में महिलाओं की भागीदारी लगभग 40 प्रतिशत है।

अलग-अलग कारणों से कुछ राज्यों ने शराबबंदी का प्रयोग भी किया, पर कभी कोई राज्य यह दावा नहीं कर पाया कि वहां शराब उपलब्ध नहीं या लोग पीते नहीं। दरअसल वहां भी असरदार लोगों का शराब तस्करी और सप्लाई का नेटवर्क बन जाता है। मद्यनिषेध के सबसे बड़े पक्षधर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्मभूमि गुजरात में अरसे से शराबबंदी है, पर एक अध्ययन बताता है कि राजस्थान-मध्य प्रदेश सरीखे पड़ोसी राज्यों से लेकर गोवा तक से वहां भी हर साल 12 ये 15 हजार करोड़ रुपये की शराब विभिन्न तरीकों से तस्करी कर लायी जाती है, जिसमें से 300 से 500 करोड़ तक की शराब जब्त कर पुलिस अपने कर्तव्य की इतिश्री भी कर लेती है। हर तरह की शराब सेहत के लिए नुकसानदेह है, लेकिन जानलेवा साबित होती है अवैध शराब, जो बिना सरकारी लाइसेंस और मानकों के छोटे-बड़े पैमाने पर बनायी और बेची जाती है।

पीने वाले का नशा और बनाने वाले का मुनाफा बढ़ाने की कवायद में ही अवैध शराब जहरीली बन जाती है, क्योंकि उसमें सस्ती सामग्री इस्तेमाल की जाती है। सस्ती मिलने वाली अवैध शराब का सेवन सबसे ज्यादा गरीब मजदूर आदि करते हैं। मरने वालों में भी सबसे ज्यादा वे ही शामिल होते हैं। कई बार उनकी सही संख्या भी सामने नहीं आ पाती। शायद इसलिए भी बड़ी संख्या में मौतों के बावजूद उसका शासन-प्रशासन पर ज्यादा असर नजर नहीं आता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## व्यंग्य
जयराम शुक्ल



# कानून से ज्यादा आचरण का विषय है भ्रष्टाचार

शरद जोशी ने कोई चालीस वर्ष पहले 'हम भ्रष्टन के भ्रष्ट हमारे' व्यंग्य निबंध रचा था। तब यह व्यंग्य था, लोगों को गुदगुदाने वाला। भ्रष्टाचारियों के सीने में नश्तर की तरह चुभने वाला। अब यह व्यंग्य, व्यंग्य नहीं रहा, यथार्थ के दस्तावेज में बदल चुका है। भ्रष्टाचार की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही व्यंग्य की मौत हो गई। समाज की विद्रूपताओं की चीर-फाड़ करने के लिए व्यंग्य का जन्म हुआ था। परसाई जी ने व्यंग्य को शूद्रों की जाति में रखते हुए लिखा था व्यंग्य चरित्र से स्वीपर है। वह समाज में फैली सड़ांध में फिनाइल डालकर उसके कीटाणुओं का नाश करने का काम करता है। ये स्वीपर अब साहित्य की जाति-बिरादरी से बाहर है। इस कुजात के लिए भला अब किससे आरक्षण मांगें। जोशी-परसाई युग में सदाचार, लोकलाज व सामाजिक मर्यादा के मुकाबले विषमताओं, विद्रूपताओं और भ्रष्टाचार का आकार बेहद छोटा था। व्यंग्य उन पर प्रहार करता था। लोग सोचने- विचारने के लिए विवश होते थे। भ्रष्टाचार का स्वरूप इतना व्यापक नहीं था। व्यंग्य कब विद्रूपता के मुंह में समा गया, पता ही नहीं चला। भ्रष्टाचार की व्यापकता पर जोशी जी लिखते हैं 'सारे समंदर की मसि (स्याही) करें और सारी जमीन का कागज, फिर भी भ्रष्टाचार का भारतीय महाकाव्य अलिखित ही रहेगा। वेद पुराणों में भगवान का यह कहते हुए उल्लेख है कि 'हम भक्तन के भक्त हमारे'। जोशी जी ने भ्रष्टाचार के लिए यही भाव लिया था- हम भ्रष्टन के भ्रष्ट हमारे। आज के दौर के बारे में सोचते हुए लगता है कि हमारे अग्रज साहित्यकार कितने बड़े भविष्य वक्ता थे। भ्रष्टाचार, सचमुच भगवान की तरह सर्वव्यापी है, कण-कण में, क्षण-क्षण में। मंदिर में, धर्माचार्यों के बीच भगवान की पूजा हो न हो, भ्रष्टाचार्य जी पूरे विधि-विधान से पूजे जाते हैं। आसाराम, नित्यानंद, राम-रहीम, रामपाल, निर्मल बाबा से लेकर नगद लेकर महामंडलेश्वर की पदवी बांटने वाले धर्माचार्यों की लंबी कतार है जिन्होंने मंत्रोच्चार और पूरे कर्मकांड के साथ भ्रष्टाचार की प्राण-प्रतिष्ठा की है और हम वहां शीश नवाने पहुंचते हैं। भगवान को माता लक्ष्मी प्रिय है तो भ्रष्टाचार्य जी को भी लक्ष्मी मैया अतिप्रिय। रूप बदलने, नए-नए नवाचार और अवतार में भी भ्रष्टाचार का कोई सानी नहीं। आज के दौर में परसाई जी-शरद जोशी जी होते तो भ्रष्टाचार को लेकर और क्या नया लिखते! उनके जमाने में एक-दो भोलाराम यदाकदा मिलते जिनके जीव पेंशन की फाइलों में फड़फड़ाते। आज हर रिटायर्ड आदमी भोलाराम है, फर्क इतना कि वह परिस्थितियों से समझौता करते हुए परसेंट देने पर राजी है। परसेंट की यह कड़ी नीचे से ऊपर तक उसी तरह जाती है जैसे राजीव गांधी का सौ रुपया नीचे तक दस पैसा बनकर पहुंचता है। पिछले कुछ दिनों से भ्रष्टाचार पर भारी बहस चल रही है। भ्रष्टाचारी भी भ्रष्टाचार पर गंभीर बहस छेड़े हुए हैं। चैनलों ने इसे प्रहसन का विषय बना दिया। टीवी चैनलों में कभी-कभी बहस इतनी तल्ख हो जाती है कि मोहल्लों में औरतों के बीच होने वाले झगड़ों का दृश्य उपस्थित हो जाता है। एक कहती है..तू रांड तो दूसरी जवाब देती है तू रंडी.. एक ने कहा तुम्हारी पार्टी भ्रष्ट तो दूसरा तड़ से जवाब देता है, तुम्हारी तो महाभ्रष्ट है। टीवी शो में एक पार्टी के प्रतिभागी ने कहा, फलां जी से बस इतनी गलती हो गई कि उन्होंने आपकी वाली पार्टी में जाकर प्रशिक्षण नहीं लिया था। वे लाखों-करोड़ों गटक लेते हैं और पता भी नहीं चलता। भ्रष्टाचार अब बुद्धि विलास का विषय बन चुका है। चमड़ी इतनी मोटी हो गई कि व्यंग्य की कौन कहे, गालियां तक जज्ब हो जाती हैं। एक नया फार्मूला है खुद को ईमानदार दिखाना है तो दूसरों को जोर-जोर से बेईमान कहिए। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई भी कर्मकांडी हो गई है। भ्रष्टाचारी कौन है? यह चिमनी लेकर खोजने का विषय नहीं है। हम सबने मिलकर भ्रष्टाचार को अपने आचरण में जगह दी है। जिस दिन कोई पिता अपने बेटे को इसलिए तिरष्कृत कर देगा कि उसके भ्रष्टाचार की कमाई से बनी रोटी का एक टुकड़ा भी स्वीकार नहीं करेगा, कोई बेटा बाप की काली कमाई के साथ बाप को भी त्यागने का साहस दिखाएगा, परिवार और समाज में भ्रष्टाचार करने वालों का सार्वजनिक बहिष्कार होने लगेगा, उस दिन से ही भ्रष्टाचार की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। क्योंकि भ्रष्टाचार कानून से ज्यादा आचरण का विषय है। कत्ल करने वाले को फांसी दिए जाने का प्रावधान है लेकिन कत्ल का सिलसिला नहीं रुका है। भ्रष्टाचारियों को कानून की सजा देने मात्र से भ्रष्टाचार रुकने वाला नहीं। क्या कोई अपने घर से भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग लड़ने की शुरुआत करने को तैयार हैं?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अनासक्त हुए बिना करें दूसरों की भलाई



संकलित
दर्शन

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है। यह संसार चरित्र गठन की एक विशाल व्यायामशाला है। इसमें हम सभी को अभ्यास रूप में कसरत करनी पड़ती है, जिससे हम आध्यात्मिक बल से अधिकाधिक बलवान बनते रहें।

# दूसरों की भलाई करने वालों का स्थान सबसे ऊंचा



संकलित
प्रेरणा

कन्फ्यूशियस चीन के एक दार्शनिक थे। उनका जन्म करीब 551 ईसा वर्ष पूर्व हुआ था। कन्फ्यूशियस इतने विद्वान थे कि उनके पास कई राजा-महाराज भी मिलने पहुंचे थे। एक बार चीन के राजा ने कन्फ्यूशियस से पूछा था कि आप मुझे किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में बताएं, जिसका स्थान सबसे ऊंचा है। कन्फ्यूशियस ने राजा से कहा कि वह इंसान आप खुद ही हैं, क्योंकि आप हमेशा सत्य जानना चाहते हैं। राजा ने कहा कि आप तो मुझे मुझसे भी अच्छे व्यक्ति के बारे में बताइए। कन्फ्यूशियस ने तुरंत कहा कि आपसे अच्छा व्यक्ति तो मैं ही हूं, क्योंकि मैं भी आपकी तरह ही सत्य को जानना चाहता हूं। राजा बोला कि आपसे भी अच्छा और कौन है? इसके बाद कन्फ्यूशियस ने कहा कि मैं ऐसे एक व्यक्ति को जानता हूं, जो हम दोनों से भी महान है। चलिए, मैं आपको उससे मिलवाता हूं। कन्फ्यूशियस राजा को लेकर एक बूढ़े के पास पहुंचे। वह बूढ़ा व्यक्ति कुआं खोद रहा था। कन्फ्यूशियस ने कहा कि महाराज, ये व्यक्ति सबसे महान है, उसका स्थान हम सबसे बहुत ऊंचा है, क्योंकि ये दूसरों को पानी मिल सके, इसलिए कुआं खोद रहा है। ये दूसरों की भलाई के लिए अपनी सुख-सुविधा का भी त्याग कर देता है। इसका शरीर बूढ़ा हो गया है, लेकिन अभी भी ये दूसरों के लिए सेवा का काम कर रहा है। इसलिए इसका स्थान सबसे ऊंचा है।

## सटाका




## आज की पाती

### ट्रंप की चाल, किसानों की चिंता और सरकार की रणनीति

भारत और अमरीका के बीच चल रही द्विपक्षीय व्यापार समझौता वार्ताओं के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने यह दावा करके सबको चौंका दिया कि भारत अमरीकी सामानों पर जीरो टैरिफ लगाने के लिए तैयार है। भारत सरकार की ओर से इस प्रकार की किसी भी आधिकारिक पेशकश से इनकार किया गया है, लेकिन ट्रंप के इस बयान ने स्पष्ट कर दिया है कि वे इस मुद्दे को भारत पर दबाव बनाने के हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे भारत के किसानों, घरेलू उद्योगों और रोजगार पर पड़ने वाले संभावित असर को लेकर गंभीर चिंता उठी है। जीरो टैरिफ का सबसे बड़ा खतरा देश के किसानों के लिए है। अमरीका में कृषि उद्योग को भारी सबसिडी मिलती है, जिससे वहां अनाज और अन्य कृषि उत्पादन सस्ते में होता है। वही उत्पाद जब भारत में सस्ते में बिकेंगे तो भारतीय किसान प्रतियोगिता में टिक नहीं पाएंगे।
– *महेश काले, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# पाक में 100 साल पुराने हिंदू मंदिर की जमीन पर कब्जा




पाकिस्तान में सिंध प्रांत के टांडो जाम कस्बे के पास जिस जमीन पर 100 साल पुराना शिव मंदिर है, उस पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है और उसके आसपास निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। हिंदू समुदाय के एक प्रतिनिधि ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान में हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन 'दरावर इत्तेहाद पाकिस्तान' के प्रमुख शिव काच्छी ने कहा, मंदिर एक सदी से अधिक पुराना है लेकिन दबंगों ने इस पर कब्जा कर लिया है और मंदिर के आसपास की भूमि पर अवैध निर्माण शुरू कर दिया है। साथ ही शिव मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग और प्रवेश को बाधित किया है।' काच्छी ने सोशल मीडिया में एक वीडियो जारी करके घटना की जानकारी दी। काच्छी ने कहा कि शिव मंदिर के कामकाज और मंदिर के आसपास लगभग चार एकड़ जमीन की देखरेख का जिम्मा एक समिति के पास था। यह स्थान कराची से लगभग 185 किलोमीटर दूर टांडो जाम कस्बे के पास मूसा खटियन गांव में है। उन्होंने कहा कि मंदिर के ऐतिहासिक महत्व के कारण सिंध विरासत विभाग की एक टीम ने पिछले वर्ष इसका जीर्णोद्वार किया था। उन्होंने बताया कि मंदिर के निकट ही समुदाय के लोगों के अंतिम संस्कार के लिए एक शमशान भी है।

## ऑफ बीट

# युवाओं की राय को बिगाड़ रहे 'सेल्फी- एडिटिंग टूल'



एबिगेल (21) अपने दूसरे दोस्तों की तरह बहुत सारी सेल्फी खींचती है, उन्हें बेहतर व सुंदर बनाने के लिए दूसरे ऐप से एडिट करती है और फिर उन्हें सोशल मीडिया पर पोस्ट करती है। हालांकि उसका कहना है कि ये सेल्फी को एडिट करने वाले ऐप्स, जिस काम के लिए बने हैं उनसे ज्यादा काम के हैं ,जैसे- आप अपने आदर्श रूप को देखते हैं और आप चाहते हैं कि आपका ये नया रूप हकीकत बन जाएं। आप जितना अधिक इसे बेहतर करते जाएंगे, आपको उतने बेहतर परिणाण मिलने लगेंगे।" ये ऐप दिखाते हैं कि सेल्फी-एडिटिंग तकनीक युवा लोगों की शारीरिक छवि और स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती हैं। सावधानीपूर्वक करें ऑनलाइन एडिटिंग कई युवा जानते हैं कि उन्हें ऑनलाइन कैसा दिखना है, जिस वजह से वह सावधानीपूर्वक तस्वीरें एडिट करते हैं। इसका एक कारण डिजिटल नेटवर्क वाली दुनिया में मौजूदगी के भारी दबाव से निपटना है। सेल्फी-एडिटिंग तकनीकें इसे सावधानीपूर्वक तैयार करने में सक्षम बनाती हैं। सबसे लोकप्रिय सेल्फी-एडिटिंग ऐप में 'फेसट्यून', 'फेसऐप' और 'मीटू' शामिल हैं। ये ऐप लाइटिंग, रंग और फोटो एडजस्टमेंट से लेकर दाग-धब्बे हटाने जैसी 'टच अप' सुविधाएं प्रदान करते हैं।

## ट्रेंड

### उल्लेखनीय कदम



देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी के करकमलों से संपन्न हुआ। इसमें महाराष्ट्र के 15 स्टेशनों का भी समावेश है। विकास और विरासत का प्रतीक बनने वाले ये स्टेशन रेल यात्रियों की यात्रा को सुखद, सुरक्षित एवं सुविधापूर्ण बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कदम हैं।
- देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र

### हॉफ़ एनकाउंटर



बनारस का हॉफ़ एनकाउंटर देखकर जनता पूछ रही है कि फिल्मसिटी नोएडा में बन रही थी और शूटिंग काशी में हो रही है! ये मामला क्या है? आशा है कि महंत जी के घर से चोरी हुआ 'पुश्तैनी धन', फुल रिटर्न कर दिया जाएगा।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### नया विज्ञान केंद्र



भारत-ब्रिटेन शैक्षणिक साझेदारी ने बेंगलुरु में इम्पीरियल ग्लोबल इंडिया के शुभारंभ के साथ नई ऊंचाइयों को छुआ है, जो देश में इंपीरियल कॉलेज लंदन द्वारा एक नया विज्ञान केंद्र है। मेरा मानना है कि कल के समाधान अलगाव में पैदा नहीं होंगे।
-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

### संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी



संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि अगर उन्हें तत्काल सहायता नहीं मिली तो गाजा में 14,000 बच्चे मर सकते हैं। भोजन या चिकित्सा की कमी में एक भी मासूम की मौत मानवता के खिलाफ़ अपराध है।
-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल पुरस्कार विजेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## ये भी बोले जयशंकर



▸▸ पाक सेना ने आतंकियों के समर्थन में भारत पर हमला किया

▸▸ आतंकियों के विरोध में 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी भी जारी है

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर का बड़ा बयान

# मुनीर कट्टरपंथी, पहलगाम आतंकी हमला उसी का नतीजा पाक के साथ संघर्षविराम द्विपक्षीय था और आगे भी रहेगा

डॉ. जयशंकर ने कहा कि आतंकी हमला कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर किया गया था क्योंकि कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर ही आधारित है। हमले के द्वारा धार्मिक भेदभाव को बढ़ाने की कोशिश की गई

**एजेंसी ▸▸ एम्सटर्डम**

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पाकिस्तानी सेना के प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर पर तीखा हमला बोला और उन्हें धार्मिक कट्टरपंथी बता दिया। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला उस कट्टरपंथी सोच का ही नतीजा है। नीदरलैंड में डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी किए गए आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया। डॉ. जयशंकर ने कहा कि 'भारतीय क्षेत्र जम्मू कश्मीर के पहलगाम में बर्बर आतंकी हमला किया गया, जहां 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी गई। यह हमला कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर किया गया था क्योंकि कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर ही आधारित है। हमले के द्वारा धार्मिक भेदभाव को बढ़ाने की कोशिश की गई और लोगों को धर्म पूछकर मारा गया। पाकिस्तान की सेना के जो प्रमुख हैं, वो खुद धार्मिक कट्टरपंथी हैं। पहलगाम में हुआ आतंकी हमला उसी कट्टरपंथी सोच का नतीजा है।

### आतंकी पाक में हैं, वहीं मारेंगे

*जयशंकर ने कहा ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है क्योंकि इसमें एक स्पष्ट संदेश है कि अगर 22 अप्रैल जैसा हमला होता है, तो जवाब दिया जाएगा, हम आतंकवादियों को मारेंगे। अगर आतंकवादी पाक में हैं, तो हम उन्हें वहीं मारेंगे। भारत ने आतंकवाद से निपटने के लिए एक नया तरीका अपनाया है।*

### भारत की जवाबी कार्रवाई के बाद पाक संघर्षविराम के लिए तैयार हुआ

*विदेश मंत्री ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से इनकार किया। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम द्विपक्षीय तौर पर हुआ। इस समझौते में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं थी और न ही पाकिस्तान के साथ किसी भी बातचीत में अमेरिका शामिल होगा। उन्होंने कहा कि हमने हर उस व्यक्ति को एक बात बहुत स्पष्ट कर दी।*

### इजराइल ने कहा 'धन्यवाद, प्रिय मित्र'

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने वाशिंगटन में इजराइली राजनयिकों की हत्या की सख्त निंदा की है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मैं वाशिंगटन डीसी में इजराइली राजनयिकों की हत्या की कड़ी निंदा करता हूं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके परिवारों और सहयोगियों के साथ हैं। अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। इजराइली विदेश मंत्री गिदोन सार ने विदेश मंत्री के पोस्ट पर जवाब दिया, 'धन्यवाद, प्रिय मित्र!'

### आतंकी ठिकानों पर किए हमले

*विदेश मंत्री ने कहा कि पहलगाम हमले के पीछे टीआरएफ और लश्कर ए तैयबा जैसे आतंकी संगठन हैं और टीआरएफ ने हमले की जिम्मेदारी भी ली है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को 2023, 2024 में टीआरएफ पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। हमने पहलगाम आतंकी हमला करने वाले लोगों की पहचान की और ये कोई छिपी हुई बात नहीं है और उसके बाद उन्हें निशाना बनाया।*

---

## खबर संक्षेप

### देश में अब तक कोरोना से 257 लोग संक्रमित



**नई दिल्ली।** हांगकांग-सिंगापुर और चीन के कई हिस्सों से शुरू हुई कोरोना की नई लहर अब भारत में भी दस्तक दे चुकी है। 22 मई, गुरुवार तक देश में कुल 257 लोग संक्रमित पाए गए हैं। भारत में 12 मई से 19 मई के बीच सप्ताह में 164 नए कोविड मामले दर्ज किए गए, जिससे देश में कुल सक्रिय मामले 257 हो गए। केरल में सबसे अधिक 95 मामले हैं, जो पिछले सप्ताह की तुलना में 69 मामलों की वृद्धि है। इसके बाद तमिलनाडु में 66 और महाराष्ट्र में 56 मामले हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं कोरोना के नए मामलों में वृद्धि हुई है, हालांकि यहां स्थिति काफी नियंत्रित है।

### ग्लेशियर पर मिला महाराष्ट्र के यात्री का शव



**रूद्रप्रयाग।** उत्तराखंड में केदारनाथ धाम से 6 किमी ऊपर चौराबाड़ी ग्लेशियर में महाराष्ट्र के एक यात्री का शव बरामद हुआ है। पर्यटकों से मिली सूचना पर एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंच कर शव का रेस्क्यू किया। शव को रेस्क्यू कर केदारनाथ धाम स्थित स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां से हेलीकॉप्टर के जरिए शव को जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग पोस्टमॉर्टम के लिए लाया गया। व्यक्ति की पहचान आधार कार्ड से 37 वर्षीय मनोज शत्रुघ्न नरहारे निवासी परमार कॉलोनी बस स्टेंड शेजारी परली वैजीनाथ बीड की हुई।

---

किश्तवाड़ में चार आतंकियों को घेरा



# मुठभेड़ में एक सैनिक शहीद इलाके में सर्च अभियान जारी

**एजेंसी ▸▸ जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में गुरुवार को घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक सैनिक शहीद हो गया। व्हाइट नाइट कोर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी।

व्हाइट नाइट कोर ने कहा कि गुरुवार सुबह किश्तवाड़ के छतरू में पुलिस के साथ संयुक्त अभियान के दौरान आतंकवादियों से मुठभेड़ हुई। अतिरिक्त जवानों को तैनात किया गया है और आतंकवादियों की तलाश में अभियान जारी है। अभियान के दौरान भीषण गोलीबारी जारी है।

**पहलगाम घटना से पहले यहीं 3 आतंकी मारे थे**

### उत्तरी कमान के कमांडर उपराज्यपाल से मिले

सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने लेह में लद्दाख के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) बीडी मिश्रा से मुलाकात की। इस मौके पर केंद्र शासित प्रदेश की सुरक्षा स्थिति को लेकर चर्चा की गई। शर्मा ने एक मई को उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी) का पदभार ग्रहण किया है। लद्दाख के उपराज्यपाल कार्यालय ने कहा कि उत्तरी कमान के ले. जनरल प्रतीक शर्मा, 14वीं कोर के जीओसी ले. जनरल हितेश भल्ला और उत्तरी कमान के अन्य अधिकारियों ने राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की।

### आतंकियों के कश्मीर से आने की संभावना

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के चटरू के सिंहपोरा इलाके में सुरक्षाबलों ने चार आतंकियों को घेर लिया। आतंकियों ने खुद को घिरा देख सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से गोलीबारी हुई। गोलीबारी में एक जवान बलिदान हो गया। फिलहाल इलाके में तलाशी अभियान जारी है। पहलगाम घटना के पहले यहां इसी क्षेत्र में तीन आतंकियों को मार गिराया गया था। यह क्षेत्र कश्मीर के अनंतनाग से लगता है। हो सकता है कि ये आतंकी भी कश्मीर से ही आए हों। आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के बताए जा रहे हैं।

---

## भारत का तुर्की को दो टूक संदेश: विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल बोले

# पाक से आतंकियों को समर्थन बंद करने को कहें, उन पर कार्रवाई करें

पाकिस्तान उन आतंकियों को भारत को सौंपे जिनकी सूची दी गई है



जायसवाल ने कहा कि हम दुनिया से आग्रह करना चाहते हैं कि वे सीमा पार आतंकवाद के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराएं। पाकिस्तान पिछले 40 वर्षों से भारत के खिलाफ आतंकवाद को अंजाम दे रहा है।

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

भारत ने गुरुवार को कहा कि उसे उम्मीद है कि तुर्की, पाकिस्तान पर सीमा पार आतंकवाद को समर्थन बंद करने के लिए सख्ती से कहेगा। भारत चाहता है कि तुर्की, पाकिस्तान से आतंकवादी तंत्र के खिलाफ कार्रवाई करने को भी कहे। भारत को लगता है कि तुर्की इस मामले में पाकिस्तान पर दबाव बना सकता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक ब्रीफिंग में भारत का रुख साफ किया है।

उन्होंने कहा कि भारत को उम्मीद है कि तुर्की, पाकिस्तान से आतंकवाद को समर्थन बंद करने को कहेगा। जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान को अपनी धरती पर पल रहे आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। भारत को उम्मीद है कि तुर्की इस मामले में पाकिस्तान पर दबाव बनाएगा। जायसवाल ने कहा कि सेलेबी मामले पर तुर्की दूतावास से बात की गई है। लेकिन मुझे लगता है कि यह फैसला नागरिक उड्डयन सुरक्षा ने लिया था।

### सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का विदेशों में जाना एक राजनीतिक मिशन

### बातचीत और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते

जायसवाल ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच कोई भी जुड़ाव द्विपक्षीय होना चाहिए। बातचीत और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते। पाकिस्तान उन कुख्यात आतंकवादियों को भारत को सौंपे जिनकी सूची कुछ साल पहले पाकिस्तान को दी गई थी। जम्मू और कश्मीर पर कोई भी द्विपक्षीय चर्चा केवल पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करने पर होगी। सिंधु जल संधि भी तब तक स्थगित रहेगी जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को त्याग नहीं देता। जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा है कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते।

### चीन को दिया था कड़ा जवाब

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारे एनएसए और चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने 10 मई 2025 को एक-दूसरे से बात की थी। एनएसए ने पाकिस्तान से उत्पन्न सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख से अवगत कराया था। चीनी पक्ष अच्छी तरह से जानता है कि आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता भारत-चीन संबंधों का आधार बने हुए हैं।

### पाकिस्तान के नापाक कामों को उजागर करने की आवश्यकता

जायसवाल ने कहा कि हम आतंकवाद से लड़ने के अपने संकल्प को दुनिया तक पहुंचा रहे हैं। हम चाहते हैं कि दुनिया आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से लड़ने के लिए एक साथ आए। हम दुनिया से आग्रह करना चाहते हैं कि वे सीमा पार आतंकवाद के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराएं। पाकिस्तान पिछले 40 वर्षों से भारत के खिलाफ आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। उसके नापाक कामों को उजागर करने की आवश्यकता है। उसे भारत के खिलाफ किए गए आतंकी हमलों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। इसलिए सात प्रतिनिधिमंडल बनाए गए हैं। तीन प्रतिनिधिमंडल रवाना हो चुके हैं। यह एक राजनीतिक मिशन है।

### बांग्लादेश के 2369 अवैध अप्रवासी रह रहे, जल्द ही वापस भेजेंगे

विदेश प्रवक्ता ने कहा कि भारत में लंबे समय से अवैध प्रवासी रह रहे हैं। इसमें से बांग्लादेश के 2369 से अधिक अवैध प्रवासियों को निर्वासित किया जाना है। इसके लिए हमने बांग्लादेश से उनके सत्यापन और उनको वापस लेने के लिए कहा है। इसमें कई प्रवासी ऐसे हैं जिन्होंने अपनी सजा पूरी कर ली है। जबकि कई का 2020 से सत्यापन लंबित है। बांग्लादेश इस पर जल्द कार्रवाई करे।

### राजनयिकों की सुरक्षा सर्वोपरि

वाशिंगटन डीसी में इजराइली दूतावास के 2 कर्मचारियों की हत्या पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम हमले की निंदा करते हैं। हम पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। इस कृत्य के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए, राजनयिक कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोपरि है।

---

24वीं हिंद महासागर रिम एसोसिएशन बैठक

# सदस्य देशों ने आतंकवाद की निंदा की, साझा हितों को लेकर की चर्चा

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) मंत्रिपरिषद की 24वीं बैठक में 'भावी पीढ़ी के लिए टिकाऊ हिंद महासागर' विषय के तहत पूरे क्षेत्र के उच्च-स्तरीय प्रतिनिधि एक साथ आए। बैठक आईओआरए अध्यक्ष श्रीलंका की मेजबानी में वर्चुअली आयोजित की गई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सचिव (पूर्व) पी. कुमारन ने किया, जो वर्तमान उपाध्यक्ष और आईओआरए ट्रोइका के सदस्य के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। बैठक में सभी 22 आईओआरए सदस्य राज्यों और आईओआरए के 12 संवाद भागीदारों के मंत्रियों और उच्च-स्तरीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया और आतंकवाद के हर तरह के स्वरूप की निंदा की।

### सदस्य देशों में सहयोग बनाने का प्रयास जरूरी



भारत 2025-27 के लिए आईओआरए की अध्यक्षता ग्रहण करेगा। बैठक के दौरान, सदस्य राज्यों ने आईओआरए को मजबूत करने, क्षेत्रीय हित के मामलों पर चर्चा की और 'कोलंबो विज्ञप्ति' को अपनाया। पी. कुमारन ने हिंद महासागर के देशों की भलाई और प्रगति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

### आतंकवाद शांति के लिए गंभीर खतरा

वहीं, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सचिव (पूर्व) पी कुमारन ने 24वीं आईओआरए मंत्रिपरिषद की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया और हिंद महासागर क्षेत्र के हमारे दृष्टिकोण को बनाए रखने के लिए भारत की मजबूत प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

---

## दुनिया की सबसे बड़ी फैक्टरी में आईफोन बनाएंगे रोबोट



**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी कॉन्ट्रैक्ट इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माता और एपल की प्रमुख आईफोन सप्लायर फॉक्सकॉन जल्द ही पूरी तरह से ऑटोमेशन की ओर बढ़ने जा रही है। कंपनी के चेयरमैन यंग लियू ने ताइपे में कहा कि भविष्य में फैक्ट्रियों में ज्यादातर मैन्युअल काम रोबोट और जनरेटिव एआई द्वारा किया जाएगा, जिससे कम कुशल मानव श्रमिकों की जरूरत कम हो जाएगी। यंग लियू ने बताया कि कंपनी पहले से ही अपने वर्कफ्लो में जनरेटिव एआई को शामिल कर चुकी है, जिससे उत्पादन की दक्षता में तेजी आई है। एआई समर्थित सॉफ्टवेयर नई उत्पादन लाइन स्थापित करने के 80% काम को स्वतः कर पा रहा है, जिससे समय और लागत दोनों की बचत हो रही है। एआई अब कंपनी को उत्पादन समस्याओं को जल्दी हल करने में मदद कर रहा है और मानव विशेषज्ञ अब अधिक मूल्यवान कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।

---

ज्योति की चार दिन की रिमांड बढ़ी

# पुलिस ने कोर्ट में दी ये दलील पाक कनेक्शन की जांच जारी

**एजेंसी ▸▸ हिसार**

पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़ी गई हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को हरियाणा पुलिस ने हिसार जिला कोर्ट में कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने ज्योति की चार दिन की रिमांड बढ़ा दी है। हिसार पुलिस ज्योति को गुरुवार सुबह साढ़े 9 बजे कोर्ट लाई थी। करीब डेढ़ घंटे तक उसकी रिमांड पर बहस चली। जिसके बाद हिसार पुलिस को उसकी 4 दिन का रिमांड मिल गई। इस दौरान किसी अधिकारी ने मीडिया से बात नहीं की। पेशी के वक्त ज्योति से उके पिता हरीश मल्होत्रा को नहीं मिलने दिया गया। ज्योति 16 मई को गिरफ्तार हुई थी।



### वकील करने के लिए पैसे नहीं

ज्योति की ओर से अभी केस लड़ने के लिए कोई वकील नियुक्त नहीं किया गया है। ज्योति के पिता हरीश मल्होत्रा ने कहा कि मेरे पास वकील करने के लिए पैसे नहीं हैं। मुझे पता नहीं कि वकील कैसे किया जाएगा। पिछले पांच दिन से मीडिया और पुलिस के अलावा मेरे घर कोई नहीं आ रहा।

### जांच एजेंसियों ने तैयार की रिपोर्ट

*वहीं, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए), इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) और मिलिट्री इंटेलिजेंस ने पुलिस रिमांड के दौरान ज्योति मल्होत्रा से तीन दिन तक पूछताछ की है। सभी एजेंसियों ने अपने-अपने तरीके से तथ्य जुटाकर अपनी रिपोर्ट तैयार की है। बुधवार को सिविल थाना पुलिस ने सेंट्रल जेल में ज्योति से सवाल पूछे। जांच अधिकारी इंस्पेक्टर निर्मला ने ज्योति से यूट्यूब पर वीडियो बनाने से लेकर पाकिस्तान की तीन बार की यात्राओं के बारे में जानकारी ली।*

---

## 'मेक इन इंडिया' को मिली बड़ी सफलता, रूसी सरकार ने दी अनुमति

# भारत में बनी एके-203 असॉल्ट राइफलों का अन्य देशों में होगा निर्यात

### भारत को अपने सैनिकों के लिए चाहिए 6 लाख राइफलें

**एजेंसी ▸▸ मॉस्को**

रूस ने भारत के 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के हक में बड़ा फैसला लिया है। अब भारत में बनी रूसी असॉल्ट राइफलों का दूसरे देशों में निर्यात किया जा सकेगा। रूस के निर्यात निकाय ने रूसी-भारतीय उद्यम को अन्य देशों को निर्यात के लिए रूसी तकनीक से युक्त असॉल्ट राइफलों के उत्पादन की अनुमति दे दी है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास ने रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के प्रमुख के हवाले से यह जानकारी दी है।

**खास बातें**

- एके-203 एक मिनट में 700 राउंड फायर करती है
- भारत को रूस से सीधे मिल चुकी 70,000 राइफलें




### भारतीय सेना को मिल चुकी पहली खेप

अमेठी स्थित इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड (आईआरआरपीएल) रूस और भारत की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस इकाई के माध्यम से भारत मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या में एके-203 असॉल्ट राइफलों उत्पादन के लिए तैयार है। पिछले साल ही इसने भारतीय सेना को 35000 सेटों की आपूर्ति के साथ पहला चरण पूरा किया था।

### भारत में बनाई जा रही

*रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के प्रमुख ने अंतरराष्ट्रीय शस्त्र एवं सैन्य उपकरण प्रदर्शनी से पहले बताया कि यूपी के अमेठी जिले में स्थित कोरवा आयुद्ध कारखाना भारत और अन्य देशों के लिए उत्पादों की आपूर्ति करने में पूरी तरह सक्षम है। एके-203 राइफल का निर्माण करने वाली यह*

### एके-203 की खासियत

एके-203 असॉल्ट राइफल, एके-200 राइफल का एक वैरिएंट है, जिसे भारतीय में इस्तेमाल किए जाने वाले 7.62 x 39 मिमी कारतूस के लिए बनाया गया है। एके-200 सीरीज की ये राइफल एक मिनट में 700 राउंड फायर कर सकती है। हथियार को चुने जाने से पहले सेना ने इसका व्यापक परीक्षण किया था। सेना को रूस से सीधे 70,000 राइफलें पहले ही मिल चुकी हैं।

---

### भारत की सैन्य कार्रवाई का दिखा असर

# पाकिस्तान को एक अरब से अधिक का नुकसान, महंगाई से जनता में भारी रोष

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर 6-7 मई की रात बड़ा मिसाइल हमला किया था। भारत ने पाकिस्तान के 11 आर्मी बेस पर दोबारा मिसाइल अटैक कर दिया। इससे पाकिस्तान को 1 अरब डॉलर से भी ज्यादा का नुकसान हुआ है। लिहाजा पहले से ही कर्ज में डूबे पाकिस्तान में महंगाई ने हमला बोल दिया है। अब पाकिस्तान में महंगाई अनियंत्रित हो गई है। 10 मई के बाद से कीमतों में ज़बरदस्त उछाल आया है। इखाने-पीने के सामान के दाम आसमान छू रहे हैं।



### घी 2800 रुपए किलो बिक रहा

*मौजूदा वक्त में पाकिस्तान में दूध 150 रुपए लीटर, आटा 120 रुपए किलो, सरसों का तेल 500 रुपए लीटर और घी 2800 रुपए किलो बिक रहा है। कई जगहों पर पाकिस्तान की जनता सड़क पर उतरकर महंगाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी कर रही है। पाकिस्तान में कई स्टोरों पर आटा, दाल, चीनी जैसी रोजमर्रा की जरूरत वाली खाने-पीने की वस्तुएं खत्म हो गई हैं। वहीं, फील्ड मार्शल असीम मुनीर जलसों में जश्न मना रहा है।*

# राज्य सरकार वर्ष 2028 तक मध्य प्रदेश को टीबी रोग मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध

## राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री ने निःक्षय शिविर अभियान के उत्कृष्टता पुरस्कार किए प्रदान

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने बुधवार को 100 दिवसीय निःक्षय शिविर अभियान के संचालन में टीबी उन्मूलन प्रयासों को विस्तारित करने, समाज के विभिन्न वर्गों के सहयोग से फूड बास्केट वितरण करने और 5 हजार से अधिक टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों की उपलब्धियों के लिए राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की है।

उन्होंने कहा कि राज्य की उपलब्धियां उत्कृष्ट टीमवर्क और प्लानिंग का नतीजा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति में उत्तम सुख निरोगी काया का भाव प्राचीन काल से ही विद्यमान रहा है। परिवारों में ऋतु आधारित आहार-विहार और संयमित जीवन शैली के विचार के व्यवहार में पालन की परिपाटी रही है। राज्यपाल पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 100 दिवसीय निःक्षय शिविर अभियान सम्मान समारोह और स्वस्थ यकृत मिशन का शुभारंभ राजभवन स्थित सांदीपनि सभागार में किया।

राजभवन में 100 दिवसीय निःक्षय शिविर अभियान सम्मान और स्वस्थ यकृत मिशन का किया शुभारंभ




### राज्य सरकार 2028 तक प्रदेश को टीबी मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पतंजलि से लेकर घेरंड संहिता तक से हमें, काया को निरोगी बनाए रखने के सूत्र प्राप्त होते हैं। भारतीय ज्ञान ग्रंथ भी यही विचार देते हैं कि जैसे पका हुआ फल अपना जीवन पूर्ण करता है, वैसे ही व्यक्ति भी अपनी जीवन यात्रा पूर्ण करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्यपाल पटेल की प्रदेश वासियों के स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशीलता सराहनीय है। राज्य सरकार वर्ष 2028 तक प्रदेश को टीबी मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में हर स्तर पर सघन प्रयास जारी है।

### रोगी दवाओं के प्रति ड्रग रजिस्टेंट हो जाता है

*राज्यपाल पटेल ने कहा कि टीबी के उन्मूलन के लिए संक्रमण नियंत्रण और सही तरीके से समय पर पूरी मात्रा में दवा लेने के संबंध में भी जन जागृति के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि टीबी की दवा को बीच में छोड़ने से रोगी दवाओं के प्रति ड्रग रजिस्टेंट हो जाता है। इससे इलाज कठिन और संक्रमण फैलने की संभावना भी बढ़ जाती है। उन्होंने नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए स्वस्थ यकृत मिशन शुभारंभ के लिए सरकार की सराहना की। राज्यपाल पटेल ने कार्यक्रम में स्वस्थ लिवर की जांच के लिए बताए गए आसान तरीकों से जांच करने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए कहा है।*

### सम्मानित टीबी चैंपियंस के प्रयासों की प्रशंसा

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में सम्मानित टीबी चैंपियंस के प्रयासों और टीबी को हराने के उनके मन के संकल्प और प्रयासों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 72 वर्षीय पद्म भूषण डॉ. सरीन की नियमित दिनचर्या और प्रतिदिन व्यायाम करने की जानकारी देते हुए सभी को व्यायाम और नियमित दिनचर्या के लिए प्रेरित किया है।*

### 90 लाख लोगों की विभिन्न रोगों की जांच की गई: उप मुख्यमंत्री शुक्ल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि 100 दिवसीय निःक्षय शिविर अभियान में केंद्र सरकार द्वारा केवल मध्य प्रदेश का सम्मान किया गया है। उन्होंने टीबी उन्मूलन प्रयासों के क्रियान्वयन में प्रदेश की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि निरोगी काया अभियान के तहत 90 लाख लोगों की डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, फैटी लिवर सहित विभिन्न रोगों की जांच की गई है। अभियान को जारी रखते हुए शत प्रतिशत के लक्ष्य पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में एयर एम्बुलेंस द्वारा रोगियों को उपचार उपलब्ध कराने के साथ ही अंग प्रत्यारोपण के लिए अंग उपलब्ध कराने का कार्य भी सफलता पूर्वक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अंगदान, देहदान करने वालों का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ होगा। उनके परिजनों को भी गणतंत्र एवं स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित करने की रूपरेखा तैयार की गई है। प्रदेश में लिवर प्रत्यारोपण सुविधा की उपलब्धता के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

---

## खबर संक्षेप

### टाइगर रिजर्व की टीमों ने किया उत्पात मचाने वाले हाथी का सफल रेस्क्यू

**भोपाल।** टीम के उत्कृष्ट प्रयासों के चलते हाथी को रेस्क्यू कर सुरक्षित रूप से पांडी हाथी शिविर तक सफलतापूर्वक पहुंचा दिया गया है। संजय एवं बांधवगढ़ दोनों टाइगर रिज़र्व की संयुक्त टीमों ने हाथी का आकलन कर रेस्क्यू प्रक्रिया पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। संजय एवं बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व के फील्ड डायरेक्टर्स के नेतृत्व में रेस्क्यू ऑपरेशन प्रारंभ किया गया। दोपहर लगभग 2 बजे यह हाथी सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया गया। हाथी को परीक्षण एवं पुनर्वास की प्रक्रिया के लिए बांधवगढ़ हाथी शिविर में भेज दिया गया है।

### मैनिट भोपाल में पांच दिवसीय जीआईएएन वर्कशॉप शुरू

**भोपाल।** राजधानी स्थित मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में बुधवार से पांच दिवसीय जीआईएएन (ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ एकेडमिक नेटवर्कस) वर्कशॉप शुरू हुई। मैनिट भोपाल, आईआईएसईआर और शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित वर्कशॉप में देशभर के प्रमुख शिक्षाविद, नीति-निर्माता और जलवायु विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। 23 मई तक चलने वाली इस कार्यशाला के पहले दिन बुधवार को जलवायु परिवर्तन पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में आदित्य शर्मा, डॉ. बिजेन्दर बघेल, प्रो करुणेश कुमार शुक्ल, मुकुल कुलश्रेष्ठ, प्रो. विष्णु प्रसाद, प्रो. एमके चौधरी, डॉ. सोमिल मौजूद रहे।

---

पीएम मोदी के भोपाल आगमन के लिए जारी तैयारियों का मुख्यमंत्री डॉ. यादव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने किया निरीक्षण

# पंडाल में बैठेंगी महिलाएं, पार्किंग के लिए अफसरों की लगाई ड्यूटी

31 मई को जम्बूरी मैदान में होगा महिला सम्मेलन

### आज किया जाएगा काम का बंटवारा, कलेक्टर करेंगे मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि महिलाओं की प्रगति के बिना देश-प्रदेश की प्रगति अधूरी है। इसी उद्देश्य से उन्होंने ज्ञान के सूत्र के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण को विशेष महत्व दिया है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री मोदी महिला सम्मेलन में सहभागिता के लिए 31 मई को भोपाल आ रहे हैं। लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के त्रिशताब्दी जयंती समारोह के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण और महिला स्वावलम्बन पर केंद्रित इस सम्मेलन में दो लाख से अधिक महिलाएं भाग लेंगी। भोपाल में होने वाला यह आयोजन, नया रिकार्ड बनाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जम्बूरी मैदान पर जारी तैयारियों, प्रस्तावित यातायात और बैठक व्यवस्था आदि की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में बड़ी संख्या में बहनें भाग ले रही हैं, उनकी बैठक व्यवस्था, खान-पान और पेयजल की उपलब्धता तथा आयोजन स्थल पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस अवसर पर प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए संचालित गतिविधियों और महिला स्वावलम्बन की दिशा में स्व-सहायता समूहों व कौशल उन्नयन के लिए संचालित गतिविधियों पर केंद्रित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

लोकमाता देवी अहिल्या, सुशासन का प्रतीक रही हैं। अतः जनकल्याण और प्रदेशवासियों का जीवन सुगम बनाने के लिए प्रदेश में संचालित कार्यक्रमों को भी यहां प्रदर्शित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भोपाल आगमन के संबंध में जम्बूरी मैदान (भेल) में जारी तैयारियों के निरीक्षण के बाद मीडिया से चर्चा में यह विचार व्यक्त किए।

**खास बातें**

- लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के त्रिशताब्दी जयंती समारोह के उपलक्ष्य में होगा सम्मेलन
- स्व-सहायता समूहों पर केंद्रित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी



### मंत्री, सांसद, विधायकों ने भी किया निरीक्षण

इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद खजुराहो वीडी शर्मा, मंत्री विश्वास सारंग, राज्य मंत्री कृष्णा गौर, महापौर मालती राय, भोपाल सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, मुख्य सचिव अनुराग जैन, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित जिला प्रशासन, भोपाल पुलिस तथा नगर निगम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### आयोजन में करीब दो लाख महिलाएं होंगी शामिल

मार्च माह में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के बाद 31 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में महिला सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें दो लाख महिलाओं के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है। इन महिलाओं के लिए जंबूरी मैदान में पंडाल सहित अन्य इंतजाम किए जाएंगे। जबकि पार्किंग के लिए भी अफसरों की ड्यूटी लगाई जानी है। बुधवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने कार्यक्रम को लेकर बैठक रखी, जिसमें मंच से लेकर एयरपोर्ट आने-जाने और पार्किंग की व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। कलेक्टर ने बताया कि महिला सम्मेलन कार्यक्रम में सभी जिला अधिकारियों की ड्यूटी तय की जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री के आगमन और कार्यक्रम को लेकर पूरी अफसर तालमेल के साथ काम करें।

### जाम से बचाने तैनात रहेंगे ट्रैफिक

कलेक्टर ने नगर निगम, पुलिस प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, स्मार्ट सिटी प्रबंधन और अन्य विभागों को हिदायत देते हुए कहा कि पीएम के आगमन और कार्यक्रम से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं की जाएं। उन्होंने एयरपोर्ट और आयोजन स्थल तक यातायात और पार्किंग का प्लान बनाने के निर्देश दिए।

---

देवी अहिल्याबाई की शासन व्यवस्था की तरह भाजपा सरकारें महिला सशक्तिकरण का कार्य कर रहीं : विष्णुदत्त



## देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के उपलक्ष्य में निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को भोपाल मध्य विधानसभा में आयोजित शोभा यात्रा में शामिल होकर संबोधित किया। भोपाल जिला भाजपा द्वारा आयोजित शोभा यात्रा न्यू कैंपियन स्कूल, ग्यारह सौ क्वार्टर से प्रारंभ होकर देवी अहिल्याबाई होल्कर चौराहे पर संपन्न हुई। देवी अहिल्या बाई होल्कर चौराहे पर उनकी प्रतिमा को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद अपने संबोधन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर ने शासनकाल में एक आदर्श सुशासन व्यवस्था स्थापित की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देवी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा स्थापित सुशासन व्यवस्था को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार देवी अहिल्याबाई के शासन व्यवस्था की तरह महिला सशक्तिकरण के कार्यों में जुटी हैं।



---

# महिला से 50 लाख की ठगी, प्राईवेट कंपनी का डायरेक्टर समेत 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायगढ़

असीम कृपा फाउंडेशन के डायरेक्टर और उसके साथी ने मिलकर जांजगीर-चांपा की महिला से धोखाधड़ी की है। उन्होंने नाबार्ड योजना के तहत 6 करोड़ का प्रोजेक्ट दिलाने के नाम पर 50 लाख रुपए ठग लिए। पुलिस ने आरोपी संचालक को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना चक्रधर नगर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिकए जांजगीर चांपा के ग्राम खोखरी की रहने वाली अनिता साहू महानदी एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी का संचालन करती है। यह कंपनी खाद, बीज और दवा



किसानों को बेचती है। रायगढ़ के डूमरपाली निवासी रंजीत चौहान और सुदीप मंडल से अनिता की पहचान सुनील कश्यप, अभिषेक देवांगन, छवि बंजारे, मनहरन पटेल और सुरेश वानी के माध्यम से हुआ। तब रंजीत चौहान ने कहा कि आपकी रजिस्टर्ड कंपनी है।

मैं आपके कम्पनी को नाबार्ड योजना से 6 करोड़ का प्रोजेक्ट एक महीने के भीतर दिला दूंगा। रंजित ने अनिता से कहा कि इसके लिए 50 लाख रुपए असीम कृपा फाउन्डेशन बोईरदादर के नाम पर जमा करना होगा। अनिता को उस पर यकीन नहीं हुआ और उसने पैसे जमा करने से इनकार कर दिया। ऐसे में रंजित ने उसे झांसे में लेने के लिए 50 लाख रुपए का फर्जी चेक 15 नवंबर 2025 को पिछला तारीख का डालकर दिया। इससे अनिता ने उस पर विश्वास कर लिया। पीड़िता ने इसकी शिकायत बुधवार को चक्रधर नगर पुलिस से की थी। पुलिस ने असीम कृपा फाउंडेशन के डायरेक्टर रंजित चौहान को गिरफ्तार कर लिया है।

---

औचक निरीक्षण और वर्षा पूर्व तैयारियों की समीक्षा

# 15 जून से पहले सभी सड़कों का होगा मेंटेनेंस, ठेकेदारों को निर्देश दिए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण परियोजनाओं, 20 मई को हुए औचक निरीक्षणों और वर्षा पूर्व तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में 20 मई को 7 मुख्य अभियंताओं के दलों से प्रदेश के 7 जिलों में किए गए 35 निर्माण कार्यों के निरीक्षण प्रतिवेदनों पर चर्चा की गई।

मंत्री राकेश सिंह ने सभी सड़कों के प्रिवेंटिव मेंटेनेंस कार्यों को 15 जून से पहले पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने परफॉर्मेंस गारंटी अवधि के अंतर्गत आने वाली सड़कों के ठेकेदारों को लिखित में मेंटेनेंस कार्यों के लिए निर्देशित करने की बात कही।

### सड़कों को लोकपथ मोबाइल एप से जोड़ने की पहल



बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर अफसरों को निर्देशित किया। कि निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराया जाए। उन्होंने विशेष रूप से वन विभागीय अनुमतियों और भू-अर्जन से जुड़ी समस्याओं को समय रहते हल करने के लिए ठोस प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में लोकपथ मोबाइल एप की कार्यप्रणाली पर भी विचार हुआ। मंत्री सिंह ने निर्देशित किया कि एनएचएआई के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों को भी लोकपथ मोबाइल एप से जोड़ने की संभावनाएं तलाशी जाएं। वर्तमान में एप पर केवल लोक निर्माण विभाग की सड़कों का डेटा उपलब्ध है। यह पहली बार होगा जब अन्य एजेंसियों की सड़कों को भी इस पोर्टल से जोड़ा जाएगा।

### पर्यावरणीय उत्तरदायित्वों की चर्चा

**मानसून पूर्व 500 लोक कल्याण सरोवरों के निर्माण के प्रयास**

बैठक में मंत्री सिंह ने पर्यावरणीय उत्तरदायित्वों की चर्चा करते हुए कहा कि इस मानसून पूर्व 500 लोक कल्याण सरोवरों के निर्माण के प्रयास किए जाएं। इन सरोवरों का निर्माण नियोजित खनन के माध्यम से किया जाएगा, जिनमें फेंसिंग, पौधरोपण और चेतावनी संकेतक अनिवार्य होंगे। मंत्री ने कहा कि यह सरोवर वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण में सहायक होंगे। एलिवेटेड कॉरिडोर से वर्षा जल पुनर्भरण की योजनाः मंत्री राकेश सिंह ने जबलपुर में निर्माणाधीन एलिवेटेड कॉरिडोर के उदाहरण का हवाला देते हुए सभी फ्लाईओवर्स और एलिवेटेड संरचनाओं में वर्षा जल निकासी को रिचार्ज बोर से जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि सभी फ्लाईओवर्स से संभावित भूजल पुनर्भरण की गणना की जाए।

---

# जुलाई के बाद अब सितंबर में मेट्रो चलाने की तैयारी, अड़चनों ने अटकाया काम

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

इंदौर में आम लोगों के लिए मेट्रो शुरू करने के साथ ही भोपाल में मेट्रो चलाने में हो रही देरी हो रही है। यहां पर हबीबगंज के स्टील ब्रिज और डिपो के काम में हो रही देरी की वजह से भोपाल में मेट्रो का काम पिछड़ता जा रहा है।

पिछले छह महीने से मेट्रो रेल कारपोरेशन जुलाई 2025 में आम लोगों के लिए मेट्रो चलाने का ऐलान कर रहा है, लेकिन स्टेशन और डिपो का काम पिछड़ने से इसकी मियाद बढ़ाकर सितंबर कर दी गई है। सुभाष नगर से एम्स तक के सात किमी रूट में 8 स्टेशन आते हैं, जिसके पांच स्टेशनों पर फिनिशिंग काम तेजी से चल रहा है, जबकि तीन पर इंट्री और एग्जिट प्वाइंट्स पर काम जारी है। स्टेशनों के अंदर फॉल सीलिंग, लाइटिंग, टाइल्स का काम किया जा रहा है। यह रूट एलिवेटेड कॉरिडोर के रूप में विकसित हो रहा है। जिसमें रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर स्काईवॉक बनेगा। 700 मीटर का स्काईवॉक का एक सिरा मेट्रो स्टेशन के कॉनकोर्स और दूसरा सिरा रेलवे स्टेशन के कॉनकोर्स से जुड़ा होगा। मेट्रो का ट्रायल रन 90 किमी प्रति घंटे की स्पीड से किया जाएगा। इसकी निगरानी आरडीएसओ (रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड्स ऑर्गनाइजेशन) द्वारा की जाएगी।

---

बीते दिनों सुरक्षा बलों ने 27 नक्सलियों को मार गिराया

# बीजापुर में नक्सली ढेर, मुठभेड़ में जवान भी घायल

हरिभूमि न्यूज ⏩ 000

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों की कमर टूट गई है। अबूझमाड़ मुठभेड़ में नक्सली चीफ बसवराजु समेत 27 नक्सली ढेर होने के बाद जवानों ने बीजापुर में पांच और नक्सली मार दिए हैं। हालांकि इस मुठभेड़ में दो जवान भी घायल होने की खबर है।

फिलहाल घायल जवानों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। यह मुठभेड़ गंगालूर थाना क्षेत्र अंतर्गत पीडिया के जंगलों में जारी है।

प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल में भर्ती किया



### बड़ी मुठभेड़ के बाद लौट रहे थे जवान

नारायणपुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए एक आईईडी विस्फोट में राज्य पुलिस के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के एक जवान की मौत हो गई। पुलिस के बड़े अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार शाम घने जंगलों वाले अबूजमाड़ इलाके में हुई, जब सुरक्षाकर्मी माओवादियों के साथ एक बड़ी मुठभेड़ के बाद लौट रहे थे। गौरतलब है कि बीते दिन बुधवार को अबूझमाड़ के जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए अब तक के सबसे बड़े अभियान में डीआरजी के जवानों ने माओवादी संगठन के महासचिव और शीर्ष नेता नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजु के साथ कुल 27 नक्सलियों को मार गिराया है। अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षा बलों द्वारा ढेर किए गए 27 नक्सलियों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाया गया है।

### गोला-बारूद बरामद किया

*मुठभेड़ स्थल से सुरक्षाबलों ने कार्बाइन जैसे अत्याधुनिक हथियार और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया है। इससे नक्सलियों की तैयारी और उनके मंसूबों की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस बड़ी सफलता को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नक्सलवाद की कमर तोड़ने वाला कदम बताया है और डीआरजी जवानों की वीरता को सलाम किया है। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी समेत गृहमंत्री अमित शाह ने जवानों की सराहना की।*

एडवाइस / डॉ. मोनिका शर्मा



# समर वेकेशंस को ऐसे बनाओ एंज्वॉयफुल

समर वेकेशन, मतलब स्कूल जाने या होम वर्क करने या फिर ट्यूशन जाने की कोई टेंशन नहीं, ढेर सारी मस्ती के दिन। लेकिन इसका यह भी मतलब नहीं, समर वेकेशंस यानी गर्मी की पूरी छुट्टियां इस तरह बिता दी जाएं कि जिसकी कोई उपयोगिता ही ना हो, बस समय की बर्बादी हो। तो बच्चो, समर वेकेशंस में खेल-कूद, मौज-मस्ती के साथ-साथ कुछ ऐसा भी करो कि समय का सही उपयोग हो, तुममें कोई एक्स्ट्रा स्किल डेवलप हो।

बच्चो, गर्मी की छुट्टियों में तुम्हें जबरदस्त धमा-चौकड़ी, घूमने और दादी-नानी के घर जाने का मौका मिलता है। फ्री रुटीन वाले इस टाइम में तुम कुछ अच्छा कर सकते हो, लेकिन इस समय थोड़ा अवेयर रहना भी जरूरी है। अब देखो, मम्मी-पापा तो हर मौसम में तुम्हारी केयर करते हैं। तपती धूप के इस मौसम में तुम्हारी थोड़ी-सी अवेयरनेस उनकी चिंता कम कर सकती है। खासकर अपनी हेल्थ को संभालने के लिए छोटी-छोटी बातों का तो तुम खुद भी खयाल रख ही सकते हो। थोड़ा केयरफुल रहने से तुम्हारा समर टाइम सचमुच फन टाइम बन जाएगा। इन हैप्पी हॉलिडेज में तुम कुछ अलग, कुछ नया ट्राई कर सकते हो।

**खेल-कूद का बनाओ सही रूटीन:** गर्मी के मौसम में हीट वेव्स बहुत से हेल्थ इश्यूज का कारण बनती हैं। हीट वेव्स के कारण डिहाइड्रेशन, थकावट और हीट स्ट्रोक जैसी सीरियस स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसीलिए समर वेकेशन के फ्री टाइम में भी खेलने-कूदने का सही शेड्यूल, सही रुटीन बनाना जरूरी है। इस मौसम में आउटडोर गेम्स के लिए सुबह या शाम का समय सबसे सही होता है, क्योंकि इस समय धूप कम रहती है। दिन के समय तुम दोस्तों को अपने घर बुलाकर या किसी दोस्त के घर जाकर अपनी पसंद के इनडोर गेम्स खेल सकते हो।



**गैजेट्स फ्री हो समर टाइम:** बच्चो, हमारे देश में कई ट्रेडिशनल और मजेदार इनडोर, आउटडोर गेम्स खेले जाते हैं। यकीन मानो, इन गेम्स को खेलकर तुम्हें खूब मजा आएगा। ये गेम्स मोबाइल या कंप्यूटर पर खेले जाने वाले वीडियो गेम्स से कहीं अधिक एंज्वॉयफुल हैं। हमारे पारंपरिक खेलों में कई सारे इनडोर और आउटडोर गेम्स शामिल हैं। कबड्डी, लुका-छिपी, खो-खो, सतोलिया, स्टापू (हॉपस्कॉच), रस्सी कूद, रुमाल झपट, लट्टू और गिल्ली डंडा जैसे कई खेल खूब मजेदार हैं। ये गेम्स स्क्रीन गेम्स की तरह आंखों को नुकसान पहुंचाने या पोस्चर बिगाड़ने वाले नहीं हैं। हमारे ट्रेडिशनल गेम्स तुमको फिजिकली-मेंटली एक्टिव और हेल्दी बनाएंगे, टीमवर्क सिखाएंगे। तो इस बार समर वेकेशंस में अपने दादा-दादी, नाना-नानी और मम्मी-पापा से इन गेम्स के बारे में पूछो। ऐसे खेल उन्होंने अपने बचपन में जरूर खेले होंगे। इन ट्रेडिशनल गेम्स को जानो-समझो और खेलो।



### सीखो ऐसी चीजें जो बढ़ाए तुम्हारी प्रतिभा

बच्चो, समर वेकेशंस में तुम अपनी रुचि के अनुसार ऐसे कोर्स कर सकते हो जो तुम्हारी प्रतिभा को निखारे और स्किल को बढ़ाए। तुम म्यूजिक, सिंगिंग, पेंटिंग या डांसिंग की वर्कशॉप अटेंड कर सकते हो, जो तुम्हारी प्रतिभा को बढ़ाएगी। कोई शॉर्ट टर्म कोर्स भी कर सकते हो, जो तुम्हारे स्किल को बढ़ाए जैसे कोडिंग या इसी तरह का दूसरा कोई कोर्स।

**हाइजीन और हेल्थ का रखो ध्यान:** बच्चो, बाहर खेलने के बाद घर लौटने पर भी कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। बाहर से घर आने पर तुम्हें तुरंत एसी, फैन या कूलर चलाने या गटागट ठंडा पानी पीने से बचना चाहिए। खेलने-कूदने के बाद हाइजीन यानी स्वच्छता पर ध्यान जरूर देना। खेलते हुए धूल-मिट्टी भी शरीर से चिपक जाते हैं। इनसे इंफेक्शन हो सकता है। इसीलिए अच्छे से नहाकर अपनी बॉडी की साफ-सफाई का खयाल रखना चाहिए। हां, बाहर से आकर तुरंत नहाने के बजाय पहले कुछ देर आराम से बैठकर पसीना सुखाना, फिर नहाना। ऐसा न करने से तुम्हें जुकाम या बुखार हो सकता है।

**ट्राई करो ट्रेडिशनल फूड्स:** गर्मी के मौसम में खाने-पीने में भी बदलाव जरूरी है। हमारे देश के हर हिस्से में अलग तरह का खान-पान होता है, वह भी मौसम के हिसाब से। साइंटिफिक रिसर्च भी मौसम के अनुसार बनाए गए हमारे ट्रेडिशनल फूड्स को सही बताते हैं। समर टाइम में डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक, लू लगने, डाइजेशन बिगड़ने जैसी परेशानियां बहुत होती हैं। इससे बचने के लिए थोड़ी सावधानी जरूरी है। समर सीजन में बाहर खाना-पीना अवॉयड करना चाहिए। इन दिनों घर का ट्रेडिशनल खाना शरीर को ठंडक देने का काम करता है। सत्तू, सीजनल फ्रूट्स, छाछ, शिकंजी, शर्बत, नारियल पानी और गन्ने का जूस जैसी चीजें टेस्टी ही नहीं हेल्दी



भी हैं। टमाटर, लौकी, ककड़ी, संतरे, तरबूज और खरबूजे जैसे मौसमी फल-सब्जियां खाकर भी तरोताजा महसूस होता है। दादी-नानी के घर जाने पर वहां बनने वाले खास तरह के फूड आइटम्स को जरूर ट्राई करो। इसीलिए समर टाइम में ठंडक का एहसास करवाने वाली परंपरागत चीजों को मन से खाओ।

बच्चो, इस तरह समझदारी भरा रूटीन फॉलो करके, कुछ बातों का ध्यान रखकर तुम अपनी समर वेकेशंस को और भी एंज्वॉयफुल बना सकते हो। *

# अनोखा पक्षी पेलिकन



बच्चो, पक्षियों का अपना एक अलग-अनोखा संसार है। कई पक्षियों में कुछ ऐसी विशेषताएं पाई जाती हैं, जो तुम्हें आश्चर्य में डाल देंगी। आज हम तुम्हें एक ऐसे ही अनोखे पक्षी 'पेलिकन' के बारे में बता रहे हैं।

पक्षी जगत

शिखर चंद जैन

बच्चो, दुनिया के कुछ सबसे बड़े पक्षियों में शामिल पेलिकन एक अनूठा पक्षी है। यह एक जलीय पक्षी है। पेलिकन अंटार्कटिका जैसे दुर्गम क्षेत्र को छोड़कर प्रायः पूरी दुनिया में ताजे पानी या नमकीन पानी की झीलों और अन्य जलीय क्षेत्रों में पाए जाते हैं।



**पाउच वाली अनूठी चोंच:** पेलिकन की चोंच में लंबा-चौड़ा थैलीनुमा एक पाउच होता है। यह बेहद लचीला होता है, जिसे जरूरत पड़ने पर यह सिकोड़ या फैला सकता है। तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि यह अपनी चोंच में ग्यारह लीटर तक पानी या फिर दस किलो तक भोजन सामग्री मजे से रख सकता है। इतनी सामग्री तो इसके पेट में भी नहीं समाती।

**ऐसे करता है मछलियों का शिकार:** पेलिकन, मछलियों का शिकार करते वक्त उन्हें पानी सहित अपनी चोंच में दबोच लेता है, फिर मुंह नीचे की तरफ झुकाकर पानी छानकर गिरा देता है और मछलियों को निगल लेता है। चोंच के सिरे पर मौजूद हुक जैसी संरचना में यह कई बार मछलियों को अटका लेता है और फिर सिर ऊंचा करके गले में गटक लेता है। पेलिकन एक दिन में लगभग एक किलो तक मछली खा सकता है।

**तैरने और उड़ने में माहिर:** पेलिकन के पंजों में जाल बना होता है, जिससे इसे तैरने में आसानी होती है। इसकी हड्डियों के भीतर और डैनों के नीचे हवा के बुलबुले भरे होते हैं, जिससे यह पानी की सतह के ऊपर आसानी से बैठ या तैर सकता है। उड़ने से पहले इसे गति लेनी पड़ती है। जैसे विमान रनवे पर दौड़कर धीरे-धीरे जमीन से हवा में उठता है, ठीक उसी तरह यह भी पानी की सतह पर अपने विशाल डैनों को पीटते हुए दोनों पैरों से पानी को पतवार की तरह काटता है और फिर धीरे-धीरे हवा में ऊपर उठता है। यह दस हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता है। *

### पेलिकन की प्रजातियां

पेलिकन की कुल आठ प्रजातियां पाई जाती हैं। आमतौर पर पेलिकन के पंख सफेद होते हैं, जिन पर काले धब्बे होते हैं। कुछ प्रजातियों के पंख गुलाबीपन लिए हुए होते हैं। डालमेटियन प्रजाति के पेलिकन आकार में सबसे बड़े होते हैं। डैने फैलाने पर डालमेटियन पेलिकन का आकार साढ़े तीन मीटर तक हो जाता है। इसका वजन लगभग तेरह किलो तक हो सकता है। सबसे छोटे आकार के पेलिकन ब्राउन पेलिकन होते हैं। इसके डैने लगभग दो मीटर तक फैलते हैं और वजन लगभग तीन किलो तक होता है। इनके पंख चॉकलेटी ब्राउन होते हैं। भारत में मूल रूप से सफेद या रोजी वो और डालमेटियन पेलिकन पाए जाते हैं।





कविता / वसीम अहमद

# चूहा-चुहिया गरमी में



बोली आइसक्रीम दिला दो
चाय पियूं न गरमी में,
बड़े शहर से आई चुहिया
बैठी है हठधर्मी में।
चूहा बोला गरमी है तो
ठंडी करके पी जाओ,
मुझ पर हुक्म चलाना छोड़ो
पगी हो क्या बेशर्मी में।
चुहिया बोली कैसे पी लूं
सर्दी की सौगात है ये,
गले से मेरे न उतरेगी
चाय-वाय इस गरमी में।
रात हो गई अब जिद छोड़ो
आइसक्रीम कल ला दूंगा,
मान भी जाओ अच्छा होगा
अभी कह रहा नरमी में।
चुहिया बोली धमकाओ मत
मुझे भी आता है लड़ना,
ठंडा रखो माथा अपना
लड़ो न इतनी गरमी में।

### बूझो तो जानें





1
गढ़े इन्हें हाथों से कुम्हार,
मिट्टी को देता आकार।
बॉल सरीखा गोलम-गोल,
पी लो पानी ढक्कन खोल।

2
खड़ा किचन में है यह कौन,
भीतर ठंडक बाहर मौन।
फल-सब्जियां ताजा रखे,
मुख के भीतर बर्फ के चक्के।

3
कमरे में ठंडा अहसास,
गर्मी फटकेगी ना पास।
फर-फर ना घुर-घुर आवाज,
पंखे जी बैठे नाराज।

-रोचिका अरुण शर्मा

उत्तर : 1.मटका, 2.फ्रिज, 3.एयर कंडीशनर

### जीके क्विज-155



1. हाल ही में कनाडा की विदेश मंत्री बनने वाली भारतीय मूल की महिला का क्या नाम है?
2. हाल ही में वर्ष 2025 के लिए किस भारतीय लेखिका को लिटरेचर का इंटरनेशनल बुकर प्राइज देने की घोषणा की गई?
3. दुनिया की पहली परमाणु पनडुब्बी का नाम क्या था?
4. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के वर्तमान गवर्नर कौन हैं?
5. यक्षगान भारत के किस राज्य का प्रमुख लोकनृत्य है?
6. विश्वप्रसिद्ध पीसा की मीनार किस देश में स्थित है?
7. चंदबरदाई किस शासक के दरबारी कवि थे?
8. कौन-सा जीवाणु दूध से दही जमाने में सहायक होता है?
9. आम का वैज्ञानिक नाम (साइंटिफिक नेम) क्या है?
10. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-155 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-154 का उत्तर :** 1.विराट कोहली, 2.हैदराबाद, 3.वी. नारायणन, 4.रेडक्लिफ, 5.कैनबरा, 6.राष्ट्रपति, 7.कैस्पियन सागर झील, 8.चंद्रगुप्त मौर्य, 9.थाइलैंड, 10.अमेरिका और कनाडा

**जीके क्विज-154 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, रितेश-बलौदा बाजार, नीटू-सीतापुर, रमेश-कोरबा, रक्षिता-रायपुर, अमन-बिलासपुर, कुणाल-महासमुंद, हर्ष-रोहतक, कविश-दुर्ग, राकेश-रायगढ़, पिंकी-भोपाल

कहानी

डॉ. अमिता दुबे

दादी मां की अचानक तबियत खराब हुई तो क्षितिज को गर्मी की छुट्टियों में गांव आना पड़ा। मन ही मन वह गांव आने पर नाखुश था, लेकिन कुछ दिन में उसने वहां जो देखा और महसूस किया, क्षितिज का मन वापस शहर जाने का नहीं हो रहा था...

# अनोखी छुट्टियां



गर्मी की छुट्टियां हो गई थीं। क्षितिज को न पढ़ाई की चिंता थी न ही स्कूल जाने का झंझट। इन दिनों कंप्यूटर गेम, टीवी पर कार्टून फिल्में देखना और शाम को दोस्तों के साथ पार्क में खेलना, इस दिनचर्या में उसे खूब मजा आ रहा था। एक दिन क्षितिज शाम को खेलकर लौटा तो देखा मम्मी उदास बैठी थीं। उन्होंने बताया गांव से रामदीन काका का फोन आया था। दादी अम्मा बीमार हैं। तुरंत गांव बुलाया है। मम्मी ने पापा को फोन कर बता दिया है, वे जल्दी ही आने वाले हैं। तय हो चुका है, रात की ट्रेन से गांव के लिए निकल जाएंगे। मम्मी ने क्षितिज से भी अपना सामान लगाने को कहा। एक बार क्षितिज के मन में आया कि वह मम्मी से कह दे, उसे बोर होने गांव नहीं जाना है, घर पर अकेले रह लेगा, लेकिन मम्मी का मूड देखकर उसकी कुछ कहने की हिम्मत नहीं हुई।

क्षितिज जब ट्रेन में बैठा तो रह-रहकर उसका ध्यान अपने दोस्तों की ओर चला जा रहा था। वे तो गर्मी की छुट्टियों का मजा लेंगे और वह गांव में बोर होगा। क्षितिज को मन ही मन दादी अम्मा पर गुस्सा आया- इतनी बार पापा ने कहा पर अम्मा शहर आने को तैयार ही नहीं होतीं। न जाने गांव में क्या रखा है? अगर अम्मा यहां होतीं तो उसकी इस तरह छुट्टियां बर्बाद नहीं होती। और न जाने क्या-क्या सोचते उसकी आंख लग गई, जब आंख खुली तो पाया स्टेशन आ चुका था, मम्मी उसे जगा रही थीं। रामदीन काका, हां शायद रामदीन काका ही उन तीनों को लेने स्टेशन आए थे। वैसे तो उसने पहले कभी रामदीन काका को देखा नहीं था। हर वर्ष छुट्टियों में जब मम्मी-पापा गांव जाते हैं, वह नानी के पास ही मथुरा में रुक जाता है। चूंकि पापा का ट्रांसफर आगरा हो गया था, इसलिए तुरंत वह नानी के पास नहीं जा सका।

पापा ने रामदीन काका के पैर छुए तो मम्मी के कहने पर उसको भी पैर छूने पड़े। काका सबको लेकर स्टेशन से बाहर आए। वहां एक टैंपो खड़ा था। ऐसा विचित्र सा टैंपो क्षितिज ने पहले नहीं देखा था। वे चारों उसमें बैठ गए। कुछ देर बाद टैंपो गांव पहुंच गया। टैंपो से उतर कर कुछ दूर पैदल चलकर क्षितिज जिस घर में पहुंचा, उसे देखकर क्षितिज आश्चर्यचकित रह गया। इस घर में उसकी अम्मा रहती हैं, इतने बड़े घर में! सभी सीधे अम्मा के पास पहुंचे, जहां वह लेटी थीं। क्षितिज को लगा, अम्मा रो रही हैं। पापा उनके सिरहाने जाकर बैठकर उनका सिर सहलाने लगे। मम्मी उनके पैर दबाने लगीं। तब तक न जाने कहां से कई औरतें आ गईं, जिन्हें मम्मी-पापा, चाची, भाभी, बुआ संबोधित कह रहे थे। वह भौंचक्का-सा कभी अम्मा को, कभी मम्मी-पापा को और कभी आने वालों को देख रहा था। तभी उम्र में उससे काफी बड़ी दीदी जैसी दिखने वाली एक लड़की ने उसे अपने पास बुलाया। उसका नाम पूछा और लस्सी का गिलास उसे पकड़ा दिया। फिर दो लड्डू क्षितिज को देते हुए बोलीं, 'खाओ बबुआ।' क्षितिज ने मम्मी की ओर देखा। मम्मी बोलीं, 'खा लो ये तुम्हारी रमा बुआ हैं।'

क्षितिज गिलास और लड्डू लेकर बाहर आ गया। एक लड़का मुस्कुराता हुआ उसके पास आया और बोला, 'अच्छा किया क्षितिज, तुम आ गए। पिछली बार चाची से हमने कहा था, अबकी बार आएं तो तुम्हें भी साथ लेती आएं। जब तुम छोटे थे, तब एक बार तुम यहां आए थे।' क्षितिज को कुछ याद नहीं था, लेकिन आभास के साथ बात कर उसे अच्छा लगा।

क्षितिज ने धीमी आवाज में पूछा, 'क्यों आभास भइया! ये सभी लोग हमारे घर में ही रहते हैं?' आभास ने बताया, 'अरे नहीं, ये लोग पड़ोस के घरों में रहते हैं, तुम लोगों को आया हुआ देखकर आ गए।' क्षितिज को अपने शहर की कॉलोनी याद आई, जहां किसी के आने-जाने से किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता। न कोई किसी से इतने प्यार से बोलता है। वहां कोई कभी-कभार ही घर पर आता है। दादी के घर जैसा माहौल उसने कभी नहीं देखा। थोड़ी देर बाद बहुत सारे आदमी आंगन में आ गए। आभास ने ही बताया, 'ये पापा के दोस्त हैं।'

'पापा के इतने सारे दोस्त!' क्षितिज को आश्चर्य हुआ। जहां तक उसे पता है, वहां शहर में उसके घर में पापा का कोई दोस्त कभी नहीं आता।

आभास ने बताया, 'ये सभी लोग हर वर्ष तुम्हारे पापा के आने पर आते हैं। इनमें से कुछ लोग तुम्हारे पापा के साथ पढ़े हैं। सभी इंतजार करते हैं, तुम्हारे पापा के आने का। ये लोग अकसर तुम्हारी दादी अम्मा से मिलने आते हैं। अगर दादी को किसी चीज की जरूरत होती है तो पूरी करते हैं।'

आभास ने अगले दो दिनों में अपने सभी दोस्तों से क्षितिज का परिचय करवा दिया था। उनसे मिलकर क्षितिज को बिल्कुल भी नहीं लगा कि वह पहली बार उनसे मिला है। उनकी बातों से उसे लगा कि वे सभी उसे बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। नहीं जानता है तो वह ही इस वातावरण की सुंदरता और यहां रहने वाले लोगों की आपसी प्रेम-भावना को। क्षितिज रोज गांव में बच्चों के साथ खेलता। पेड़ों की छांव में बैठकर बातें करता। बच्चे पके मीठे आम तोड़कर खाते और गांव की ठंडी, शुद्ध हवा का आनंद लेते।

समय पंख लगाकर उड़ गया। अम्मा तो उन सबके आने के एक सप्ताह बाद ही ठीक हो गई थीं। पापा वापस चले गए थे। क्षितिज और मम्मी गांव में ही रुक गए थे। अब उन्हें भी जाना था। पापा लेने आने वाले थे। क्षितिज का मन यहां से जाने का नहीं हो रहा था। जाने वाले दिन की पूर्व संध्या पर वह आभास के साथ सभी दोस्तों से मिलने तालाब किनारे गया था, जहां सभी इकट्ठा थे। सब लड़के उसके लिए कोई न कोई उपहार लाए थे। सभी उससे वायदा लेना चाहते थे कि हर वर्ष वह गर्मी की छुट्टियां बिताने यहां आया करेगा।

क्षितिज ने अचानक भावुक होकर बोला, 'मित्रो! ये अनोखी छुट्टियां मुझे जीवन भर याद रहेंगी। आप सबने मुझ अनजान को जो प्यार, आदर दिया, वह मैं कभी भूल नहीं सकता। मैं वायदा करता हूं कि छुट्टियों में तो आऊंगा ही! हर बड़ा त्योहार भी यहां आप सबके बीच मनाने आऊंगा। अम्मा के बिना हम सब वहां उदास रहते हैं और हमारे बिना अम्मा यहां। अब त्योहार पर कोई उदास नहीं होगा। न अम्मा न हम।', 'और न हम सब...!' बच्चों का समवेत स्वर गूंजा। *

### अंतर बताओ

बच्चो, यहां झूला झूलती एक लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम फटाफट ये छह अंतर ढूंढकर बताओ।



उत्तर : 1.बाईं तरफ बादल के पीछे से सूर्य निकलता दिख रहा है। 2.बाईं तरफ लड़की के हाथ के नीचे झूले का स्टिंग अलग रंग का है। 3.लड़की हंस नहीं रही है, उसका मुंह बंद है। 4.लड़की के स्कर्ट का निचला बायां हिस्सा डिफरेंट कलर का है। 5.झूले की सीट में दाईं तरफ एक गोलाकार निशान बना हुआ है। 6.दाईं तरफ ऊपर झूले की स्टिंग का पैटर्न अलग तरह का है।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# दस रोचक कहानियां

बच्चो, कुछ समय पहले ही दस रोचक कहानियों की किताब 'बांसुरी बजाने वाला खरगोश' छपकर आई है। इसे लिखा है प्रख्यात लेखिका क्षमा शर्मा ने। इनमें से कुछ कहानियों में उड़ने वाली जादुई कार, उड़ने वाली किताब और उड़ने वाले मोबाइल के ऐसे कारनामे हैं कि इन्हें पढ़ते हुए तुम्हारा मन रोमांच से भर उठेगा। कुछ कहानियां ऐसी हैं, जिन्हें पढ़कर तुमको खूब हंसी आएगी। ऐसी ही एक कहानी है 'जंगल की रानी', जिसमें एक बकरी कुछ ऐसा कारनामा करती है कि जंगल का राजा शेर उसे जंगल की रानी बनाने की सोचने लगता है। इसी तरह ताकतवर शिब्बू पहलवान, कैसे बच्चों की मदद करता है, इसे तुम 'बच्चों का दोस्त' कहानी में पढ़ सकते हो। 'पेड़ पर झंडियां' एक बहादुर बच्चे नंदू की कहानी है, जो रेलगाड़ी का एक्सीडेंट होने से बचा लेता है



तो 'इंजन चले साथ-साथ' में तुम पढ़ोगे कि रजनी, सोमेश और उनके दोस्त किस तरह एक पुराने रेलवे इंजन को साफ-सुथरा कर ऐसे सजा देते हैं कि सब चकित रह जाते हैं। एक बच्चे और तितली की मस्ती करने की कहानी 'तितली की खुशी' पढ़कर भी तुमको खूब मजा आएगा। बांसुरी बजाने वाले मुटकू खरगोश की कहानी भी तुम्हें बहुत पसंद आएगी। *

***किताब:*** *बांसुरी बजाने वाला खरगोश,* ***लेखिका:*** *क्षमा शर्मा,* ***मूल्य:*** *125 रुपए,* ***प्रकाशक:*** *साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली*




# अंडर-19 टीम का ऐलान : म्हात्रे को इंग्लैंड दौरे की कमान, सूर्यवंशी का दिखेगा तूफान

## 24 जून से शुरू होगा दौरा, पांच वनडे मैच खेलेंगी टीमें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुंबई के आयुष म्हात्रे को गुरुवार को अगले महीने इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया जबकि 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में जगह मिली है। 24 जून से शुरू होने वाले इस दौरे में 50 ओवर का अभ्यास मैच, उसके बाद पांच मैच की युवा वनडे श्रृंखला और इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ दो 'मल्टी-डे' मैच शामिल होंगे।



### म्हात्रे के नाम 962 रन

17 वर्षीय म्हात्रे ने नौ प्रथम श्रेणी मैच और सात लिस्ट ए मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 962 रन बनाए हैं। सलामी बल्लेबाज ने इस सत्र के बीच में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की जगह ली थी जो कोहनी की चोट के कारण बाहर हो गए थे।मुंबई के विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू को म्हात्रे की जगह उप कप्तान बनाया गया है।

### आईपीएल में मचाया कोहराम





वैभव सूर्यवंशी का चयन राजस्थान रॉयल्स के साथ आईपीएल के शानदार सत्र के बाद हुआ है।बिहार के समस्तीपुर के इस युवा खिलाड़ी ने आईपीएल शतक बनाने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनकर पूरे देश का दिल जीत लिया था और पिछले महीने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंद में बनाया गया उनका शतक भी लीग का दूसरा सबसे तेज शतक था। उन्होंने बिहार के लिए पांच प्रथम श्रेणी मैच और छह लिस्ट ए मैच खेले हैं लेकिन उनमें से किसी भी मैच में शतक नहीं लगाया है। सूर्यवंशी ने पिछले साल चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ पहले युवा टेस्ट में शतक बनाया था।

### एनान ने टेस्ट में झटके 16 विकेट

एक और दिलचस्प चयन केरल के लेग स्पिनर मोहम्मद एनान का है जिन्होंने पिछले साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। एनान ने ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ दो युवा टेस्ट में 16 विकेट लिए और उस श्रृंखला में शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। पंजाब के ऑफ स्पिनर अनमोलजीत सिंह को भी टीम में जगह मिली है।

### भारतीय अंडर-19 टीम

आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (उप-कप्तान और विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आर एस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलान पटेल, हेनिल पटेल, युधाजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद एनान, आदित्य राणा, अनमोलजीत सिंह। स्टैंडबाय खिलाड़ी: नमन पुष्पक, डी दीपेश, वेदांत त्रिवेदी, विकल्प तिवारी, अलंकृत रापोल (विकेटकीपर)।

खास खबर

# श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में, प्रणय हारे




**कुआलालंपुर।** भारत के अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने गुरुवार को यहां मलेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर के मैच में आयरलैंड के एनहाट गुयेन को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन एच एस प्रणय सीधे गेम में हारकर बाहर हो गए। श्रीकांत ने दुनिया के 33वें नंबर के खिलाड़ी गुयेन के खिलाफ 59 मिनट तक चले मुकाबले में 23-21, 21-17 से जीत हासिल की। श्रीकांत अंतिम आठ मुकाबले में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से भिड़ेंगे। प्रणय को पुरुष एकल प्री क्वार्टरफाइनल में जापान के युशी टनाका से 9-21, 18-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दिन में अन्य प्री क्वार्टर फाइनल मैच में भारतीयों में आयुष शेट्टी और सतीश करुणाकरण भी हार गए। पोपोव ने दूसरे दौर के मैच में शेट्टी को 21-13, 21-17 से हराकर बाहर कर दिया। वहीं करुणाकरण को उन्हें टोमा के भाई और युगल जोड़ीदार क्रिस्टो पोपोव से 14-21, 16-21 से पराजय मिली।

### सही सलामी जोड़ी नहीं खोज पाई कैपिटल्स

**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स शानदार शुरुआत के बावजूद इंडियन प्रीमियर लीग नॉकआउट चरण में आगे नहीं बढ़ पाई और मुख्य कोच हेमंग बदानी का कहना है कि पूरे सत्र में सलामी जोड़ी नहीं ढूंढ पाना ही टीम की विफलता का एक कारण रहा। दिल्ली कैपिटल्स बुधवार को मुंबई से 59 रन से हारकर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई जो पिछले 7 मैच में उनकी 5वीं हार भी थी। दिल्ली ने 13 मैच में सात सलामी जोड़ी को आजमाया लेकिन कोई खास सफलता नहीं मिली और अब टीम शनिवार को अपने आखिरी मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।

### प्लेऑफ के लिए बेथेल की जगह लेंगे सिफर्ट

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुरुवार को इंग्लैंड के बल्लेबाज जैकब बेथेल की जगह न्यूजीलैंड के टिम सिफर्ट को शामिल किया है क्योंकि वह राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण आईपीएल प्लेऑफ के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि यह बदलाव 24 मई से प्रभावी होगा।न्यूजीलैंड के लिए 66 टी20 मैचों में 1540 रन बनाने वाले सिफर्ट ने इससे पहले आईपीएल में केवल तीन मैच खेले हैं और आखिरी बार 2022 में टूर्नामेंट में शामिल हुए थे।

### थाईलैंड ओपन में 19 मुक्केबाज देंगे चुनौती



**नई दिल्ली।** भारत की 19 सदस्यीय मुक्केबाजी टीम 24 मई से एक जून तक बैंकॉक में होने वाले चौथे थाईलैंड ओपन अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। एशियाई मुक्केबाजी के अंतर्गत आयोजित थाईलैंड ओपन में पूरे महाद्वीप की शीर्ष राष्ट्रीय टीमें भाग लेंगी जिसमें चीन, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, जापान, कोरिया और मेजबान देश थाईलैंड जैसी मजबूत टीमें शामिल हैं। टीम में 10 पुरुष और नौ महिलाएं शामिल हैं। अंतरिम समिति द्वारा संचालित भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने अपने चयन मानदंड के अनुसार इस साल की पुरुष और महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के रजत पदक विजेताओं को मौका प्रदान किया।

#### भारतीय टीम

**पुरुष :** नाओथोई सिंह कोंगखम (47-50 किग्रा), पवन बर्त्वाल (50-55 किग्रा), निखिल (55-60 किग्रा), अमित कुमार (60-65 किग्रा), हेमंत यादव (65-70 किग्रा), दीपक (70-75 किग्रा), ध्रुव सिंह (75-80 किग्रा), जुगनू (80-85 किग्रा), नमन तंवर (85-90 किग्रा), और अंशुल गिल (90 किग्रा+)।

**महिला :** यासिका राय (45-48 किग्रा), तमन्ना (48-51 किग्रा), आभा सिंह (51-54 किग्रा), प्रिया (54-57 किग्रा), संजू (57-60 किग्रा), सनेह (65-70 किग्रा), अंजलि (70-75 किग्रा), लालफाकमावी राल्टे (75-80 किग्रा), और किरण (80 किग्रा+)।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 12 | 9 | 3 | 18 |
| बेंगलुरु | 12 | 8 | 3 | 17 |
| पंजाब | 12 | 8 | 3 | 17 |
| मुंबई | 13 | 8 | 5 | 16 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 6 | 13 |
| कोलकाता | 13 | 5 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 12 | 5 | 7 | 10 |
| हैदराबाद | 12 | 4 | 7 | 9 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 13 | 3 | 10 | 6 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
617 रन
गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
21 विकेट
गुजरात



### दिल्ली के मुकेश पर लगा 10 प्रतिशत का जुर्माना

**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार पर यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली हार के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। मुकेश को अनुच्छेद 2.2 के अंतर्गत लेवल एक के उल्लघंन के लिए एक डिमेरिट अंक भी दिया गया जो 'मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, मैदानी उपकरण या 'फिक्स्चर और फिटिंग' के दुरुपयोग' से संबंधित है।

## आईपीएल : हैदराबाद के खिलाफ लीग चरण का मुकाबला आज

# बेंगलुरु जीतने पर बनाएगा रिकार्ड, नौ साल से शीर्ष दो का इंतजार, मैच आज

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

पहले ही प्लेऑफ में जगह बना चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का लक्ष्य शुक्रवार को आईपीएल मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत हासिल कर नौ साल में पहली बार लीग चरण में शीर्ष दो में जगह बनाने का होगा। आरसीबी 2016 सत्र में उप विजेता रही थी लेकिन इसके बाद से शीर्ष दो में नहीं पहुंची है। अभी टीम 12 मैच में 17 अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और अपने बचे हुए दो मैचों में जीत शीर्ष दो स्थान को सुरक्षित कर सकती है। शुक्रवार का मैच मूल रूप से बेंगलुरु की टीम का घरेलू मैच था लेकिन मानसून की शुरुआत के कारण इसे स्थानांतरित कर दिया गया।

भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के कारण लीग के हुए व्यवधान से पहले आरसीबी शानदार फॉर्म में थी और टीम ने लगातार चार जीत हासिल की थी। लेकिन लीग के फिर शुरू होने के बाद पहले मैच के बारिश से धुलने के कारण उसकी लय में बाधा आ गई। 20 दिन के ब्रेक के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम अपनी लय और प्रतिस्पर्धी बढ़त बरकरार रख पाती है या नहीं। आईपीएल खिताब जीतने की दौड़ में शामिल आरसीबी ने हाल के दिनों में अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया है।



### कोहली के नाम 7 अर्धशतक

हमेशा की तरह टीम के भरोसेमंद खिलाड़ी विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने 11 पारियों में सात अर्धशतक बनाए हैं। कप्तान रजत पाटीदार, टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड ने समय-समय पर पावरहिटिंग करके उनका अच्छा साथ दिया है। हालांकि ब्रेक से ठीक पहले पाटीदार की फॉर्म में गिरावट आई। वह अपने पहले पांच मैचों में 37.2 की औसत के बाद अगले पांच मैचों में 10.6 के औसत से सिर्फ 53 रन ही बना पाए।

### स्पिन जोड़ी प्रभावी

क्रुणाल पंड्या और सुयश शर्मा की स्पिन जोड़ी बहुत प्रभावी रही है जबकि जोश हेजलवुड और यश दयाल ने तेज गेंदबाजी विभाग में मुश्किल ओवरों को आसानी से पूरा किया है। हेजलवुड हालांकि अपने कंधे की चोट से उबरने की वजह से मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। आरसीबी के अधिकांश विदेशी खिलाड़ी इस मैच और उसके बाद के लिए उपलब्ध हैं।

### हैदराबाद का अंतिम मैच

पिछले साल फाइनल तक पहुंची सनराइजर्स हैदराबाद की टीम लखनऊ सुपर जायंट्स पर छह विकेट की जीत के बाद इस मुकाबले में उतरेगी। टीम इसी लय को जारी रखने और इस सत्र को जीत से समाप्त करने की कोशिश करेगी। एसआरएच के अभियान में विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड ने बीच बीच में अच्छी पारियां खेली लेकिन लगातार अच्छा नहीं कर सके जिसके कारण टीम तालिका में आठवें स्थान पर पहुंच गई है। कप्तान पैट कमिंस और भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद उनकी गेंदबाजी इकाई संघर्ष करती दिखी है।

हॉकी प्रो लीग

# यूरोपीय चरण के लिए भारतीय टीम की घोषणा, 7 को पहला मैच



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने गुरुवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम की घोषणा की जो सात जून से नीदरलैंड के एम्सटेलवीन और बेल्जियम के एंटवर्प में खेली जाएगी। भारतीय टीम अपने यूरोपीय चरण की शुरुआत सात और नौ जून को नीदरलैंड के खिलाफ दो दो मैचों के साथ करेगी। इसके बाद 11 और 12 जून को एम्सटेलवीन में अर्जेंटीना के खिलाफ 'डबल हेडर' खेला जाएगा। फिर टीम 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए एंटवर्प की यात्रा करेगी और 21 और 22 जून को मेजबान बेल्जियम के खिलाफ मैच के बाद अपना अभियान समाप्त करेगी। भारत ने इस साल के शुरू में भुवनेश्वर में प्रो लीग का घरेलू चरण खेला था जिसमें टीम ने आठ मैच में पांच जीत के साथ 15 अंक हासिल किए और अब अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है।

मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, 'हम इस बार टीम में थोड़ा और अनुभव चाहते थे और मैं टीम चयन से बहुत खुश हूं। टीम अच्छी तरह से ट्रेनिंग कर रही है और हम जितना संभव हो सके उतना प्रयास करने और प्रो लीग जीतने की कोशिश कर रहे हैं। विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन दांव पर है इसलिए हम खुद को इसके लिए अच्छी स्थिति में लाने के लिए अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने का प्रयास करना चाहते हैं।'

### ऐसी है भारतीय टीम

**गोलकीपर :** कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा।
**डिफेंडर :** सुमित, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, संजय और यशदीप सिवाच
**मिडफील्डर:** राज कुमार पाल, नीलकांत शर्मा, हार्दिक सिंह, राजिंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह
**फॉरवर्ड:** गुरजंत सिंह, अभिषेक, शिलानंद लाकड़ा, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग - जबलपुर**
**माधवराव सप्रे मार्ग, (मुख्य मार्ग क्रमांक -03) भोपाल (म.प्र.) 462003**

नि. आं.सू. क्र 02/एन.एच.एम / 2025-26/174 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — भोपाल दिनांक 19/05/2025

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग- जबलपुर की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाईन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से (www.mptenders.gov.in) (Department of Directorate of Health Services) दो लिफाफा पद्धति से प्रपत्र "अ" फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू, लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस.ओ. आर. 01.01.2024 (निविदा सूचना जारी होने तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :

**ई-निविदा सूचना क्रमांक-02 / 2025-26 दिनांक 19.05.2025**

| सं. क्र. | टेण्डर नं.2025 DHS | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | जमा धरोहर राशि रू. | टेण्डर दर राशि रू. | समय सीमा वषार्काल सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_DHS _423984 | सिविल अस्पताल परासिया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नंदनवाडी जिला छिन्दवाडा मे ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट की स्थापना कार्य । | 84.74 | 84740.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 2 | 2025_DHS _423985 | सिविल अस्तपाल पाटन एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मझौली जिला जबलपुर मे ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट की स्थापना कार्य। | 84.74 | 84740.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 3 | 2025_DHS _423986 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुरपा एवं करेली जिला नरसिंहपुर मे ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट की स्थापना कार्य । | 84.74 | 84740.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 4 | 2025_DHS _423987 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बम्हनी बंजर एवं मोहगांव जिला मण्डला मे ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट की स्थापना कार्य । | 84.74 | 84740.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 5 | 2025_DHS _423988 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बीजाडांडी एवं निवास जिला मण्डला मे ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट की स्थापना कार्य । | 84.74 | 84740.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 6 | 2025_DHS _423989 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाडी जिला कटनी मे ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट की स्थापना कार्य । | 42.37 | 50000.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 7 | 2025_DHS _423990 | जिला जबलपुर में स्थित RHFWTC मे सी.पी.एच.सी स्किल लैब के उन्नयन कार्य। | 20.35 | 40700.00 | 5000.00 | 06 माह |

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट (http://www.mptenders.gov.in) पर देखी जा सकती है। 2. निविदा प्रपत्र आनलाईन दिनांक 20.05.2025 प्रातः 10.30 से दिनांक 03.06.2025 सायं 17.30 तक क्रय किये जा सकते है । 3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन.एच.एम भोपाल के पक्ष में देय होगी। 4. एन.आई.टी में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाईट (http://www.mptenders.gov.in) पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रो मे नही किया जावेगा ।

G-13219/25 — "स्वच्छता ही सेवा" — कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग- जबलपुर

**कार्यालय नगरपालिका परिषद मण्डला (म.प्र.)**

क्रमांक/लो.नि.शा./2025/706 — मण्डला, दिनांक 22/5/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य / सामग्री का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_ 425582_1 दिनाक 22/05/2025 | सड़क मरम्मत मद अंतर्गत बुधवारी से राजराजेश्वरी किला, बड़ चौराहा से फूलबाडी प्राईमरी स्कूल तक, विवेक ठाकुर से खेल मैदान, लालीपुर से ईडन गॉर्डन जंक्शन तक, बहु चौराहा से उदय चौक, नेहरू स्कूल से आंगन तिराहा ज्वालाजी मंदिर,माँ पान कॉर्नर से काव्या डिजिटल सर्विस वॉया कछ्वाहा बाड़ी, वायपास नाका से बजरंग चौराहा तक बी.टी. रोड नवीनीकरण कार्य | 05 माह राशि रू 12682819.00 | राशि 12500.00 ईएमडी राशि 63414.00 | 25/06/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद मण्डला

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, जबलपुर (म.प्र.)**
**(क्षेत्रीय बस स्टैण्ड के पीछे, पानी की टंकी के पास, दमोह नाका जबलपुर 482002)**
**(दूरभाष -0761-3500180, ईमेल-eephedjab@nic.in)**

निविदा कमोंक 06/व.ले.लि./का.यं./ लो.स्वा. यां. खंड / 2025-26 जबलपुर, दिनॉक

इस कार्यालय की ऑन लाईन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। ऑन लाईन निविदा विकय करने की अंतिम तिथि 03.06.2025 सायं 05.30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 05.06.2025 11.00 बजे है । निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबासाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा । विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है ।

A- Name of Work : Drilling fo 350mm 150mm 60mtr deep Gravel Tube Well 150mm dia 60 mtr ordinary Tubewell Total 120 mtr Combination Ring for Piped Water Supply Scheme in Various Village Block Jabalpur, Panagar, Shahpura, Sihora, Majholi Distt. Jabalpur

| S. No. | E-Tender No | Name of Block | PAC in Rs Lakhs | e-EMD in Rs. | Cost of Tender in Rs. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PHED _425076-1 | Jabalpur, Panagar, Shahpura, Sihora, Majholi | 78.80 | 79000/- | 10000/- |

G-13249/25 — "स्वच्छता ही सेवा" — (शरद सिहं) कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड जबलपुर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, साउथ सिविल लाईन जबलपुर**

NIT No. 12/2025/Centralized Tender/G/CE(B)/Date 19/05/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वषार्काल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWPIU _ 424721_1 | स्टेट कैंसर इंस्टीटयूट ने.सु.चं. बो. मेडिकल कॉलेज जबलपुर में व्ही. आर. एफ. ए. सी. पुनः स्थापित करने का कार्य ।( प्रथम आमंत्रण) | जबलपुर | 3.04 | 6080.00 | 2000.00 | 2 |
| 2 | 2025_PWPIU _ 424727_1 | ग्राम रानी अवंती बाई - बिलहरी ब्लॉक जबलपुर जिला जबलपुर में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाईप आवास गृहों इत्यादि का निर्माण कार्य ।(प्रथम आमंत्रण) | जबलपुर | 249.88 | 249880.00 | 15000.00 | 10 |
| 3 | 2025_PWPIU _ 424730_1 | गोभा सिंह यादव शासकीय महाविद्यालय पाटन जिला जबलपुर में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य ।( प्रथम आमंत्रण) | जबलपुर | 442.09 | 442090.00 | 15000.00 | 12 |

1- निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mptender.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे ।
2- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3- निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 21.05.2025 समय 9.00 से दिनांक 04.06.2025 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

G-13222/25 — "स्वच्छता ही सेवा" — कार्यपालन यंत्री (भवन), लोक निर्माण विभाग जबलपुर

# मादा हाथी की रहस्यमयी मौत की फॉरेंसिक जांच

**वेटरनरी यूनिवर्सिटी जबलपुर से पहुंची विशेषज्ञों की टीम**

जबलपुर।

ढ़ीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम कोसमघाट में एक मादा हाथी की रहस्यमयी मौत ने वन विभाग और प्रशासन की नींद उड़ा दी है। हाल ही में शहडोल में हाथियों की चहलकदमी और जनहानि की घटनाओं के बाद वन विभाग पूरे इलाके में अलर्ट मोड में है। ऐसे में जबलपुर में मादा हाथी की मौत ने मामले को और भी संवेदनशील बना दिया है। गौरतलब है की हाल के दिनों में प्रदेश के कई इलाकों में जंगली हाथियों के दलों के भटकने की घटनाएं सामने आई हैं। शहडोल की घटना के बाद वन विभाग चौकन्ना हो गया है और प्रभावित क्षेत्रों में लगातार गश्त और निगरानी की जा रही है।

इसी कड़ी में कोसमघाट में एक 58 वर्षीय मादा हाथी का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मौत के कारण स्पष्ट नहीं होने के चलते वन विभाग ने जबलपुर स्थित नानाजी देशमुख वेटरनरी यूनिवर्सिटी से विशेषज्ञों की टीम को मौके पर बुलाया।



### फॉरेंसिक जांच शुरू

पांच सदस्यीय चिकित्सकीय दल ने गत मंगलवार को पोस्टमार्टम किया गया था. जहां से फॉरेंसिक जांच के लिए हाथी के आंतरिक अंगों के सैंपल एकत्रित किए थे। ये सैंपल अब सागर फॉरेंसिक लैब भेजे गए हैं। जब तक रिपोर्ट नहीं आती, मौत के कारणों को लेकर कुछ भी स्पष्ट नहीं है। प्रशासन इस मामले को गंभीरता से ले रहा है. फिलहाल मौत की असली वजहों का पता फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। वन विभाग और प्रशासन किसी भी संभावना से इनकार नहीं कर रहा — चाहे वह प्राकृतिक मौत हो, लापरवाही या फिर कोई साजिश।

### टीकमगढ़ की महिला मालिक, नोटिस जारी

इस हाथी की मालिक एक महिला बताई जा रही है जो टीकमगढ़ की निवासी है। वन विभाग ने इस महिला को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया है। यह जांच का अहम पहलू हो सकता है कि हाथी को कोसमघाट तक कैसे और किस हालत में लाया गया था।

### प्रशासन की मौजूदगी में अंतिम संस्कार

वन विकास निगम कुंडम परियोजना के संभागीय प्रबंधक राहुल मिश्रा ने बताया कि हाथी की उम्र करीब 58 वर्ष थी। पोस्टमार्टम के बाद, जबलपुर डिप्टी कलेक्टर प्रगति तन्वी और क्षेत्रीय प्रमुख महाप्रबंधक बृजेंद्र झा की मौजूदगी में गुरुवार को हाथी का अंतिम संस्कार किया गया।

# जालसाज ने महिला के खाते से 1 लाख 65 हजार निकाले

**जबलपुर।** गोहलपुर थानांतर्गत अमखेरा में एक महिला को ऑनलाईन पैसा ट्रांसफर करने की कस्टमर केयर में शिकायत करने पर किसी ने उसके खाते से एक लाख 65 हजार रुपये धोखाधड़ी कर निकाल लिए। अज्ञात जालसाज के खिलाफ धारा 318 (4) बीएनएस का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। गोहलपुर पुलिस ने बताया कि राजुल ड्रीम सिटी अमखेरा रोड गोहलपुर निवासी श्रीमती निशा गुलाटी के पति ने अपने दोस्त को 10 हजार रुपये फोन पे के माध्यम से आनलाइन ट्रांसफर किए थे। जब उन्होंने दो दिन तक दोस्त के खाते में पैसे नहीं आने पर बैंक में संपर्क किया तो उन्हें कस्टमर केयर में शिकायत दर्ज कराने कहा गया। निशा के पति ने गूगल से कस्टमर केयर का नंबर सर्च कर फोन लगाया तो उन्हें कहा गया कि इस खाते के दो नामिनी है।




# ओरिया में नई कृषि मंडी स्थापना प्रक्रिया को चुनौती

## राज्य शासन व मंडी बोर्ड को नोटिस जारी

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन एवं जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की युगलपीठ ने ओरिया मंडी को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए व्यवस्था दी है कि 16 जून को इस मामलें की प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की जाएगी। इस बीच नई ओरिया कृषि उपज मंडी की स्थापना पर मंडी प्रशासन द्वारा की जाने वाली कोई भी प्रक्रिया न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन होगी। इसी के साथ हाईकोर्ट ने जबलपुर कृषि उपज मंडी संघ की ओर से दायर की गई याचिका में अधिवक्ता विवेक रंजन पांडे ने दलील दी कि नई ओरिया मंडी की स्थापना एवं दुकानों के आबंटन की प्रक्रिया अवैधानिक व असंवैधानिक है। शासन के स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी दो मंडियों के बीच की दूरी 15 होना चाहिए, जबकि जबलपुर मुख्य मंडी से ओरिया मंडी की दूरी मात्र 6 किलोमीटर है। श्री पांडे ने यह भी दलील दी कि मुख्य कृषि उपज मंडी रकवा 55 एकड़ है, जबकि 140 एकड़ में नवीन मंडी प्रस्तावित है। लेकिन मात्र 14 एकड़ भूमि अधिग्रहित है। नवीन मंडी



अवैधानिक तरीके से स्थापित की जा रही है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि मंडी में दुकानों का आबंटन नियम 2009 के तहत किया जाता है। आबंटन नियम 2009 के नियम 3 में स्पष्ट प्रावधान है कि दुकानों का आबंटन लायसेंस पर होगा न कि लीज के आधार पर होगा। ऐसी स्थिति में दुकानों का आबंटन दुकानों की मार्केट वैल्यू जमाकर उसके प्रीमियर पर नीलामी की जाती है। याचिका कर्ता के अधिवक्ता विवेक रंजन पांडे ने आगे दलील दी कि ऐसी स्थिति में आबंटन नियमों में विरोधाभास है। यह संविधान के अनुच्छेद 14, 19, 21 एवं 301 के तहत असंवैधानिक है। मंडी में दुकानों की नीलामी के प्रक्रिया को रियल स्टेट के रुप में व्यापारिक भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि इस मामलें में हाईकोर्ट ने पूर्व की नीलामी को स्थगित कर प्रबंध संचालक को आपत्तियों का निराकरण करने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद प्रबंध संचालक ने नीलामी प्रक्रिया में भ्रष्टाचार व अनियमितता पाते हुए जबलपुर मंडी सचिव के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश जारी किए थे। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से कहा गया कि वही मंडी सचिव जिसके खिलाफ दुकानों के आबंटन में किए गए भ्रष्टाचार के विरुद्ध विभागीय जांच प्रस्तुत है वहीं मंडी सचिव वर्तमान में दुकानों की नीलामी कर रहे है। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद राज्य शासन व मंडी बोर्ड को नोटिस जारी किया है साथ ही स्पष्ट किया है कि अगली सुनवाई में यह मामला 16 जून को टॉप ऑफ द लिस्ट में सूचीबद्ध में अंतरिम राहत पर सुनवाई की जाएगी। इस बीच मंडी प्रशासन द्वारा कोई भी कार्रवाई इस याचिका के अधीन रहेगी।

# भोपाल आरटीओ के निलंबन आदेश पर रोक

**भोपाल स्कूल बस हादसे से जुड़ा प्रकरण**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने भोपाल स्कूल बस हादसे को लेकर भोपाल के आरटीओ जितेंद्र कुमार शर्मा के निलंबन आदेश पर आगामी सुनाई तक के लिए अंतरिम रोक लगा दी है। याचिकाकर्ता जितेंद्र कुमार शर्मा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता केसी घिल्डियाल व आदित्य सिंह ठाकुर ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि जिस बस से दुर्घटना हुई, उसके पास याचिकाकर्ता के पूर्ववर्ती यानी आरटीओ संजय तिवारी द्वारा जारी 11.12.2021 से 12.12.2026 तक का वैध परमिट था और विचाराधीन वाहन की फिटनेस सात नवंबर, 2023 से 28 नवंबर, 2024 तक थी। इन परिस्थितियों में याचिकाकर्ता को कैसे जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। यदि वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ है, तो यह मालिक की जिम्मेदारी है कि वह सब कुछ जांचे और आरटीओ से इसका सत्यापन कराए। हाई कोर्ट के पूर्व आदेश के अनुपालन में राज्य के वकील ने कोर्ट के समक्ष कुछ दस्तावेज प्रस्तुत किए है। जिनसे साफ हुआ मामले में दुर्घटनग्रस्त बस को परमिट और फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने से मौजूदा आरटीओ का कोई सरोकार नहीं था। लिहाजा, बिना फिटनेस प्रमाण पत्र और बिना परमिट के चलती पाई गई बस के प्रकरण में उस पर ठीकरा फोड़ना उचित नहीं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240